e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 91
मंगलवार
04.04.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
पिता की मौजूदगी सूरज जैसी होती हैसूरज गर्म जरूर होता है अगर न हो तो अंधेरा छा जाता है।







## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## क्विक न्यूज

### कोरोना से डरे नहीं, सतर्क रहें: डॉ. मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्यमंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को देशवासियों का कोरोना से डरने का नहीं, सतर्कता बरतने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि भयभीत होने की कतई जरूरत नहीं है। देश में ओमिक्रॉन के सब-वैरिएंट से अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं हुई है। स्वास्थ्यमंत्री डॉ. मांडविया की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब देश में कोरोना के नए मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही हैं। रोजाना तीन हजार से अधिक मरीज सामने आ रहे हैं। सोमवार को कोरोना संक्रमण दर 6 प्रतिशत को पार कर गई। इसका कारण कोरोना के ओमिक्रॉन वेरिएंट के सब-वेरिएंट एक्सबीबी.1.16 को सबसे अहम माना जा रहा है।

### पूजा सिंघल की डिस्चार्ज पिटीशन ईडी कोर्ट ने की खारिज

**रांची।** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल को ईडी कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने सोमवार को पूजा सिंघल के डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी। इस मामले में याचिकाकर्ता पूजा सिंघल और ईडी की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने 25 मार्च को फैसला सुरक्षित रख लिया था। डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल ने ईडी की ओर से दी गई दलीलों का विरोध करते हुए खुद भी अपना पक्ष रखा था। पूजा सिंघल समेत उनके पति के सीए सुमन कुमार एवं खूंटी के तत्कालीन सहायक अभियंता शशि प्रकाश के खिलाफ पूर्व में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। इनके खिलाफ अब पांच अप्रैल को आरोप तय होने हैं। राम विनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ कोर्ट पूर्व में आरोप तय कर चुकी है। अभी पूजा सिंघल सुप्रीम कोर्ट से दो माह की अंतरिम जमानत पर है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने पूजा सिंघल मनरेगा घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छह मई, 2022 को झारखंड में 20 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी, इसमें 19.31 करोड़ रुपये की बरामदगी हुई थी।

### साहेबगंज में तनाव, बंद रहा इंटरनेट सेवा

**साहिबगंज :** साहिबगंज नगर थाना क्षेत्र के पटेल चौक के पास स्थित बजरंगबली की प्रतिमा को सोमवार को कुछ असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके विरोध में स्थानीय लोगों ने एनएच-80 को तीन घंटे तक जाम कर दिया। शहर में जमकर पथराव किया। एक धार्मिक स्थल को भी आग के हवाले कर दिया। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है। उपायुक्त के निर्देश पर दिन में करीब सवा एक बजे से लेकर मंगलवार सुबह नौ बजे तक इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी है। तनाव को देखते हुए डीसी ने एहतियातन यह कदम उठाया है। उन्होंने जियो और एयरटेल के अलावा बीएसएनएल के प्रबंधकों से बात की और उनसे आग्रह किया कि मंगलवार सुबह 9 बजे तक इंटरनेट सेवा बंद कर दें, ताकि किसी भी अफवाह को फैलने से रोका जा सके।

**जमशेदपुर में दि टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के विस्तार परियोजना के ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह में शामिल हुए सीएम**

# टाटा समूह का योगदान राज्य और देश के लिए सराहनीय : हेमंत

### अधिक से अधिक उद्योग लगे, सरकार का यही प्रयास

### राज्य में उद्योग लगेंगे तो रोजगार सृजन होगा

**टीसीआईएल के साथ-साथ उद्योग जगत के लिए महत्वपूर्ण कदम**



वकील उद्दीन @ प्रभात मंत्र

**जमशेदपुर :** दि टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के विस्तारीकरण हेतु आज आधारशिला रखी गई है। मुझे उम्मीद है कि यह कार्य ससमय पूरा होगा, जिससे यहां के लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा। सरकार की सोच हमेशा से रही है। राज्य में उद्योग लगेंगे तो रोजगार सृजन होगा। इसके लिए नीतियां बने ताकि अधिक से अधिक उद्योग लगे। सरकार बनने के बाद उद्योग नीति बनी। इस क्रम में कई औद्योगिक घरानों का सहयोग प्राप्त हुआ। टाटा समूह के लोग भी उद्योग नीति की लॉन्चिंग के दौरान उपस्थित थे। इसका बेहतर परिणाम देखने को मिला है। उद्योग नीति का ही प्रतिफल है कि आज टीसीआइएल के विस्तारीकरण हेतु भूमि पूजन किया गया। इससे पूर्व भी बोकारो में सीमेंट फैक्ट्री का विस्तारीकरण हुआ था और वहां से उत्पादन भी शुरू हो चुका है। उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कही। श्री सोरेन टीसीआईएल के विस्तारीकरण परियोजना के भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस देश और राज्य के विकास में टाटा समूह की बड़ी भूमिका रही है। सरकार का प्रयास है औद्योगिक घरानों से सम्बंध और मजबूत हो। इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। टाटा कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जल्द यह राज्य की जनता को समर्पित होगा। पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा देने के लिए कई कदम सरकार मजबूती के साथ बढ़ाई है। झारखण्ड का पर्यटन कैसे आगे बढ़े इसके लिए भी कई कार्य किए जा रहे हैं।

#### इनकी रही कार्यक्रम में उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री श्री बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन, विधायक सबिता महतो, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक संजीव सरदार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उपायुक्त जमशेदपुर विजया जाधव, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर -सह- मुख्य कार्य पदाधिकारी टीवी नरेंद्रन,चीफ कॉरपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी, एमडी टीसीआईएल आर एन मूर्ति एवं अन्य उपस्थित थे। इस मौके पर टिनप्लेट के एमडी आरएन मूर्ति ने सारे अतिथियों का स्वागत किया. धन्यवाद ज्ञापन टिनप्लेट के सीनियर जीएम एसजे डे ने किया।

#### कंपनी की क्षमता 4,15,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष है : आरएन मूर्ति

इस मौके पर एमडी टीसीआईएल आर एन मूर्ति ने बताया कि दि टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड की क्षमता 4,15,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष है। टीसीआइएल के विस्तारीकरण का यह पहला चरण, जिसमें लगभग 2000 करोड़ रुपए का निवेश होगा। यह 3,00,000 टन प्रति वर्ष की अतिरिक्त क्षमता सुनिश्चित करेगा, जिससे वर्ष 2026 तक करीब 7,15,000 टन प्रति वर्ष तक करने की योजना है।

### टाटा समूह का झारखंड से 100 साल से ज्यादा का जुड़ाव है : टीवी नरेंद्रन

सीईओ सह एमडी टाटा स्टील टीवी नरेंद्रन ने अपने संबोधन में कहा कि टाटा समूह का झारखंड से 100 साल से ज्यादा से जुड़ाव है। टाटा स्टील यहां अपने सहयोगी कंपनियों के माध्यम से निवेश कर रही है। पहले फेज में 2000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश हो रहा है। दूसरे फेज में और निवेश होगा। उन्होंने बताया कि टाटा समूह जमशेदपुर में जल्द ही होटल ताज खोलने जा रही है , जबकि पहले से ही हम लोग जमशेदपुर में होटल जिंजर संचालित कर रहे है। रांची में टाटा समूह की ओर से कैंसर अस्पताल तैयार किया गया है, जिसका जल्द ही उद्घाटन किया जायेगा। ताकि कैंसर के मरीज का इलाज यहां संभव हो सकेगा. उन्होंने कहा कि टाटा समूह हमेशा सरकार के साथ काम करता आया है और आगे भी करेगा।

### सड़क दुर्घटना में तीन छात्रों की मौत, दो घायल




**बड़कागांव।** बड़कागांव-टंडवा मुख्य सड़क में महटिकरा गांव के पास सोमवार को दो मोटरसाइ एचवीकिल की जोरदार भिड़ंत में मौके पर तीन छात्रों की मौत हो गई।साथ दो छात्र घायल हो गए. जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय मो समीर और 22 वर्षीय मो साहिल बड़कागांव आदर्श मध्य विद्यालय से परीक्षा दे कर अपने घर नगड़ी जा रहे थे।वहीं महटिकरा की ओर से 20 वर्षीय दिलीप कुमार पिता दिलेश्वर महतो, 18 वर्षीय अनिल कुमार पिता सुखदेव महतो उर्फ सुकुल महतो एवं 22 वर्षा नीतीश कुमार पिता सत्येंद्र महतो बड़कागांव की ओर जा रहे थे। विपरित दिशा से दोनो मोटरसाइकिल के टककर होने से मौके पर ही दो छात्रों की मौत हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों मोटरसाइकिल में सभी छात्र पहले 5 फीट मोटरसाइकिल से उपर गया तब जमीन पर आकर गिरा। गिरते ही तीन की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। दोनों मोटरसाइकिल में भयंकर आग लगने से मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए।घायलों को इलाज के लिए बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। दोनों घायल युवक विक्की कुमार और अनिल कुमार चमगढ़ा गांव के निवासी है।

## प्रतिस्पर्धा संशोधन विधेयक 2023 को संसद की मंजूरी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रतिस्पर्धा (संशोधन) विधेयक-2023को उच्च सदन राज्यसभा ने सोमवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसी के साथ इस विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गई। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। इस बीच लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार को भी विपक्ष की अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच संयुक्त संसदीय दल (जेपीसी) से कराने मांग के चलते बाधित रही। दोनों सदन पहले दोपहर दो बजे और बाद में बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिए गए। लोकसभा में चेयर की ओर से एक बार फिर विपक्ष से संसद की कार्यवाही चलने देने का अनुरोध किया गया। पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र अग्रवाल ने विपक्ष से आग्रह किया कि निरंतर बाधा डालना उचित नहीं है। सत्र समाप्ति की ओर है। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने इस बात का उल्लेख किया कि 1952 में आज ही के दिन उच्च सदन का गठन हुआ था। यह देश के लोकतांत्रिक और संघीय ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राष्ट्र अपेक्षा करता है कि सदन उच्च मानकों का प्रदर्शन करे। यह मंच चर्चा और संवाद के लिए है। उन्होंने सदस्यों से अपील की कि चर्चा से आपसी मसलों को सुलझाया जाए। वे चर्चा में भाग लें और विकास में भागीदार बने। इसके बावजूद विपक्ष का हंगामा जारी रहा। इसी बीच प्रतिस्पर्धा (संशोधन) विधेयक पहले चर्चा के लिए सदन के समक्ष रखा गया और बाद में ध्वनिमत से बिना किसी चर्चा के पारित कर दिया गया। इसके बाद कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। प्रतिस्पर्धा (संशोधन) विधेयक- 2023 भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) को विलय और अधिग्रहण के मामले में अधिकार देता है। नए अधिकार के तहत संस्थाओं को 2,000 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के सौदे के मामले में सीसीआई की मंजूरी लेनी होगी। साथ ही भारत में कारोबार का संचालन होना चाहिए।

## चतरा-पलामू सीमा पर मुठभेड़ में 25 लाख का इनामी नक्सली सहित पांच नक्सली ढेर

**पुलिस ने दो एके-47 राइफल, एक इंसास राइफल और दो देशी राइफल किया जब्त**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** पलामू-चतरा के लावालौंग थानांतर्गत नौडीहा के जंगल में सोमवार की सुबह 203 कोबरा बटालियन एवं नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 5 नक्सली मारे गए। जिसमें 25 लाख के दो इनामी नक्सली गौतम पासवान और अजीत उर्फ चार्लीस उरांव शामिल है। यह दोनों ही स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य (सैक) थे। इसके अलावा 5 लाख के तीन इनामी नक्सली नंदू, अमर एवं सजीत उर्फ सुजीत गुड़िया शामिल है। यह तीनों सब जोनल कमांडर थे। इसके साथ ही मौके पर से दो एके-47 राइफल, एक इंसास राइफल और दो देशी राइफल जब्त किया गया। वही बताया गया कि रविवार की शाम नौडीहा जंगल में 203 कोबरा बटालियन के द्वारा एक अभियान चलाया गया था, जिसमें 203 एवं नक्सलियों के बीच सोमवार की सुबह करीब 9 बजे सैकड़ों राउंड फायरिंग हुई। जिसमें 5 नक्सली ढेर हो गए। वही अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 203 कोबरा के अधिकारियों को इस बात की सूचना मिली थी कि नक्सलियों की एक टोली जंगल में जुटने वाली है, रविवार की शाम जब जानकारी हो गई तो 203 कोबरा की स्पेशल टीम बनाई गई जिसमें कुल 60 कोबरा कमांडो शामिल हुए। टीम ने पहाड़ी जंगल में नक्सलियों के चारों तरफ से फायरिंग शुरू कर दी, जवाबी फायरिंग में 5 नक्सली मारे गए। घटना के बाद जंगली रास्ते का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। अधिकारी सूत्रों के अनुसार नक्सलियों के साथ सीधे मुठभेड़ 203 कोबरा से हुई। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ की पूरी प्लानिंग की कमान एसपी चतरा, 203 कोबरा कमांडेंट, द्वितीय कमान अधिकारी एवं उप कमांडेंट अधिकारियों ने संभाल रखी थी। सूचना इतनी सटीक थी कि नक्सलियों के पास मौका नहीं था। सूत्र बताते हैं कि 203 कोबरा बटालियन ने रविवार शाम 17 बजे ऑपरेशन शुरू किया और अगले दिन सोमवार को सुबह करीब 9 बजे 203 कोबरा बटालियन ने नक्सलियों का खात्मा कर दिया। मुठभेड़ के बाद अभी तक सर्च अभियान जारी है। वही 203 कोबरा के कमांडेंट ने बताया कि झारखंड में एक भी नक्सलियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### पलामू में मुठभेड़, नक्सल सामग्री और गोली बरामद

**मेदिनीनगर :** छतरपुर थाना क्षेत्र के हुलास में प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई. मुठभेड़ के बाद सर्च अभियान में पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में नक्सल सामग्री और गोली बरामद किया है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और इलाके में बड़ा सर्च अभियान शुरू किया गया है. पुलिस ने मौके से गोली के साथ-साथ नक्सल पर्चा भी बरामद किया है. मुठभेड़ का नेतृत्व पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा कर रहे हैं. समाचार लिखे जाने तक पुलिस पूरे इलाके को घेरकर सर्च अभियान चला रही थी.

## लोकतंत्र के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है भ्रष्टाचार : पीएम

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भ्रष्टाचार को न्याय और लोकतंत्र के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बताया और कहा कि मुख्य रूप से सीबीआई की जिम्मेदारी देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करना है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि आज देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से भ्रष्टाचारियों के खिलाफ बिना किसी हिचकिचाहट के कार्रवाई करने को कहा, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय जांच ब्यूरो के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन किया। केंद्रीय जांच ब्यूरो की स्थापना 1 अप्रैल 1963 को गृह मंत्रालय, भारत सरकार के एक संकल्प द्वारा की गई थी। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार कोई सामान्य अपराध नहीं है। यह गरीबों के अधिकार छीनता है। यह कई अन्य अपराधों को जन्म देता है। भ्रष्टाचार न्याय और लोकतंत्र के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार लोकतंत्र को बाधित करता है और सबसे पहले शिकार युवाओं के सपने होते हैं। भ्रष्टाचार भाई-भतीजावाद और एक वंशवादी व्यवस्था को बढ़ावा देता है जो देश की ताकत को कम करता है, गंभीर रूप से विकास को बाधित करता है। उन्होंने भ्रष्टाचारियों की ताकत और उनके द्वारा जांच एजेंसियों को कलंकित करने के लिए बनाए गए तंत्र से विचलित नहीं होने को कहा। उन्होंने कहा कि क्ये लोग आपका ध्यान भटकाते रहेंगे, लेकिन आपको अपने काम पर ध्यान देना होगा। किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाना चाहिए। हमारे प्रयासों में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। यही देशवासियों की कामना है। देश, कानून और संविधान आपके साथ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से भारत को आजादी के समय भ्रष्टाचार की विरासत मिली और इस तथ्य पर खेद व्यक्त किया कि इसे हटाने के बजाय कुछ लोग इस बीमारी को पोषित करते रहे। इस स्थिति ने व्यवस्था को बर्बाद कर दिया और नीतिगत पक्षाघात के माहौल ने विकास को ठप कर दिया। 2014 के सरकार की प्राथमिकता व्यवस्था में विश्वास जगाना रही है और इसके लिए सरकार ने मिशन मोड में काले धन और बेनामी संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई की है।प्रधानमंत्री ने जांच में देरी से पैदा हुई समस्याओं जैसे दोषियों को सजा में देरी और निर्दोषों को प्रताड़ित करने पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रक्रिया को तेज करने, सर्वोत्तम अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं को अपनाने और भ्रष्ट लोगों को जल्दी से जवाबदेह ठहराने का रास्ता साफ करने के लिए अधिकारियों की क्षमता निर्माण पर जोर दिया।

## रांची एयरपोर्ट को देशभर में मिला दूसरा स्थान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची एयरपोर्ट (बिरसा मुंडा एयरपोर्ट) को एक बार फिर से साफ-सफाई और पैसेंजर सर्विस के लिए दिल्ली में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने यह पुरस्कार रांची एयरपोर्ट के निर्देशक केएल अग्रवाल को दिया है।बता दें,कि अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच घरेलू उड़ान वाले एयरपोर्ट पर हुए ग्राहक संतुष्टि सर्वे में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को देशभर में दूसरा रैंक मिला है। इससे पहले भी रांची एयरपोर्ट को मिल चुके है कई अवार्ड देशभर में पहले स्थान पर राजस्थान का उदयपुर एयरपोर्ट है,जबकि दूसरे नंबर पर रांची का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट है।



**देशभर के 52 एयरपोर्ट में हुआ यह सर्वे :** रांची एयरपोर्ट को मिले राष्ट्रीय पुरस्कार को लेकर एयरपोर्ट निर्देशक केएल अग्रवाल के मुताबिक एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने एक निजी एजेंसी के माध्यम से देशभर के 52 एयरपोर्ट में यह सर्वे कराया है। उन्होंने बताया कि इसमें एयरपोर्ट पर उपलब्ध जन सुविधा और उनकी कार्यप्रणाली का अवलोकन करने के बाद ग्रेडिंग दी जाती है, इसमें 50 से अधिक मानक तय किए गए थे।

# बालू की किल्लत व सरकार के उदासीन रवैया के खिलाफ इंटक का जनाक्रोश महा ट्रैक्टर रैली छः अप्रैल को

## सरकार बालू घाटों की बंदोबस्ती करे या आम लोगों के लिए बालू फ्री करे : बीनू सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद(पलामू):** इंटक के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने हुसैनाबाद में कहा कि बालू को लेकर लगातार दो वर्षो से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में भवन निर्माण व विकास कार्य प्रभावित है। लगातार ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद सरकार मूक दर्शक बनी है। अब जनता, मजदूर, गाड़ी मालिक, दुकानदार सभी के सब्र का बांध टूट चुका है। सरकार के मुखिया बालू का अवैध कारोबार अपने अधिकारियों के मध्यम कराकर सरकारी खजाने में सेंध लगा रहे हैं, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा , उन्होंने कहा कि झारखंड के बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं करने के पीछे बड़ा खेल चल रहा है, बालू घाटों की बंदोबस्ती होने जाने से सरकार को राजस्व भी मिलता और आम लोगों को बालू आसानी से सस्ती दर पर उपलब्ध होता। सरकार के मुखिया बालू की कालाबाजारी करा कर अपनी जेब भरने में लगे हैं। वहीं राज्य में भवन निर्माण, सड़क, पीएम आवास एवम अन्य बालू से संबंधित योजनाएं समेत सभी विकास के कार्य ठप्प हैं। उन्होंने कहा कि याचना नहीं अब रन होगा, संघर्ष बड़ा भीषण होगा। पुलिस की मिली भगत कर बालू का अवैध कारोबार हुसैनाबाद समेत पूरे राज्य में फल फूल रहा है, और यह पैसा ऊपर तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकांश क्षेत्रों में निजी निर्माण कार्य के साथ साथ सरकारी योजनाएं भी आधर में लटकी है। निजी आवास निर्माण कर्ताओं ने पत्थर के डस्ट का उपयोग कर निर्माण कराने को भी मजबूर हैं। निजी घरों का निर्माण कर रहे लोग परेशान है। बालू के अभाव में उनका भवन निर्माण का काम बंद है। संवेदकों ने बताया कि उन्हे आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र भवन, सड़क निर्माण करना है। बालू के अभाव में वह कार्य नहीं करा पा रहे है। उन्होंने कहा कि बालू के अभाव में विकास कार्य ठप्प हो जाने से राज मिस्त्री, मजदूर और अन्य कारीगरों का पलायन दूसरे राज्यों में होने लगा है। सीमेंट, ईंट,छड़ का व्यवसाय करने वाले लोगों की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। सरकार रोजगार देने में विफल है।जिनके पास रोजगार की व्यवस्था थी,उनका रोजगार भी बालू के अभाव में ठप्प है। बालू की समस्या से निदान हेतु इंटक के बैनर तले वह बालू की समस्या को लेकर आगामी 6 अप्रैल को अनुमंडल मैदान से विशाल ट्रैक्टर रैली निकाल कर बड़ेपुर उच्च विद्यालय मैदान में सभा करेंगे।

# नप अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने पूर्व सीएम का किया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं के साथ रघुवर दास जी पूर्व मुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी व विधायक भानु प्रताप शाही का स्वागत जोरदार तरीके से बंशीधर मंदिर प्रांगण में किया गया नगर पंचायत अध्यक्ष ने चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि विकास पुरुष के नाम से जाने जाते हमारे नेता आदरणीय रघुवर दास जी ने अपने कार्यकाल में गढ़वा जिला के लिए अनेकों विकास उन मुखी कार्य को गतिमान किया है भगोड़ी सुपर पावर ग्रिड, सड़क शिक्षा इत्यादि सभी महत्वपूर्ण कार्यो को अपने कार्यकाल में गतिमान किया है श्री बंशीधर नगर आगमन पर हम तहे दिल से उनका हार्दिक स्वागत और अभिनंदन करते हैं।

# निगम क्षेत्र में पेयजल समस्या का घोर अभाव, विकास के नाम पर मची है लूट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** नगर निगम क्षेत्र में हो रही समस्याओं को लेकर समाज सेवी धनन्जय त्रिपाठी ने सोमवार को कचहरी परिसर में प्रेसवार्ता किया। मौके पर उन्होंने कहा कि पाँच सालों में नगर निगम के द्वारा सिर्फ ज़नता के साथ छलावा किया गया है। सिर्फ और सिर्फ कार्यो के नाम पर पैसे की उगाही और दुरुपयोग किया गया है । नगर निगम क्षेत्र में पानी की घोर किल्लत है पर नगर निगम के द्वारा पानी की ब्यवस्था नही की जा रही है । अंबेडकर पार्क बना कर शहर की जनता को मूर्ख बनाया गया है ।पार्क के नाम पर करोड़ो की राशि का दुरुपयोग किया गया है । वही नगर निगम के द्वारा बोरिंग करवाने वाले और बोरिंग करने वाले वाहन संचालक को भी अब महंगी रकम का चालान कटवाने फरमान जारी किया गया है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि नगर निगम की ओर से एक सूचना निकाली गई है जिसमें स्वयं के खर्च से नलकूप गडवाने ने पर ?10000 का शुल्क नगर निगम को देना होगा। इसके लिए आदेश में झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 209 एक का जिक्र किया गया है ।श्री



त्रिपाठी ने कहा कि इस अधिनियम में सिर्फ परमिशन लेने का प्रावधान है शुल्क लेने का कोई प्रधान नहीं है । उन्होंने कहा कि एक और आम जनता पानी के बिना करा रहा है और किसी प्रकार अपना पानी पीने की व्यवस्था कर रहा है उसमें भी निगम 10,000 शुल्क की राशि मांग रहा है। उन्होंने निगम प्रशासन से इस आदेश को वापस लेने की मांग किया है। प्रेस वार्ता में भोला पांडे, बलराम पांडे, शैलेश चंद्रवंशी ,दिलीप तिवारी, प्रेम पासवान, धीरज चंद्रवंशी, धनंजय पाठक ,विकास पाठक सहित कई लोग उपस्थित थे।

# प्रखंड पिपरा के सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमड़ी हजारों की भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के खेल मैदान के प्रांगण में दिन रविवार को रामनवमी पूजा के उपलक्ष पर हिंदुत्व एकता मंच कमेटी के तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। कार्यक्रम शुभारंभ अरुण मिश्रा एवं बिंदेश्वर पाठक के पूजा पाठ एवं कमेटी के सदस्यों के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस कार्यक्रम में भोजपुरी के स्टार गायक प्रमोद प्रेमी के गानों पर संगीत प्रेमी दर्शकों ने खूब मनोरंजन किया। दर्शकों की संख्या इतनी अधिक हो गई थी कि आयोजन कमेटी को नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुछ समय परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। लगभग दस हजार संगीत प्रेमी इस कार्यक्रम का लुफ्त उठा रहे थे। पिपरा प्रखंड में इस प्रकार का भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया था जो शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। कोई भी अप्रिय घटना नहीं घटी। वही कार्यक्रम के अध्यक्ष पिपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव ने कहा कि इस प्रकार के बड़े आयोजन में थोड़ी बहुत परेशानियां दर्शकों को होती हैं मैं हर समय



प्रखंड के लोगों के साथ हूं आपके साथ एवं आशीर्वाद प्यार से ही यह आयोजन सफल हो पाया यह हम सभी का कार्यक्रम था जिसे हम सभी ने मिलकर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न किया। कार्यक्रम का शांतिपूर्ण आयोजन हो हमारे किसी भी भाई के साथ कोई अप्रिय घटना ना घटे उसी सोच के साथ कमेटी के सदस्य थोड़े सख्त थे। जाने अनजाने में मेरी किसी बातों का हमारे प्रखंड क्षेत्र के लोगों को बुरा लगा हो तो अपना भाई अपना बेटा समझ कर मुझे क्षमा कर देंगे। सफलतापूर्वक आयोजन को संपन्न कराने के लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

# प्रखंड पिपरा के शिक्षकों ने दी रमेश सिंह को भावुक विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मधुबाना के वरीय शिक्षक श्री रमेश कुमार सिंह जी का विदाई सम्मान समारोह का आयोजन मधुबाना पंचायत के मुखिया राजेश राज़वंशी के अध्यक्षता किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ हरिहरगंज सह पिपरा के सचिव संतोष कुमार राय के द्वारा की गई। शिक्षकों के द्वारा रमेश जी के कार्यकाल पर प्रकाश डाला गया सभी शिक्षकों ने उनसे जुड़ी अपनी व्यक्तिगत यादगार पल को सभी के साथ साझा किया। सभी लोगों ने उन्हें फूलमाला एवं शाल देकर सम्मानित किया ।शिक्षकों ने कहा कि रमेश सिंह का सेवामुक्त होना शिक्षक संगठन के लिए अपूरणीय क्षति है. रमेश सिंह कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति रहे हैं। उन्होंने अपना कार्य इमानदारी पूर्वक किया है, उनका पूरा सेवाकाल बेदाग रहा है. वही सभी शिक्षकों ने श्री सिंह से कहा कि हमें अपने से जुदा कभी नहीं समझेंगे ।आप बस सेवामुक्त हुए हैं ।अपना आशीर्वाद एवं स्नेह हम सभी शिक्षकों पर बनाए रखेंगे.वही रमेश सिंह ने सभी शिक्षकों से कहा कि कर्तव्य पथ पर चलते रहें परिणाम की चिन्ता करना हमारा काम है नहीं है. शिक्षकों ने भावुक होकर उदास मन से उन्हें विदाई दिया।

# पूर्व सीएम रघुवर दास ने श्री बंशीधर मंदिर में की पूजा अर्चना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** झारखंड के पूर्व सीएम सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने सोमवार को यहां श्री बंशीधर मंदिर में दर्शन पूजन कर बंशीधर जी से राज्य में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिर के आचार्य सत्यनारायण मिश्र के वैदिक मंत्रोचार के बीच उन्होंने बंशीधर जी की आरती उतारी तथा विधिवत पूजा अर्चना की। दर्शन पूजन के दौरान श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से पूर्व सीएम को चुनरी ओढ़ाकर एवं श्री बंशीधर जी की तस्वीर भेंटकर स्वागत किया गया। पूजा अर्चना के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुये पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा कि बंशीधर मंदिर मां राधा एवं भगवान कृष्ण की बहुत ही प्राचीन मंदिर है। मैं जब भी गढ़वा आता हूं तो भगवान बंशीधर जी का दर्शन करने जरूर आता हूं। उन्होंने कहा कि दर्शन पूजन करने से भगवान ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मैं राज्य की जनता खासकर गरीब किसान के घर परिवार में सुख शांति एवं समृद्धि आये इसके लिये मैं बंशीधर जी से प्रार्थना करता हूं। साथ ही राज्य में जो विनाशकारी शक्ति है उसका भगवान कंस की तरह विनाश करें। इसके पूर्व पूर्व सीएम श्री दास के बंशीधर मंदिर पहुंचने पर भाजपा महिला मोर्चा की नेताओं ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया एवं उन पर पुष्प वर्षा की।

# सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक हरिद्वार मेहता को दी गई विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** नावा बाजार राजकीय मध्य विद्यालय कंडा के प्रांगण मे प्रधानाध्यापक हरिद्वार मेहता के सेवानिवृत्त होने के उपरांत विद्यालय प्रांगण में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मोके पर नावा बाजार प्रखंड के शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व विद्यालय के सभी शिक्षको द्वारा प्रधानाध्यापक को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि शिक्षक रिटायर नहीं होते बल्कि सेवा मुक्त होते हैं सरकारी प्रणाली मैं 60 वर्ष के बाद सभी लोग सेवानिवृत्त हो जाते हैं प्रधानाध्यापक हरिद्वार मेहता की शिक्षक कार्य प्रणाली व पद्धति सराहनीय रहा है अपने कार्यकाल में गुरु व शिष्य इस संबंध में एक अनोखा स्थापित किया है जिसके बदौलत आज पूरे प्रखंड क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में हरिद्वार मेहता के उत्तरदाई रहे हैं इनसे हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है जो अपने समय को बेहतर ढंग से बच्चों के बीच प्रस्तुत किया है।उक्त मौके पर मुमताज खलीफा,सुनील कुमार पाठक , रूकेश कुमार प्रवीण कुमार सिंह चन्दन सिंह मनोज कुमार सिंह स्वेता शर्मा दीनानाथ विश्वकर्मा विजयकांत पांडे सहित विद्यालय के छात्र छात्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# नियोजन नीति के विरोध में एक दिवसीय पैदल मार्च का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सोमवार को नियोजन नीति विरोधी मोर्चा पलामू द्वारा झारखंड सरकार द्वारा पारित 60/40 नियोजन नीति के विरोध में एक दिवसीय पैदल मार्च का आयोजन किया गया।यह पैदल मार्च बी सी सी माइनर रेडमा से पुराना ओवर ब्रिज छः मुहान, मुंसिफ महतो रोड होते हुए उपायुक्त कार्यालय तक संपन्न हुआ।मौके पर नेतृत्वकर्ता आनंद कुमार ने कहा कि यह वर्तमान झारखण्ड सरकार युवा के विरोधी के रूप में कार्य कर रही है। प्रारंभिक दौर से ही युवाओं को दिग्भ्रमित करते हुए अनेक नियम लागू करती रही है । इसी कड़ी में वर्तमान में सरकार द्वारा लागू 60/40 की नियोजन नीति कहीं से भी छात्र हित में नहीं है । हमारी मांग है कि सरकार इस गंदी नियोजन नीति



को तुरंत रद्द करते हुए अन्य राज्य की तर्ज पर झारखंड में भी 90/10 की नियोजान पॉलिसी लागू करे।अन्य नेतृत्वकर्ता राहुल कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य अलग हुए 20 वर्ष हो चुके परंतु वहां के झारखंडी कौन है इसको सरकार अभी तक परिभाषित नहीं किया है और हमेशा झारखंड के निवासी दर-दर ठोकरें खाते चल रही है यह सब सरकार की गलत नीतियों के कारण युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। झारखंड सरकार अभी नियुक्ति प्रक्रिया में जो 60/40 नीति लाई है वह बिल्कुल ही झारखंड के युवाओं के हित में नहीं है सभी राज्यों का एक अपना स्थानीय नीति है परंतु हमारे राज्य का कोई स्थानीय नीति नहीं झारखंड के छात्र बेरोजगारी का आलम जलते रह रहे हैं आगे भी करते रहेंगे ऐसी गंदी नीति से झारखंड के युवा चारों तरफ छोकरी खाते रहेंगे।

# महावीर जयंती पर जैन धर्म के लोगों ने निकाली भव्य शोभा यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदनीनगर :** शहर में महावीर जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित सुरेश कुमार जैन ने बताया कि पूरे विश्व में अहिंसा का संदेश देने वाले जैन धर्म के 24 वे तीर्थकर भगवान महावीर की जयंती पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि महावीर जयंती के अवसर पर सोमवार कि सुबह जैन मंदिर से कलशाभिषेक के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। शांति धारा के माध्यम से पूरे विश्व में शांति के लिए मंगल कामना की गई। तदोपरांत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सामूहिक पूजन किया। इसके पश्चात धर्म प्रभावना हेतु भगवान महावीर की शोभायात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर थाना रोड,अस्पताल चौक,कनीराम चौक,मेन रोड,जिला



स्कूल चौक,पोस्ट ऑफिस मोड, छह मुहाना चौक होते हुए पुनः जैन मंदिर में संपन्न हुई। शोभायात्रा के सफल संचालन की जिम्मेवारी जिनेंद्र भक्त को दी गई थी। अहिंसा परमो धर्म जियो और जीने दो। त्रिशला नंदन वीर की जय बोलो महावीर की गायन करे।अत्याचार अहिंसा में विश्व धर्म की जयकारे के साथ पूरी शोभायात्रा गुंजयमान रहा। इस शोभायात्रा में विद्यासागर ज्ञानोदय पाठशाला के बच्चे पीली टी शर्ट में विशेष आकर्षण का केंद्र थे। इस दौरान जैन मंदिर में संध्या में आरती का आयोजन किया गया। महिला मंडल सोसाइटी द्वारा शिशु महावीर को पालना झूलाने का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर अध्यक्ष सरस जैन, सुरेश कुमार जैन,महावीर जैन,महेंद्र जैन, रितेश जैन,कैलाश जैन ,सुनील जैन,रानी जैन सहित अन्य जैन धर्म के लोग उपस्थित थे।

# इंटर की परीक्षा देने जा रही छात्रा बाइक से गिरकर घायल

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंटर का परीक्षा देने जा रही छात्रा बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी रजिया परवीन सोमवार की दोपहर इंटर का परीक्षा देने मेदिनीनगर जा रही थी। तभी रास्ते में शाहपुर चौक के पास वह बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। वही दुर्घटना होने के बाद रजिया परवीन परीक्षा से वंचित रह गई।



# वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने किया कुलपति का घेराव

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने विपिन यादव और मोहित साहू के नेतृत्व में दर्जनों विद्यार्थियों के साथ नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ राम लखन सिंह का घेराव किया और समस्याओं से अवगत कराया साथ ही साथ समस्याओं के जल्द से जल्द निवारण करने की मांग भी की। समस्याओं में मुख्यत~ स्नातक सत्र (18 -21) के जेनरल के परीक्षा परिणाम में हुए त्रुटि को सुधारने, बैकलॉग के परीक्षा परिणाम को जल्द जारी करने और स्नातक ओल्ड कोर्स पार्ट 3 के परीक्षा परिणाम संबंधी समस्याएं थी। जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह ने कहा कि स्नातक सत्र (19-22) के जनरल के विद्यार्थियों को बड़ी संख्या में फेल कर दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों में काफी रोष है। श्रवण सिंह ने आगे कहा की इतनी बड़ी तादाद में छात्र- छात्राओं का अनुतीर्ण होना विश्वविद्यालय प्रशासन पर प्रश्न खड़े करता है। विद्यार्थियों का कहना है कि परीक्षा की कॉपी जांचने में त्रुटि हुई है।

# गेहूंमन सांप के काटने से 60 वर्षीय वृद्ध की स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के सारी थाना क्षेत्र के ग्राम सतबहिनी निवासी अमेरिका रजवार उम्र 60 वर्ष गेहूंमन सांप के काटने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अमेरिका रोजगार सोमवार की सुबह अपने खेत पर काम करने गया था। तभी काम करने के दौरान अचानक उसे गेहूंमन सांप ने काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।



# भारत में रहने वाले सभी हिन्दू है : रघुवर दास

## भाजपा ने किया जनचौपाल कार्यक्रम का आयोजन

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल मुख्यालय में उत्तर प्रदेश से लगे सीमा स्थित बिलासपुर गांव में भाजपा द्वारा जनचौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने हेमंत सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह सरकार कटरपंथी सोच वालो का संरक्षण करती है। पांकी की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि पुलिस द्वारा एक तरफा कार्यवाई किया गया। जिसमे 3 महिलाओ का हाथ तोड़ दिया, 14 साल के बच्चों को जेल में डालने का काम हेमंत सरकार द्वारा किया गया है। यह सरकार निर्मम है। हिन्दू के पर्व पर ही कई तरह का बंदिश क्यों? ऐसा क्यों होता है की हम जुलूस नही निकाल सकते, गेट नही बना सकते। यह सिर्फ एक वर्ग के वोट के लिए राजनीति है। हमारे धर्म को कमजोर करने का काम किया जा रहा है। लेकिन हमारा धर्म काफी मजबूत है। उन्होंने कहा कि 400 साल मुगलों ने हम पर शासन किया है। इस दौरान हिंदुओ पर खूब अत्याचार किये गए। उनका धर्मांतरण करवाया गया। महिलाओं के साथ बलात्कार किया। लेकिन वह फिर भी हमें खत्म नही कर सके। हमे अपनी संस्कृति को बचाना होगा। उन्होंने कहा कि भारत मे जितने भी मुस्लिम है सभी पहले हिन्दू थे। उन्होंने सभी को घर वापसी का आह्वाहन किया।मौके पर विधायक भानू प्रताप शाही, पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी, पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार, पुअनि राहुल कुमार, भाजपा नेता जवाहर पासवान, भगत दयानंद यादव, लक्ष्मण राम, संतोष दूबे, अरविंद कुमार तिवारी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी, रमना की प्रमुख करूणा सोनी, विकास स्वदेशी, आनंद कमलापुरी, लवली आनंद, संजय कांस्यकार, अशोक सेठ सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय में कर्मियों और जन प्रतिनिधियों के साथ किया बैठक

**खरौंधी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उपायुक्त शेखर जमुवार ने खरौंधी प्रखंड कार्यालय में सभी कर्मियों और जनप्रतिनिधियों के साथ किया बैठक किया। उपायुक्त शेखर जमुवार ने प्रखण्ड कार्यालय पहुँचते सबसे पहले कार्यालय में लगे बॉयमेट्रिक की जाँच किया और सीआई ऑपरेटर का जाँच किया जहां पर लगभग 500 आय सर्टिफिकेट बहुत दिनों से पेंडिंग में पड़ा हुआ था।जिसको लेकर ऑपरेटर को तुरंत सस्पेंड कर दिया। साथ ही कई योजनाओ के लेकर कर्मियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि हर पंचायत भवन में प्रत्येक दिन प्रज्ञा केंद्र के लोग रहेंगे। जिसमें ग्रामीणों को सरकार की हर योजनाओं के बारे में बताना होगा जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सकें।उन्होंने सभी कर्मियों को अपना अपना काम सही से करने को कहा।उन्होंने जनप्रतिनिधियो के समस्याओ को सुना। उन्होंने प्रखंड की जल की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के द्वारा उपायुक्त एवं एसडीओ को सूचना के बाद भी कोई करवाई नही करने पर नाराजगी जताया।

**बीस सूत्री अध्यक्ष ने दिया उपायुक्त को मांग पत्र**

20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने उपायुक्त शेखर जमुआर को खरौंधी प्रखंड के विभिन्न नदी घाटों जैसे पंडा नदी, डोमनी नदी पर पर्याप्त मात्रा में बालू होने के कारण लाभुक को हो रही है परेशानी को लेकर बालू उठाव का मांग किया। राजेश कुमार रजक ने कहा की लाभुक को आवास, शौचालय, शेड मिल रहा है, लेकिन बालू नहीं मिलने के कारण आवास का कार्य पूर्ण नही हो पा रहा है।उन्होंने कहा कि लाभुको को चार हजार रुपये ट्रेक्टर खरीदना पड रहा है।उन्होंने कहा कि बड़े अफसोस कि बात है कि हमारे ही क्षेत्र का बालू हमे ही महंगे दामो पर खरीदना पड़ रहा है।उन्होंने प्रखंड के सैकड़ों केवाला जिनका नाम से रसीद भी कट चुका परंतु ऑनलाइन रेकड़ में अभी तक परिवर्तन नहीं किया गया है। बैठक में एसडीओ आलोक कुमार, बीडियो गणेश महतो, डी आर ए दिनेश सूटिन,मोनिका कुमारी, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान,दिलीप पांडेय, उप प्रमुख देवदत् प्रसाद आर्य, खरौंधी मुखिया मंजू देवी, सिसरी मुखिया श्वेता देवी, मझिगावाँ मुखिया बिंदा देवी, शिवकुमार यादव, लवकुश प्रजापति, सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड के नौ जिलों में 12 से लगेगा मिजल्स रुबेला का टीका

**रांची :** राज्य के नौ जिलों में 12 अप्रैल से मिजल्स रुबेला का टीका लगेगा। इसमें साहेबगंज, दुमका, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद और कोडरमा जिले शामिल हैं। नोडल पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि मिजल्स रुबेला कार्यक्रम की शुरुआत 12 अप्रैल से सभी प्रभावित नौ जिलों में अभियान के रूप में होगी। इसके तहत नौ महीने से 15 वर्ष तक के सभी 45 लाख 62 हजार 492 बच्चों का टीकाकरण करने का लक्ष्य है। सभी जिलों को मिजल्स रुबेला अभियान को सफल बनाने के लिए राज्य स्तर से कम्युनिकेशन प्लान (कार्य योजना) भेजी गई हैं।

### नियोजन नीति के विरुद्ध 8 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास का होगा घेराव

**रांची।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन का नियोजन नीति आंदोलन घोषणा को लेकर ऑक्सीजन पार्क में पत्रकारों को संबोधित किया।मौके पर क्रांतिकारी देवेन्द्र नाथ महतो, योगेश कुमार भारती, मनोज यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधन करते हुए कहा कि 60/40 हकमार नियोजन नीति के विरुद्ध झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन पिछला तीन महीना के अंतराल लगातार कई आन्दोलन को एतिहासिक सफल बना चुकी है ,लेकिन अभी तक सरकार द्वारा हमारी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेने के कारण झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन सर्वसम्मति से आगामी 3 अप्रैल को सरायकेला खरसवां में आक्रोश मार्च तथा 8 अप्रैल 2023 दिन शनिवार को मुख्यमंत्री आवास महाघेराव करने का निर्णय लिया है।

# घोटाला करने के आरोपी संजय तिवारी ने किया आत्मसमर्पण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड सरकार के मिड डे मील के खाते से 101 करोड़ रुपयों का घोटाला करने के मुख्य आरोपित संजय तिवारी ने ईडी की विशेष अदालत में सोमवार को आत्मसमर्पण कर दिया। वह 25 मार्च से फरार चल रहा था। इस बीच उसके फर्जी कोविड रिपोर्ट का मामला सामने आया, जिसमें रिम्स के माइक्रोबायलाजी विभाग के एक कर्मी और संजय तिवारी के स्टाफ की गिरफ्तारी की गई।



रिम्स के स्वास्थ्य कर्मियों की सांठगांठ पर मोटी रकम की लालच में फर्जी कोविड रिपोर्ट मिनटों में बना दी जा रही है। इस तरह की फर्जी रिपोर्ट पकड़े जाने पर रिम्स प्रबंधन ने बरियातू थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसके बाद रिम्स के माइक्रोबायलाजी विभाग के एक कर्मी प्रियरंजन से पूछताछ की जा रही है।

यह मामला शनिवार को सामने आया था जब 101 करोड़ के मिड डे मील घोटाले के मुख्य आरोपी संजय तिवारी ने रिम्स से फर्जी तरीके से कोविड रिपोर्ट 25 मार्च को बनवाया था। संजय तिवारी की इस रिपोर्ट पर ईडी ने रिम्स प्रबंधन से इसकी सत्यता के बारे में पूछा था, जिसके बाद रिम्स निदेशक की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर जांच की गई, जिसमें यह कोविड की रिपोर्ट फर्जी पायी गई। प्रबंधन ने पूरी अंतरिम रिपोर्ट बरियातू थाने को सौंप दी है। रिम्स अधीक्षक डा हीरेंद्र बिरुआ के अनुसार माइक्रोबायलाजी विभाग के डाक्टर हैं या कर्मी शामिल है, यह अब पुलिस के हाथ है। वो पूरे मामले की छानबीन कर रही है। दूसरी ओर रिम्स माइक्रोबायलाजी विभाग के एचओडी से भी अन्य रिपोर्ट की जांच रिपोर्ट मांगी गई है। पुलिस ने छानबीन कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक रिम्स का कर्मी प्रियरंजन रवि है और दूसरा संजय तिवारी का स्टाफ अमरदीप राय शामिल है। पुलिस ने बताया कि अभी दोनों से पूछताछ चल रही है और इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आशंका जतायी जा रही है कि इस पूरे काम में रिम्स के किसी बड़े अधिकारी का भी हाथ हो सकता है, हालांकि, इस पूछताछ के बाद कोई नया तथ्य सामने आ सकता है।

# सरकार तीन माह में सिविल कोर्ट में एपीपी नियुक्ति की प्रक्रिया करें पूरी : हाई कोर्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को राज्य के सभी सिविल कोर्ट में एपीपी नीति की प्रक्रिया तीन माह में पूरी करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश रंजन धारी सिंह की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को जिला बार एसोसिएशन से जुड़े रेगुलर प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं में से एपीपी की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का आदेश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामशुभग सिंह ने कोर्ट में पैरवी की। प्रार्थी की ओर से हाई कोर्ट में उन्होंने कहा है कि जिस तरह झारखंड हाई कोर्ट में एपीपी की नियुक्ति प्रक्रिया होती है, उसी आधार पर राज्य के सभी सिविल कोर्ट में एपीपी की नियुक्ति होनी चाहिए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया नोटिफिकेशन के आधार पर एपीपी नियुक्ति की प्रक्रिया सिविल कोर्ट में शुरू कर दी गई है।




### हाई कोर्ट ने रिम्स पर लगाया 10 हजार का जुर्माना

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को रिम्स की बदहाली और आउटसोर्सिंग के जरिए कर्मियों की नियुक्ति के मामले में सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रिम्स पर दस हजार का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने रिम्स की ओर से जवाब दाखिल करने में बार-बार की जा रही देरी पर नाराजगी जाहिर करते हुए यह जुर्माना लगाया। रिम्स की बदहाली को लेकर दायर कई जनहित याचिकाओं पर हाई कोर्ट एक साथ सुनवाई कर रहा है।

# डॉ मुजफ्फर हुसैन के पिता का इंतकाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रसिद्ध पत्रकार, शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ मुजफ्फर हुसैन के पिता रफीक मियां का सोमवार असर अजान के बाद इंतकाल हो गया। वह 75 वर्ष के थे। गत शुक्रवार शाम को अचानक उन्हें उल्टी आई थी और इसके बाद उन्हें रिम्स के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था, जहां हाई ब्लड प्रेशर से सिर के नस फटने की शिकायत कहकर चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया था। रविवार सुबह 11 बजे तक वे रिम्स मेडिसिन विभाग में इलाजरत रहे।

इसके बाद चिकित्सकों ने घर ले जाने की सलाह दी। इस बीच वह जिंदगी की जंग लड़ते रहे। अंततः सोमवार को वह जिंदगी की जंग हार गए। अपने पीछे वह पांच पुत्रियों एवं एक पुत्र समेत नाती-पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मंगलवार दोपहर 3 बजे डोरंडा कब्रिस्तान में उन्हें इस्लामी रीति रिवाज के अनुसार सुपुर्द ए खाक किया जायेगा। उनके इंतकाल से मोहम्मद शाहिद अय्यूबी, मोहम्मद जबीउल्लाह,द रांची प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य परवेज कुरैशी, झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी सहित प्रेस जगत के फैसल शहजाद, सैयद अशफाक, अदिल रशीद, फिरोज जिलानी, शहरोज कमर, आकाश सिंह दोस्त एवं रिश्तेदारों ने दुख जताया है।

# रिम्स में 173 चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देगी सरकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पांच अप्रैल को रिम्स सभागार में 173 चिकित्सा पदाधिकारियों और 297 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगी। इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी उपस्थित रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने नियुक्ति की तैयारी पूरी कर ली है। चिकित्सा पदाधिकारियों की स्थायी और सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों की नियुक्ति अनुबंध पर होगी। चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति झारखंड लोक सेवा आयोग की अनुशंसा पर साक्षात्कार के माध्यम से हुई है। बताया जा रहा है कि चिकित्सा पदाधिकारियों के नियमित एवं बैकलॉग के कुल 233 पदों पर नियुक्ति होनी थी, लेकिन आयोग को इन पदों के विरुद्ध 181 योग्य अभ्यर्थी ही मिल पाए थे। इनमें से भी आठ अभ्यर्थी प्रमाणपत्रों की जांच के लिए नहीं पहुंचे। इस तरह, 61 पद रिक्त रह गए। अब देखना है कि कितने अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र लेते हैं तथा अपने पदस्थापन स्थल पर योगदान देते हैं।




# लूट और झूठ और तुष्टिकरण की सरकार को जनता देखना नहीं चाहती: बाबूलाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार की तीन ही पहचान है। लूट ,झूठ और तुष्टिकरण। लगभग साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में इस सरकार ने इसके अलावा कुछ भी नही किया। मरांडी ने कहा राज्य में लूट की प्रकाष्ठा हो चुकी है। खनिज संसाधनों की तस्करी हो रही।

बड़े बड़े अधिकारी भ्रष्टाचार में जेल जा रहे या ईडी ,सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों के घेरे में हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में रोज झूठ की खेती हो रही। मुख्यमंत्री युवाओं को सदन से सड़क तक झूठ बोलकर बरगला रहे। घोषणा पत्रों में शामिल एक भी वादे को ठगबंधन सरकार ने पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि अब युवाओं का धैर्य टूट चुका है।युवा शक्ति सड़कों पर उतर चुकी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार वोट बैंक के खातिर तुष्टिकरण को बढ़ावा दे रही। बहुसंख्यक समाज की भावनाओं को चोट पहुंचाई जा रही।इसलिए हेमंत सरकार की उल्टी गिनती भी शुरू हो गई है। उन्होंने कहा जनता इस सरकार को अब देखना नही चाहती।

इसलिए भाजपा जनभावनाओं के अनुरूप सरकार से निजात दिलाने केलिए संकल्पित है।क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में जनता स्वावलंबी भारत,सशक्त भारत ,मजबूत भारत ,विकसित भारत का सपना पूरा करना चाहती है।

# कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी 12 दिनों के दौरे पर आज आयेंगे रांची

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता खत्म होने के बाद प्रदेश कांग्रेस आक्रामक हो गई है। केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ रणनीति को लेकर मंगलवार से प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय 12 दिन के दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। इस क्रम में कई कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तय की गई है।



सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम तय किया गया है। पार्टी अप्रैल में जय भारत सत्याग्रह आंदोलन चलाएगी। राज्य के सभी जिलों और प्रखंडों में पार्टी आंदोलन करेगी। सबसे बड़ी बात यह है कि सभी जिलों में होने वाले आंदोलन में प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय भी शामिल होंगे। कांग्रेस का मानना है कि देश में ऐसा एक मुद्दा हमारे सामने है, जो कभी नहीं हुआ। पार्टी नेता राहुल गांधी के साथ पिछले दिनों जितनी घटनाएं हुई हैं, तथ्य के साथ सभी जिलों में मीडिया के सामने रखा जाएगा। लोगों को बताएगी कि कोर्ट के फैसले के बाद लोकसभा से किस तरह से सदस्यता समाप्त की गई। उसके पीछे एक गहरी चाल है।

# पहाड़ी मंदिर की दान पेटी से मिला 9.17 लाख रुपया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची का ऐतिहासिक मंदिर जिसे पहाड़ी मंदिर के नाम से जाना जाता है। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी दीपक दुबे के निर्देश पर पहाड़ी मंदिर की दान पेटी खोली गयी। इसमें करीब दस रुपये के विदेशी मुद्रा के साथ सोने-चांदी के 12 नाग मिले हैं। इनके अलावा सफेद धातु की एक अंगूठी, एक बिछिया, 9 बजरंग बली का चकोर टुकड़ा, एक बेलपत्र, एक नेत्र और एक नथुनी भी मिले हैं. इसके अलावा दान पेटियों से नोटों की गिनती के दौरान 9,17,600 रुपए नगद भी मिले हैं, इसमें 1,30,100 के सिक्के शामिल हैं। एसडीओ के निर्देश पर कार्यपालक दंडाधिकारी साधना जयपुरियार और पहाड़ी मंदिर विकास समिति के कोषाध्यक्ष उत्तम कुमार के नेतृत्व में दान पेटी में रखे गए पैसे की गिनती की गई। गिनती के बाद सिक्के एवं नोटों को कार्यालय में रखे बक्सा में सील कर रख दी गई है। गिनती के दौरान जो पैसे मिले हैं उसमें 500 के 400 नोट, 200 रुपये के 200 नोट, 100 के 1900 नोट, 50 रुपये के 2900 नोट, 20 रुपये के 6000 नोट तथा 10 रुपये के 8000 नोट मिले हैं। इसके अलावा 500 और 200 रुपये के साढ़े 12 हजार रुपये के मिक्स नोट भी मिले हैं। गिनती के दौरान समिति के सदस्य सुनील माथुर और मदन लाल पारिक , कोषाध्यक्ष सह पंडरा बाजार समिति के सचिव उत्तम कुमार आदि उपस्थित थे।



# सांगठनिक संरचना मजबूत करते हुए सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे तेज: दीपक प्रकाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को बूथ सशक्तीकरण अभियान सहित राष्ट्रपति के अभिभाषण, मन की बात कार्यक्रम, स्थापना दिवस समारोह, सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह जैसे आगामी कार्यक्रमों पर बैठक में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। साथ ही 11 अप्रैल के सचिवालय घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जिसके कार्यकर्ता संगठन विस्तार के साथ साथ आंदोलनात्मक कार्यक्रम को कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लगातार बूथ से लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता बूथ सशक्तीकरण अभियान को सफल बनाने की दिशा में जी जान से जुटे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर हम सब राज्य सरकार के खिलाफ सड़क से सदन तक जोरदार आंदोलन भी कर रहे हैं।

### सीएम आज करेंगे राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार 4 अप्रैल को सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक होनी है। इस बैठक में सड़क दुर्घटना रोकने व लोगों को जागरूक करने पर चर्चा होगी। बैठक में विशेष तौर पर गोल्डन ऑवर पर रणनीति तय की जाएगी। चूंकि दुर्घटना के बाद का पहला घंटा नाजुक होता है। इस बैठक से पहले परिवहन विभाग के अधिकारियों ने एक पत्र जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि पिछली राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक 18 फरवरी 2021 को हुई थी।

# भाकपा का भाजपा भगाओ, देश बचाओ अभियान 14 अप्रैल से : महेंद्र पाठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यकारिणी की बैठक अधिवक्ता ए के रसीदी की अध्यक्षता में हुई जिसमें सर्वसम्मति से राज्य में चल रहे सदस्यता, नवीकरण की समीक्षा की गई, बड़े पैमाने पर पूरे राज्य में पार्टी सदस्यों को जोड़ना, किसानों, महिलाओं ,छात्र नौजवानों, को गांव गांव में जन संगठन को मजबूत बनाना, प्रखंडों से लेकर राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। 29-30 अप्रैल को रांची में राज्य स्तरीय अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य सम्मेलन किया जाएगा, जिसमें अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव अतुल कुमार अंजान भाग लेंगे, राज्य भर से 500 चुने हुए किसान प्रतिनिधि सम्मेलन में भाग लेंगे वही 6 ,7 मई 2023 को रामगढ़ में राज्य स्तरीय अखिल भारतीय महिला समाज के राज्य सम्मेलन आयोजित की जाएगी । इसमें राज्य भर से 500 महिला चुने हुए प्रतिनिधि भाग लेंगे। अल्पसंख्यक अधिकार समिति की ओर से राज्य स्तरीय हुए अल्पसंख्यक सम्मेलन की संपुष्टि व्यक्त की गई ,और प्रमंडलीय और जिला स्तरीय अल्पसंख्यक सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि देश में तानाशाह मोदी सरकार को हटाने के लिए 14 अप्रैल 2023 को बाबा भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर भाजपा हटाओदेश बचाओ ,संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ के नारे के साथ पूरे राज्य में राष्ट्रव्यापी जन जागरण अभियान, पदयात्रा, छोटी-बड़ी नुक्कड़ सभा, आम सभा, आयोजित की जाएगी, 15 मई तक सभी जिलों में उपरोक्त मुद्दों के साथ जिला स्तरीय रैली आयोजित की जाएगी ।




# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले सांसद संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची से सांसद संजय सेठ ने सोमवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांसद ने उन्हें परीक्षा पे चर्चा से जुड़ी चित्रकला प्रतियोगिता, श्री अन्न होली मिलन समारोह, सांसद खेल महोत्सव सहित अपनी अन्य राजनैतिक व सामाजिक गतिविधियों से अवगत कराया। इसके साथ ही सांसद ने मई में आयोजित होने वाले सांसद सांस्कृतिक महोत्सव की जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी। महोत्सव का ब्रोसर उन्हें अवलोकन के लिए दिया और इसका उद्देश्य बताया। नड्डा ने सांसद की ओर से आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव की सराहना की और अपनी शुभकामनाएं भी दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के बाद सेठ ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को हमने अपनी सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी दी है। सांस्कृतिक महोत्सव के उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी अपना मार्गदर्शन दिया है और इसकी प्रशंसा की है। इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष ने क्षेत्र के सभी कलाकारों, कलाप्रेमियों के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।



**राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के बाद सेठ ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को हमने अपनी सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी दी है। सांस्कृतिक महोत्सव के उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी अपना मार्गदर्शन दिया है और इसकी प्रशंसा की है।**

# राज्यपाल से मिलीं झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष काजल यादव ने राज भवन में भेंट कर उन्हें अपने कार्य के निष्पादन में आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। टाना भगत संघ, केन्द्रीय कमिटी, लोहरदगा के एक शिष्टमंडल ने राज्यपाल से राज भवन में भेंट की। राज्यपाल को शिष्टमंडल ने भूमि अतिक्रमण, भूमि के हस्तांतरण के साथ टाना भगत आवासीय विद्यालय की समस्याओं से अवगत कराया। राज्यपाल ने स्थानीय प्रशासन को तत्काल इस समस्या के समाधान के लिए निर्देशित किया।



## संक्षिप्त खबरें

## प्रीमियम समर एंड वेडिंग लाइफस्टाइल एग्जिबिशन 11 और 12 अप्रैल को



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** फैशन पॉइंट लेकर आ रहा है एक्सक्लूसिवली इस साल का ग्रेड शो। जिसमे पूरे देश भर से जाने माने डिजाइनर अपने बेस्ट एंड एक्सक्लूसिव कलेक्शन लेकर आएंगे रांची। यह ग्रेड एग्जिबिशन का आयोजन 11 और 12 अप्रैल को होटल कैपिटल हिल में किया जा रहा है। जहां मुंबई, बेंगलूर, दिल्ली, पंजाब, हैदराबाद, कोलकत्ता, सूरत से सेलिब्रिटी से रियल ज्वेलरी एंड ड्रेस के डिज़ाइनर्स अपने एक्सक्लूसिव कलेक्शन के के आ रहे है बिल्कुल नए प्रीमियम कलेक्शन, शादी के समय को देखते हुए अप्रैल में, रांची वासियों के लिए नई शुरुवात और रांची वासियों का फैशन पॉइंट की तरफ एक अलग ही देखने को मिलता है, और यहां पर बहुत अच्छे कलेक्शन की भरमार होती है, जिसकी वजह से फैशन पॉइंट हमेशा नए लोगों को लेकर आती है; बहुत ही बेहतरीन और नए-नए आकर्षिक कलेक्शन के साथ । इस रांची वासियों के लिए फैशन प्वाइंट लेकर आ रहा है रीयल तेंजोर पेटिंग्स, नऊ चिकन स्टिचड और टेरलूना ब्रांड लेनिन एंड कॉटन में मेल।एंड फीमेल के लिया आर्गेनिक कलर बेस्ड समर कलेक्शंस लेके आ रहे है. पहली बार पूरे देश से समर एंड वेडिंग कलेक्शन डिज़ाइनर्स लेके आ रहे है कुर्तियां, सूट, साड़ी, पेंट, पलाजो और दुपट्टा।इस एक्सीबिशन में ब्राइडल कलेक्शन, वेस्टर्न, ऐडो वेस्टर्न, सेलिब्रिटी कलेक्शन, होम डेकोर, रियल ज्वेलरी, एथिनिक वियर, आने वाले त्योहारों और शादियों को देखते हुए हमने और भी सुविधा उपलब्ध कराई है। जिसमे आप अपने पसंदीदा कपड़े, ज्वेलरी, शादी के लिए लहंगा और डिजाइनर्स ड्रेसेज कस्टमाइज करवा सकते है। रौशनी बुटीक बंगलौर से अपने एक्सक्लूसिव कलेक्शंस ऐज़ यूजअल सेमी पार्टीवेयर, कैजुअल्स एंड मेनी मोर ,रांची के लोगो की डिमांड की वजह से फिरसे टॉलीवुड डिजाइनर 卐अभिषेक रे 卐इस एग्जिबिशन में अपने एक्सक्लूसिव कलेक्शंस लेकर आ रही हैं। और इनकी खूबसूरत सेलिब्रिटी डिजाइंस रांची वासियों को काफी पसंद आती हैं । एक्स एक्स रीना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल और ऋषिका नागपाल का मौजूद थी।

## यूनियन व असंगठित मजदूरों का आहूत बंदी स्थगित

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार सीसीएल सीसीएल क्षेत्र में पूर्व से संचालित ट्रांसपोट कंपनियों में आरपीएल, टीपीसीएल,सीआईएल, सैनिक में असंगठित मजदूरों का बकाया बोनस सीएमपीएफ पेंशन भुगतान के संदर्भ में मजदूरों द्वारा 03 अप्रैल को आहूत बंदी की घोषणा किया गया था. बंदी करने से पूर्व पिपरवार प्रबंधन के प्रयास से यूसीडब्लूयु के पादाधिकारियों व मजदूरों के साथ एक आवश्यक बैठक कर बंदी को आस्थागीत करने का निर्णय लिया गया. बैठक में प्रबंधन को आगाह कराते हुयर आश्वस्त किया गया की 13 अप्रेल तक सभी ट्रांस्पोर्टेरों को बुलाकर समस्या का निष्पादन हो जाना चाहिए. प्रबंधन के अस्वासन के बाद यूनियन के पादाधिकारियों एवं मजदूरों के धरना स्थगित करने का निर्णय लिया गया. इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश भर प्रबंधन को स्पष्ट वादिता में कहा की 13 अप्रेल तक प्रबंधन समस्या का समाधान नहीं करती है तो बाध्य होकर असंगठित मजदूरों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन एवं कानूनी प्रक्रिया करने के लिए बाध्य होंगे.बंदी को वापस करने में यूसीडब्लूयु एनके क्षेत्र के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश भर एवं जितेंद्र सिंह,चंदन शर्मा, आनंद कुमार,अरुण पसवान,की सफल भूमिका रहा. मौके पर संतोष प्रजापति,भुनेश्वर महतों, धिरज ,जागेश्वर महतों, राजीव प्रसाद सिंह, सुभाष प्रसाद, कमेश्वर गंझू, सुरेंद्र महतों, सुधांशु, विनोद गन्झु, रमेश प्रजापति, सेकडों मजदूर उपस्थित थे.

## हाईवा की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कर्रा रांची मुख्य पथ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय बिनगांव के पास रविवार रात्रि लगभग 9 बजे हाईवा के चपेट में आने से कर्रा थाना क्षेत्र के रोन्हे गांव निवासी राजू महतो का घटना स्थल पर ही मौत हो गयी. प्राप्त जानकारी के अनुसार राजू महतो मोटरसाइकिल से अपने मौसी घर लोधमा गया हुआ था.लौटने के क्रम रात्रि लगभग 9 बजे सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय बिनगांव के पास हाईवा की चपेट में आने से राजू महतो का घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गया. ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार हाईवा राजू महतो को मोटरसाइकिल सहित चपेट में लेने के बाद एक पेड़ से जाकर टकराया जिसके बाद हाईवा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. घटना के बाद चालक व खलासी दोनों वहां से फरार हो गए. घटना की सूचना कर्रा थाना को स्थानीय ग्रामीणों द्वारा दिया गया. कर्रा पुलिस घटना की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर पंचनामा करने के बाद मामला की जानकारी लेते हुए हाईवा को जब्त कर कर्रा थाना लाया.उसके बाद घटना की जानकारी पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को दिया गया.वही सोमवार को मृतक के परिजनों के साथ शव को पोस्टमार्टम हेतु खूंटी सदर अस्पताल भेजा गया. जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया. ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक राजू महतो का बीते वर्ष शादी हुआ था.मृतक राजू महतो का पत्नी अनीता देवी 9 माह की गर्भवती है. पति का मृत्यु सुनने के बाद पत्नी के ऊपर पहाड़ टूट पड़ा. पत्नी ने पति का मृत्यु सुन बार-बार बेहोस हो रही है।

## खूंटी में होगा मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड, रांची के निर्देश के आलोक में रिनपास, कांके, रांची द्वारा दिनांक 08.04.2023 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खूंटी में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सिविल सर्जन, खूंटी द्वारा जिले के आमजनों से अपील की गई है कि उक्त मानसिक स्वास्थ्य शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आकर अपने मानसिक स्वास्थ्य की जांच कराएं। मानसिक रोगियों की जांच रिनपास, कांके, रांची के चिकित्सकों की टीम द्वारा किया जाएगा।

## झारखंड अधिविद्य परिषद् की माध्यमिक मैट्रिक परीक्षा समाप्त

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड अधिविद्य परिषद् की माध्यमिक मैट्रिक परीक्षा 2023 की अंतिम परीक्षा सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के दो परीक्षा केन्द्रों में शांतिपुर्ण से संपन्न हो गया। अंतिम दिन परीक्षा संस्कृत विषय का था। परीक्षा केंद्र पीएसीसी स्कूल खलारी में 169 परीक्षार्थी में 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। एवं आदर्श विद्यालय शांति नगर खलारी में 361 में 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जैक मैट्रिक व इंटर परीक्षा के लिए खलारी में तीन परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे। जिसमें मैट्रिक की परीक्षा दो केंद्र बनाए गए थे। सभी परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी सहित स्टेटिक व जोनल दंडाधिकारियों की निगरानी में परीक्षा हुई। केंद्रों पर पुलिस उपस्थित थे। इंटर की परीक्षा 5 अप्रैल को संपन्न होगी।

# सदर अस्पताल खूंटी में रक्तदान शिविर का आयोजन
## पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने किया रक्तदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त के निर्देशानुसार आज सदर अस्पताल, खूंटी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित किया गया। उक्त शिविर में विषेशकर पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने रक्तदान किया। हृद्धष्ट कार्यालय के कर्मियों सहित समाहरणालय राजस्व विभाग के कर्मियों ने रक्तदान का आमजनों को भी रक्तदान शिविर में भाग लेने की अपील की। इस दौरान सिविल सर्जन ने कहा कि सभी स्वस्थ व्यक्ति संकोच छोड़कर रक्तदान करें। रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आती है एवं न ही किसी प्रकार की कमजोरी महसूस होती है। युवाओं से इस मुहिम में आगे बढ़कर सहयोग करने एवं रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा दिया जाने वाला रक्त कईयों की जिंदगियों को बचा सकता है। खून के अभाव में किसी की जान न जाए, इसके लिए सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। सभी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते है। उनके रक्तदान से जरूरतमंद व्यक्तियों की जान बच सकती है। इसके अतिरिक्त आपका रक्त विभिन्न बीमारियों से ग्रसित रोगियों को बचा सकता है। इसलिए हम सभी को मिलकर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होती है। आज आयोजित किए गए रक्त दान शिविर में कुल 7 यूनिट रक्त का दान दिया गया।



## अवैध बालू लदा टर्बो ट्रक जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** अवैध बालू का शिलशिला मैक्लुस्कीगंज के रास्ते थमने का नाम नही ले रहा है. रात दिन टर्बो ट्रक के माध्यम से अवैध बालू का उठाव करके रात के अँधेरे सहित दिन के उजाले में गुपचुप तरीके से पार किया जा रहा था. अवैध बालू टर्बो ट्रक से ले जाने का सूचना जब मैक्लुस्कीगंज पुलिस को मिली तो धरपकड़ के लिए रणनीति बनायी गयी. परन्तु इसकी सूचना बालू तस्कर को लग जाने से टर्बो ट्रक चालक तेज गति से मैक्लुस्कीगंज रेलवे फाटक पार कर रहा था. इस दौरान एक स्कूली बच्चा को चपेट में लेते हुए फरार हो गया. हालांकि स्कूली बच्चा का साइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. दुर्घटना से बच्चा का कुछ नही हुआ. सूचना के अनुसार पुलिस बालू लदे टर्बो ट्रक जे एच 01 डी डब्लू 1700 को पीछा करते हुए मैगजीन मोड़ के पास पकड़कर (जप्त) कर बघमरी पिकेट में रखा गया.



## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में नया सत्र प्रारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में सीबीएससी निर्देशानुसार नए शैक्षिक सत्र 2023-24 के पहले दिन स्कूल खुला तो बच्चों में स्कूल जाने के प्रति काफी उत्साह देखने को मिला। सबसे ज्यादा उत्साह उन बच्चों के अभिभावकों को था, जिनके बच्चे पहली बार स्कूल पहुंचे। अभिभावक बच्चों को लेकर समय से पहले ही स्कूल के गेट पर पहुंच गए। विद्यालय परिवार भी बच्चों को खुशनुमा माहौल देने के लिए उनका स्वागत तिलक एवं पुष्प वर्षा करके किया। उसके बाद विद्यालय प्रागंण में सामूहिक रूप से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रामचरित मानस पाठ, हनुमान चालीसा पाठ, हवन, आरती एवं वंदना का कार्यक्रम हुआ। सभी बच्चों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही पहले दिन बच्चे अपने साथियों से मिलकर काफी खुश हुए। बच्चों ने पढ़ाई के साथ मस्ती भी की। प्रधानाचार्य ने बताया कि स्कूल के पहले दिन काफी कम बच्चे उपस्थित हुए हैं। कुल 842 बच्चों में से 234 बच्चे स्कूल में उपस्थित हुए। एवं नये समय सीमा में पूरे सत्र के लायक पाठ्यक्रम को पूरा करने का प्रयास छात्रों को अभिभूत कर सकता है और वे सीखने की गति को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर सकते हैं। इसके अलावा, यह जीवन कौशल, मूल्य शिक्षा, स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा, संगीत शिक्षा, कार्य शिक्षा और सामुदायिक सेवा जैसी पाठ्येतर गतिविधियों को करने के लिए संपूर्ण विद्यालय परिवार जोर-शोर से भी समय देने का संकल्प लिया है।सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को अनंत शुभकामनाएं दी गई।




## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, राँची

**निविदा संख्या – N.I.T./1/2023-24**

**अति–अल्पकालीन निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पता | पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का पदनाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, राँची। |
| 3. | परिणाम विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | 12.04.2023 UPTO 5.00PM |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 13.04.2023 UPTO 3.30PM |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 13.04.2023 AT 4.00PM |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, राँची। 2. अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अचंल, नार्थ आफिस पाड़ा, डोरण्डा, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, राँची। |
| 8. | जिनके द्वारा निविदा खोली जायेगी। | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, राँची। |
| 9. | कार्य का विवरण | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Bricks Masonary Drain, Vent and pipe railing of 3 lac gallon sump in O.C.C. Zila School Campus, Ranchi under D. W. & S. Sw. Distribution Division, Ranchi for the year 2022-23 | 408271/- | 8500/- | 750/- | 2Months |
| 2 | Renovation of quarter no. C/16 a colony Bootyunder D.W. & S. Sw. Distribution Division Ranchi. | 307059/- | 6500/- | 750/- | 2Months |

नोट :– 1. निविदा की शर्त्ते www.jharkhand.gov.in एवं विभागीय web site www.daa.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है।
3. बिना कारण बताए निविदा रद्द किया जा सकता है।

(ई0 राधे श्याम रवि)
कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, राँची।

PR.NO.294471 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

## कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गुमला वन प्रमंडल के अन्तर्गत अंतिम रूप से अधिहरित वाहनों को जहाँ है, जिस स्थिति में है के आधार पर बिक्री हेतु मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फॉर्म अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा सूचना प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्यदिवस को कार्य अवधि के दौरान विहित शुल्क 250/– (दो सौ पचास रूपये) रू0 जमा कर प्राप्त की जा सकेगी। विधिवत् भरा गया मुहरबन्द निविदा फॉर्म दिनांक 13.04.2023 को 12:00 बजे पूर्वाह्न तक वन प्रमंडलीय कार्यालय, गुमला में प्राप्त की जाएगी। निविदा उसी दिन प्रमंडलीय कार्यालय में निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष 01:00 बजे अपराह्न में खोली जाएगी। किसी भी वाहन के लिए उच्चतम मूल्य/उच्चतम निविदा की राशि स्वीकार करने के लिए अधोहस्ताक्षरी बाध्य नहीं है और उसे बिना कारण बताये बिक्री से उठा लेने या रद्द करने के लिए सक्षम होंगे। निविदा में उच्चतम डाकवाले निविदादाताओं को स्वीकृत राशि का 15% जमानत की राशि तत्काल जमा करना अनिवार्य है। सफल निविदादाताओं को नियमानुसार पूरी राशि (सभी कर सहित) निविदा स्वीकृति के 15 दिनों के अन्दर जमा करना होगा। अगर निविदादाता निर्धारित समय के अन्तर्गत पूरी राशि जमा नहीं कर पाते है तो उनके द्वारा जमा किया गया अग्रधन एवं जमानत तथा अन्य जमा राशि बिना कोई कारण बताये राज्यसात कर ली जाएगी। निविदादाता को निविदा के साथ आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की छाया प्रति भी समर्पित करना अनिवार्य होगा।

निविदादाता को ट्रक के लिए 10000/– (दस हजार रू0), अन्य चार पहिये वाहन के लिए 5000/– (पाँच हजार रू0) तथा टेम्पू के लिए 3000/– (तीन हजार रू0) मात्र अग्रधन की राशि मुहरबन्द लिफाफे में निविदा के साथ बैंक ड्राफ्ट जो भारतीय स्टेट बैंक, गुमला में भुगतेय हो, वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल, गुमला (Divisional Forest Officer, Gumla Forest Division, Gumla) के पदनाम के पक्ष में जमा करना होगा। असफल निविदादाताओं को अग्रधन की राशि तुरन्त वापस कर दी जाएगी। सफल निविदादाताओं द्वारा जमा की गई अग्रधन की राशि वाहन के मूल्य में समायोजित कर दी जाएगी। इच्छुक निविदादाता निविदा देने के पूर्व किसी भी दिन कार्यालय अवधि में वाहन का निरीक्षण कर सकते हैं। प्रत्येक वाहन के लिए अलग–अलग निविदा विहित प्रपत्र में अग्रधन के साथ देना होगा। निविदादाता डाक द्वारा भी निविदा भेज सकते है, बशर्ते की विहित प्रपत्र में निविदा अग्रधन राशि सहित पूरी तरह मुहरबन्द लिफाफे में दिनांक 13.04.2023 को 12:00 बजे पूर्वाह्न के पहले कार्यालय में प्राप्त हो जाए। विस्तृत सूचना के लिए कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्र0सं0 | वाहन का प्रकार | निबन्धन सं0 | वाहन जहाँ अवस्थित है | गाड़ी की वर्त्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ट्रक | JH02K5488 | चैनपुर वन परिसर | पुराना एवं जर्जर स्थिति |
| 2 | ट्रक | JH02L 0355 | रायडीह वन परिसर | पुराना एवं जर्जर स्थिति |
| 3 | ट्रक | 01S8902 | चैनपुर वन परिसर | पुराना एवं जर्जर स्थिति |
| 4 | ट्रक | अज्ञात | रायडीह वन परिसर | पुराना एवं जर्जर स्थिति |
| 5 | ट्रक | CG14A 3255 | गुमला वन परिसर | पुराना एवं जर्जर स्थिति |
| 6 | पिकअप | CG14A 0877 | रायडीह वन परिसर | पुराना एवं जर्जर स्थिति |
| 7 | पिकअप | BR01GB 8712 | चैनपुर वन परिसर | पुराना एवं जर्जर स्थिति |
| 8 | पिकअप | JH07E 4537 | गुमला थाना काण्ड सं0–153/21 | पुराना एवं जर्जर स्थिति |
| 9 | टेम्पू | JH07C 3716 | गुमला वन परिसर | पुराना एवं जर्जर स्थिति |
| 10 | टेम्पू | JH07D 1028 | –वही– | पुराना एवं जर्जर स्थिति |
| 11 | पिकअप | अज्ञात | बसिया वन परिसर | पुराना एवं जर्जर स्थिति |
| 12 | पिकअप | JH01M 3751 | –वही– | पुराना एवं जर्जर स्थिति |

विश्वासभाजन
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल, गुमला

PR 294371 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)#D

## जिला परिवहन पदाधिकारी का कार्यालय, लातेहार

**पथकर अंतर राशि भुगतान हेतु वाहन स्वामियों के लिए आवश्यक सूचना**

ज्ञापांक– /जि0परि0
दिनांक– .03.2023

जिला परिवहन कार्यालय, लातेहार में निबंधित अंकेक्षण आपत्तियों के निराकरण हेतु निम्न वाहनों का पथकर अंतर राशि अबतक जमा नहीं किया गया है।

अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से निम्न वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने वाहन के सामने अंकित बकाया पथकर अंतर राशि एक सप्ताह के अंदर जिला परिवहन कार्यालय, लातेहार में वाहन–04 साफ्टवेयर के माध्यम से जमा कर रसीद प्राप्त करना सुनिश्ति करें अन्यथा झारखण्ड मोटरवाहन करारोपन (संशोधित) अधिनियम 2011 की धारा–21(क), 22(3) के तहत जब्ती एवं कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

(राशि रूपये में)

| Sl. No. | Registration No. | Receipt Date | Tax From | Tax Upto | Tax in (Rs.) | Penalty in (Rs.) | tax leviable | penalty leviable | Tax short | Fine short | short |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BHH8191 | 19.07.2021 | 02.07.2021 | 01.10.2021 | 3400 | 0 | 3400 | 850 | 0 | 850 | 850 |
| 2 | BPM7386 | 02.07.2021 | 12.06.2021 | 11.09.2021 | 3400 | 0 | 3400 | 850 | 0 | 850 | 850 |
| 3 | BPM7386 | 04.04.2021 | 12.03.2021 | 11.06.2021 | 3400 | 0 | 3400 | 850 | 0 | 850 | 850 |
| 4 | BPV8351 | 13.08.2020 | 27.07.2020 | 26.10.2020 | 3200 | 0 | 3200 | 800 | 0 | 800 | 800 |
| 5 | BR01GG6836 | 28.07.2021 | 09.01.2021 | 08.10.2021 | 4200 | 0 | 4200 | 5950 | 0 | 5950 | 5950 |
| 6 | BR13G0874 | 04.04.2021 | 17.03.2021 | 16.06.2021 | 3400 | 0 | 3400 | 850 | 0 | 850 | 850 |
| 7 | BR14H3288 | 28.07.2021 | 28.06.2021 | 27.09.2021 | 3200 | 0 | 3200 | 800 | 0 | 800 | 800 |
| 8 | BR218155 | 08.05.2021 | 14.04.2021 | 13.07.2021 | 3400 | 0 | 3400 | 850 | 0 | 850 | 850 |
| 9 | BR218155 | 23.08.2021 | 14.07.2021 | 13.10.2021 | 3400 | 0 | 3400 | 1700 | 0 | 1700 | 1700 |
| 10 | BR23G0421 | 19.11.2020 | 03.11.2020 | 02.02.2021 | 3800 | 0 | 3800 | 950 | 0 | 950 | 950 |
| 11 | BR23G0421 | 29.06.2020 | 03.05.2020 | 02.08.2020 | 3800 | 0 | 3800 | 1900 | 0 | 1900 | 1900 |
| 12 | BR524492 | 26.06.2020 | 22.04.2020 | 21.07.2020 | 3400 | 0 | 3400 | 3400 | 0 | 3400 | 3400 |
| 13 | BRN6175 | 25.09.2021 | 01.09.2021 | 30.11.2021 | 2400 | 0 | 2400 | 600 | 0 | 600 | 600 |
| 14 | BRN6175 | 01.01.2021 | 01.12.2020 | 28.02.2021 | 2400 | 0 | 2400 | 1200 | 0 | 1200 | 1200 |
| 15 | CG12S3974 | 30.03.2021 | 02.01.2021 | 01.07.2021 | 14000 | 0 | 14000 | 7000 | 0 | 7000 | 7000 |
| 16 | CG12S5279 | 14.11.2019 | 20.06.2019 | 19.12.2019 | 11200 | 0 | 11200 | 14000 | 0 | 14000 | 14000 |
| 17 | CG12S5280 | 14.11.2019 | 20.06.2019 | 19.12.2019 | 11200 | 0 | 11200 | 14000 | 0 | 14000 | 14000 |
| 18 | CG13X8391 | 18.01.2021 | 25.11.2020 | 24.02.2021 | 800 | 0 | 800 | 400 | 0 | 400 | 400 |
| 19 | JH01AM6055 | 15.07.2021 | 29.06.2021 | 28.09.2021 | 5000 | 0 | 5000 | 1250 | 0 | 1250 | 1250 |
| 20 | JH01AS4907 | 25.06.2020 | 24.04.2020 | 23.07.2020 | 7200 | 0 | 7200 | 7200 | 0 | 7200 | 7200 |
| 21 | JH01G7437 | 30.09.2020 | 09.09.2020 | 08.12.2020 | 5800 | 0 | 5800 | 1450 | 0 | 1450 | 1450 |
| 22 | JH01J0937 | 29.10.2020 | 28.08.2020 | 27.11.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 5000 | 0 | 5000 | 5000 |
| 23 | JH01J2197 | 27.05.2020 | 17.03.2020 | 16.06.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 5000 | 0 | 5000 | 5000 |
| 24 | JH01T9831 | 20.07.2021 | 20.06.2021 | 19.09.2021 | 5800 | 0 | 5800 | 1450 | 0 | 1450 | 1450 |
| 25 | JH01T9831 | 09.05.2021 | 20.03.2021 | 19.06.2021 | 5800 | 0 | 5800 | 2900 | 0 | 2900 | 2900 |
| 26 | JH01T9831 | 03.09.2020 | 20.06.2020 | 19.09.2020 | 5800 | 0 | 5800 | 5800 | 0 | 5800 | 5800 |
| 27 | JH01Y4012 | 29.06.2020 | 17.04.2020 | 16.07.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 5000 | 0 | 5000 | 5000 |
| 28 | JH02S8715 | 21.06.2021 | 10.05.2021 | 09.08.2021 | 6200 | 0 | 6200 | 3100 | 0 | 3100 | 3100 |
| 29 | JH02S8715 | 30.06.2020 | 10.05.2020 | 09.08.2020 | 6200 | 0 | 6200 | 3100 | 0 | 3100 | 3100 |
| 30 | JH03A1618 | 19.08.2020 | 29.06.2020 | 28.09.2020 | 3400 | 0 | 3400 | 1700 | 0 | 1700 | 1700 |
| 31 | JH03A3685 | 12.05.2021 | 26.04.2021 | 25.07.2021 | 3400 | 0 | 3400 | 850 | 0 | 850 | 850 |
| 32 | JH03F9975 | 29.06.2020 | 27.04.2020 | 26.07.2020 | 7200 | 0 | 7200 | 7200 | 0 | 7200 | 7200 |
| 33 | JH11A3686 | 30.05.2021 | 18.11.2020 | 17.02.2021 | 3400 | 3400 | 3400 | 6800 | 0 | 3400 | 3400 |
| 34 | JH11A6131 | 04.09.2021 | 02.05.2021 | 01.08.2021 | 3400 | 850 | 3400 | 6800 | 0 | 5950 | 5950 |
| 35 | JH11B4512 | 04.01.2021 | 11.12.2020 | 10.03.2021 | 3400 | 0 | 3400 | 850 | 0 | 850 | 850 |
| 36 | JH11B6234 | 10.09.2021 | 25.08.2021 | 24.11.2021 | 3400 | 0 | 3400 | 850 | 0 | 850 | 850 |
| 37 | JH12B8412 | 21.09.2020 | 26.08.2020 | 25.11.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 1250 | 0 | 1250 | 1250 |
| 38 | JH12B8412 | 27.03.2021 | 26.11.2020 | 25.02.2021 | 5000 | 0 | 5000 | 10000 | 0 | 10000 | 10000 |
| 39 | JH19A1065 | 28.05.2021 | 16.04.2021 | 15.07.2021 | 5000 | 1250 | 5000 | 2500 | 0 | 1250 | 1250 |
| 40 | JH19A1134 | 02.09.2020 | 16.08.2020 | 15.11.2020 | 5800 | 0 | 5800 | 1450 | 0 | 1450 | 1450 |
| 41 | JH19A1233 | 26.06.2020 | 28.05.2020 | 27.08.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 1250 | 0 | 1250 | 1250 |
| 42 | JH19A1324 | 13.08.2019 | 09.04.2019 | 08.10.2019 | 10000 | 12230 | 10000 | 12500 | 0 | 270 | 270 |
| 43 | JH19A1376 | 25.05.2021 | 28.04.2021 | 27.07.2021 | 5000 | 0 | 5000 | 1250 | 0 | 1250 | 1250 |
| 44 | JH19A1413 | 27.03.2021 | 13.12.2020 | 12.03.2021 | 5000 | 1250 | 5000 | 10000 | 0 | 8750 | 8750 |
| 45 | JH19A1545 | 28.06.2020 | 15.04.2020 | 14.07.2020 | 5800 | 0 | 5800 | 5800 | 0 | 5800 | 5800 |
| 46 | JH19A1672 | 30.06.2020 | 26.03.2020 | 25.09.2020 | 11600 | 0 | 11600 | 11600 | 0 | 11600 | 11600 |
| 47 | JH19A1788 | 23.08.2021 | 06.06.2021 | 05.09.2021 | 1600 | 0 | 1600 | 1600 | 0 | 1600 | 1600 |
| 48 | JH19A1788 | 28.05.2021 | 06.03.2021 | 05.06.2021 | 1600 | 0 | 1600 | 1600 | 0 | 1600 | 1600 |
| 49 | JH19A1788 | 07.03.2021 | 06.12.2020 | 05.03.2021 | 1600 | 400 | 1600 | 3200 | 0 | 2800 | 2800 |
| 50 | JH19A2161 | 02.05.2021 | 28.03.2021 | 27.06.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 3600 | 0 | 3600 | 3600 |
| 51 | JH19A2182 | 27.07.2021 | 04.07.2021 | 03.10.2021 | 5800 | 0 | 5800 | 1450 | 0 | 1450 | 1450 |
| 52 | JH19A2281 | 06.01.2021 | 25.11.2020 | 24.02.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 3600 | 0 | 3600 | 3600 |
| 53 | JH19A2281 | 13.08.2021 | 25.02.2021 | 24.05.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 14400 | 0 | 14400 | 14400 |
| 54 | JH19A2366 | 29.06.2020 | 29.03.2020 | 28.09.2020 | 14400 | 0 | 14400 | 14400 | 0 | 14400 | 14400 |
| 55 | JH19A2562 | 20.08.2019 | 11.07.2019 | 10.10.2019 | 7200 | 0 | 7200 | 3600 | 0 | 3600 | 3600 |
| 56 | JH19A2570 | 02.08.2021 | 17.07.2021 | 16.10.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 1800 | 0 | 1800 | 1800 |
| 57 | JH19A2592 | 28.06.2020 | 25.04.2020 | 24.07.2020 | 7200 | 0 | 7200 | 7200 | 0 | 7200 | 7200 |
| 58 | JH19A2812 | 17.07.2020 | 30.06.2020 | 29.09.2020 | 1600 | 0 | 1600 | 400 | 0 | 400 | 400 |
| 59 | JH19A3144 | 27.07.2020 | 11.07.2020 | 10.10.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 1250 | 0 | 1250 | 1250 |
| 60 | JH19A3146 | 27.07.2020 | 11.07.2020 | 10.10.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 1250 | 0 | 1250 | 1250 |
| 61 | JH19A3307 | 27.06.2020 | 20.03.2020 | 19.09.2020 | 14400 | 0 | 14400 | 14400 | 0 | 14400 | 14400 |
| 62 | JH19A3348 | 25.02.2021 | 26.12.2020 | 25.03.2021 | 2000 | 1000 | 2000 | 2000 | 0 | 1000 | 1000 |
| 63 | JH19A3411 | 01.09.2021 | 07.07.2021 | 06.10.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 3600 | 0 | 3600 | 3600 |
| 64 | JH19A3487 | 25.05.2021 | 26.04.2021 | 25.07.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 1800 | 0 | 1800 | 1800 |
| 65 | JH19A3487 | 06.12.2020 | 26.10.2020 | 25.01.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 3600 | 0 | 3600 | 3600 |
| 66 | JH19A3606 | 27.06.2020 | 28.05.2020 | 27.08.2020 | 7200 | 0 | 7200 | 1800 | 0 | 1800 | 1800 |
| 67 | JH19A3611 | 02.12.2020 | 28.08.2020 | 27.11.2020 | 7200 | 7200 | 7200 | 14400 | 0 | 7200 | 7200 |
| 68 | JH19A4483 | 09.08.2019 | 28.05.2019 | 27.08.2019 | 6200 | 6000 | 6200 | 6200 | 0 | 200 | 200 |
| 69 | JH19A4699 | 15.01.2021 | 28.10.2020 | 27.01.2021 | 1600 | 800 | 1600 | 1600 | 0 | 800 | 800 |
| 70 | JH19A5129 | 17.12.2020 | 01.08.2020 | 31.10.2020 | 1600 | 1600 | 1600 | 3200 | 0 | 1600 | 1600 |
| 71 | JH19A5154 | 26.06.2020 | 08.05.2020 | 07.08.2020 | 7200 | 0 | 7200 | 3600 | 0 | 3600 | 3600 |
| 72 | JH19A5169 | 25.06.2020 | 08.05.2020 | 07.08.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 2500 | 0 | 2500 | 2500 |
| 73 | JH19A5183 | 30.10.2019 | 17.06.2019 | 16.09.2019 | 7200 | 1742 | 7200 | 14400 | 0 | 12658 | 12658 |
| 74 | JH19A5269 | 27.06.2021 | 08.06.2021 | 07.09.2021 | 5800 | 0 | 5800 | 1450 | 0 | 1450 | 1450 |
| 75 | JH19A5391 | 12.11.2019 | 29.06.2019 | 28.09.2019 | 6200 | 0 | 6200 | 12400 | 0 | 12400 | 12400 |
| 76 | JH19A5623 | 13.02.2021 | 28.11.2020 | 27.02.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 7200 | 0 | 7200 | 7200 |
| 77 | JH19A6230 | 23.11.2020 | 09.08.2020 | 08.11.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 10000 | 0 | 10000 | 10000 |
| 78 | JH19A6233 | 21.09.2021 | 09.08.2021 | 08.11.2021 | 5000 | 0 | 5000 | 2500 | 0 | 2500 | 2500 |
| 79 | JH19A6233 | 23.06.2021 | 09.05.2021 | 08.08.2021 | 5000 | 0 | 5000 | 2500 | 0 | 2500 | 2500 |
| 80 | JH19A6475 | 01.10.2020 | 14.09.2020 | 13.12.2020 | 5000 | 0 | 5000 | 1250 | 0 | 1250 | 1250 |
| 81 | JH19A6503 | 21.08.2021 | 24.06.2021 | 23.09.2021 | 7200 | 1800 | 7200 | 3600 | 0 | 1800 | 1800 |
| 82 | JH19A6672 | 26.06.2020 | 19.04.2020 | 18.07.2020 | 1600 | 0 | 1600 | 1600 | 0 | 1600 | 1600 |
| 83 | JH19A7033 | 25.06.2020 | 28.04.2020 | 27.07.2020 | 1600 | 0 | 1600 | 800 | 0 | 800 | 800 |
| 84 | JH19A7422 | 05.02.2021 | 17.01.2021 | 16.04.2021 | 5800 | 0 | 5800 | 1450 | 0 | 1450 | 1450 |
| 85 | JH19A7423 | 01.12.2020 | 17.10.2020 | 16.01.2021 | 5800 | 0 | 5800 | 2900 | 0 | 2900 | 2900 |
| 86 | JH19A7484 | 11.08.2019 | 20.07.2019 | 19.10.2019 | 5000 | 0 | 5000 | 1250 | 0 | 1250 | 1250 |
| 87 | JH19A7493 | 04.06.2021 | 24.04.2021 | 23.07.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 3600 | 0 | 3600 | 3600 |
| 88 | JH19A7523 | 18.08.2019 | 30.04.2019 | 29.10.2019 | 11600 | 12767 | 11600 | 13050 | 0 | 283 | 283 |
| 89 | JH19A7523 | 01.12.2020 | 30.10.2020 | 29.01.2021 | 5800 | 0 | 5800 | 2900 | 0 | 2900 | 2900 |
| 90 | JH19A7666 | 29.12.2020 | 15.11.2020 | 14.02.2021 | 5800 | 0 | 5800 | 2900 | 0 | 2900 | 2900 |
| 91 | JH19A7724 | 30.12.2020 | 10.12.2020 | 09.03.2021 | 6200 | 0 | 6200 | 1550 | 0 | 1550 | 1550 |
| 92 | JH19A7770 | 12.07.2019 | 19.06.2019 | 18.09.2019 | 7200 | 0 | 7200 | 1800 | 0 | 1800 | 1800 |
| 93 | JH19A7786 | 12.01.2021 | 19.12.2020 | 18.03.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 1800 | 0 | 1800 | 1800 |
| 94 | JH19A8185 | 06.06.2021 | 19.02.2021 | 18.05.2021 | 7200 | 7200 | 7200 | 14400 | 0 | 7200 | 7200 |
| 95 | JH19A8421 | 07.08.2020 | 28.06.2020 | 27.09.2020 | 7200 | 0 | 7200 | 3600 | 0 | 3600 | 3600 |
| 96 | JH19A8554 | 16.08.2021 | 30.07.2021 | 29.10.2021 | 7200 | 0 | 7200 | 1800 | 0 | 1800 | 1800 |
| 97 | JH19A8654 | 26.06.2020 | 27.05.2020 | 26.08.2020 | 7200 | 0 | 7200 | 1800 | 0 | 1800 | 1800 |
| 98 | JH19A8703 | 02.07.2019 | 28.05.2019 | 27.08.2019 | 7200 | 1742 | 7200 | 3600 | 0 | 1858 | 1858 |
| 99 | JH19A8713 | 25.06.2020 | 01.06.2020 | 31.08.2020 | 7200 | 0 | 7200 | 1800 | 0 | 1800 | 1800 |
| 100 | JH19A8794 | 18.10.2020 | 22.09.2020 | 21.12.2020 | 7200 | 0 | 7200 | 1800 | 0 | 1800 | 1800 |

जिला परिवहन पदाधिकारी
लातेहार

PR 294375 (Transport)23-24*D

## टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स के स्टील प्लांट विस्तारीकरण जनसुनवाई विरोध व समर्थन के बीच संपन्न

# 971.34 करोड़ की लागत से स्टील प्लांट होगा स्थापित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया/आदित्यपुर :** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के तत्वाधान में टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स के 1.2 एमटीपीए इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट के आधुनिकीकरण और विस्तार को लेकर सोमवार को आदित्यपुर स्थित ऑटोक्लस्टर सभागार में जनसुनवाई आयोजित की गई. भारी विरोध और समर्थन के बीच जनसुनवाई के प्रक्रिया को पूरा किया गया. जनसुनवाई कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा समेत बड़ी तादाद में कंपनी के आसपस गांव के ग्रामीण, राजनीतिक दल के कार्यकर्ता शामिल हुए जहां 2 घंटे से भी अधिक चले जनसुनवाई में गहमागहमी का माहौल रहा. प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत डीसी की अध्यक्षता में गठित की गई ।जनसुनवाई कमेटी में प्रमुख रूप से कमेटी के अध्यक्ष एडीसी सुबोध कुमार, एसडीओ रामकृष्ण कुमार ,प्रदूषण नियंत्रण परिषद के क्षेत्रीय पदाधिकारी जितेंद्र प्रसाद सिंह, टाटा स्टील




लॉन्ग प्रोडक्ट्स के प्रोजेक्ट एग्जीक्यूटिव आशुतोष कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे. जनसुनवाई में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी पार्टी के कार्यकर्ता भी पहुंचे जहां घंटों चले जन सुनवाई के बाद पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ वाकआऊट कर गए. इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने कहा कि कंपनी के प्रस्तावित है प्लांट विस्तारीकरण से 10 किलोमीटर दूर जनसुनवाई का आयोजन का कोई औचित्य नहीं है .उन्होंने कहा कि जनसनवाई में लोगों को बोलने का भी मौका नहीं दिया गया है. जो कंपनी के मंशा को जाहिर करता है. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मामले को लेकर प्रदूषण नियंत्रण पर्षद रांची मुख्यालय में मामले की शिकायत की जाएगी.



**प्रदूषण के मुद्दे पर जनप्रतिनिधि-राजनीतिक दलों ने कंपनी को घेरा:** वर्तमान में टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स कंपनी द्वारा उत्पादन से प्रदूषण फैलाए जाने के मुद्दे को गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायत के मुखिया, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के नेताओं ने जोरो से उठाया .इस मुद्दे पर सभी ने एक सुर में जोरदार विरोध करते हुए प्रदूषण रोकथाम के उपाय की मांग रखी. भाजपा नेता रमेश हांसदा ने जनसुनवाई को अवैध करार देते हुए कोर्ट में चुनौती देने की बात कही. वहीं भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश महाली ने कहा कि कंपनी के विस्तारीकरण का विरोध नहीं करते लेकिन कंपनी द्वारा प्रदूषण रोकथाम के उपाय को पहले किया जाना जरूरी है. जनसुनवाई कार्यक्रम में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अंबुज कुमार, जिला अध्यक्ष बिशु हेंब्रम, भाजपा एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय सरदार, भाजपा महिला मोर्चा जिला अधक्ष रश्मि साहू समेत बड़ी संख्या में भाजपा, कांग्रेस और जेएमएम के कार्यकर्ता भी शामिल थे।

**971.34 करोड़ स्टील प्लांट की लागत :** टीएसएलपीएल के वर्तमान प्रस्ताव में शामिल हैं- मौजूदा सिंटर संयंत्र (0.95 एमटीपीए), नाइट्रोजन संयंत्र (39 टीपीडी) और उत्पादक गैस इकाइयों (3x3000 एनएम /घंटा) का नियमितीकरण, पिछले ईसी पत्रों में संयंत्र संबंधी अन्य सूचनाओं का नियमितीकरण, मिनी ब्लास्ट फर्नेस (एमबीएफ) (0.65 0.8 एमटीपीए), सिंटर प्लांट (0.95 1.0 एमटीपीए), स्टील मेल्टिंग शॉप्स (एसएमएस) (70 टी वीडी), लाइम कैलसीनिंग प्लांट (एलसीपी) (220-600 टीपीडी) और कैप्टिव पावर प्लांट (सीपीपी) (135 140 मेगावाट), जैसी मौजूदा संयंत्र सुविधाओं का विस्तार और प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों के साथ आधुनिकीकरण, नए ऑक्सीजन प्लांट (250) टीपीडी) और मेटल रिकवरी प्लांट (200 टीपीडी) की स्थापना। इस्पात संयंत्र के लिए कच्चे माल की कुल आवश्यकता 6.64 एमटीपीए से बढ़कर 7.5 एमटीपीए हो जाएगी। इसे मौजूदा स्रोतों से प्राप्त किया जाएगा। संयंत्र की अधिकतम बिजली आवश्यकता वर्तमान 163 मेगावाट से बढ़कर 180 मेगावाट हो जाएगी। इसमें से 140 मेगावाट घरेलू उत्पादन होगा और शेष जेएसईबी से खरीदा जाएगा। संयंत्र के लिए मेकअप पानी की आवश्यकता वर्तमान में 22230 घन मीटर/दिन से बढ़कर 22727 घन मीटर/ दिन हो जाएगी। टीएसएलपीएल के पास पहले से ही सुबर्णरेखा नदी से 22740 घन मीटर/दिन की निकासी के लिए जल संसाधन विभाग, झारखंड सरकार से अनुमति है। प्रस्तावित आधुनिकीकरण और विस्तार गतिविधियाँ पूरी तरह से मौजूदा संयंत्र क्षेत्र के भीतर मौजूदा बुनियादी ढांचे और उपयोगिताओं का उपयोग करके की जाएंगी। प्रस्तावित परिवर्तनों की अनुमानित कुल लागत लगभग रु. 971.34 करोड़ है। संचालन चरण के दौरान परियोजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने

### जादूगोड़ा में भाजपा संगोष्ठी में शामिल ग्रामीण



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विद्युत महतो राष्टपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सदन में रखी अभिभाषण एल पत्र को पढ़ कर पहुंचा रहे है। इसी क्रम में आज सोमवार को जादूगोड़ा स्थित कुलडीहा शक्ति केंद्र बूथ संख्या 142 गोपालपुर गांव में बैठक की गई। जहा महामाहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सदन में रखी अभिभाषण पत्र पढ़ कर ग्रामीणों को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2047 तक आत्म निर्भर भारत के लक्ष्य को ग्रामीणों को बताया गया। जिसकी अगुवाई किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विद्युत महतो, भूदेव भक्त, युवा मोर्चा अध्यक्ष गणेश भक्त आसन बनी मंडल अजीत भक्त ,चित्ररथ सिंह सरदार ,अशोक दास, रामनाथ भगत, शक्तिपदा भगत, रतन भक्त, शिवानी भक्त ने की।

### भाजपा किसान मोर्चा ने बोड़ाम मंडल में चलाया जनसंपर्क अभियान



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुचीराम बाउरी ने सोमवार को बोड़ाम मंडल अंतर्गत शक्ति केंद्रों में आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए। इस दौरान शक्ति केंद्रों में उपस्थित कार्यकर्ताओं को उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति की अभिभाषण को पढ़कर सुनाया । जिलाध्यक्ष ने बताया कि बोड़ाम मंडल अंतर्गत गौरडीह शक्ति केंद्र में बिरिंची महतो व बूथ अध्यक्ष लक्ष्मण मंडल, पहाड़पुर शक्ति केंद्र में धनंजय महतो तथा कुईयानी शक्ति केंद्र में फूलचांद सिंह व बूथ अध्यक्ष पद्मलोचन महतो के नेतृत्व में संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचीराम बाउरी, मंडल के महामंत्री सुखदेव सिंह, सनातन दास, सांसद प्रतिनिधि शिवचरण सिंह व महावीर महतो आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय में पूजन-हवन के साथ हुआ सत्रारंभ

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय सरायकेला में विधिवत पूजन - हवन के साथ सोमवार को सत्रारंभ किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पार्थसारथी आचार्य ने सभी भैया - बहनों को नए सत्र की शुभकामनाएं देते कहा नया सत्र हम सबके लिए नई उर्जा, नए संकल्प, नए विश्वास और नई शक्ति के साथ कार्य करने के लिए हम प्रतिबद्ध हों। विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति अध्यक्ष रमानाथ आचार्य ने भी सभी को बधाई दी और कहा कि हमारे आचार्य - दीदी और भैया - बहन नए सत्र से नए जोश एवं उत्साह के साथ आगामी सभी कार्यक्रम को सफल बनाते हुए विद्यालय को जिले में एक मॉडल विद्यालय के रूप में प्रतिष्ठित करने में अहम योगदान दें। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य तुषार कांत पति सहित सभी आचार्य दीदी और भैया - बहन उपस्थित थे।

## वर्ल्ड ऑटिज्म डे पर रैली, पुलिस कर्मियों को संवेदनशील बनाने की पहल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वर्ल्ड ऑटिज्म डे मनाने के लिए साकची गोल चक्कर में रविवार को पेरेंट्स एसोसिएशन ऑफ मेंटली हैंडिकैप्ड ऑफ जमशेदपुर द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। यह आयोजन जमशेदपुर के आम लोगों में ऑटिज्म के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए किया गया। विशेष बच्चों उनके माता-पिता और आम जनता से जुड़े लगभग 100 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। विशेष बच्चों ने न्यूरोडायवर्सिटी ऑटिस्टिक बच्चों की विशेषता ,उनके व्यक्तिगत सम्मान पूर्ण जीवन के अधिकार उनके यौनिकता और उनके प्रति समाज की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को दर्शाने वाली तख्तियां प्रदर्शित की। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी जी राजेंद्र प्रसाद अध्यक्ष और डॉक्टर निवेदिता कार, उपाध्यक्ष ,बाबूराव सचिव, श्रीमती पुष्पलता, विशेष शिक्षक ने जनता और मीडिया कर्मियों के साथ बातचीत की। प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता पूर्वी घोष एवं बर्णाली चक्रवर्ती ने इस अवसर पर अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर बच्चों एवं उनके माता-पिता को प्रोत्साहित किया। इसके अलावा संस्थान के सदस्यों ने साकची,जुगसलाई और सोनारी के पुलिस थानों का दौरा किया ।उन्होंने ऑटिस्टिक बच्चों में न्यूरोडायवर्सिटी के विभिन्न पहलुओं के बारे में पुलिस पदाधिकारियों को अवगत कराया।




## जमशेदपुरः एमपी-एमएलए कोर्ट चाईबासा से बरी हुए डॉ. अजय कुमार व अन्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** माननीय न्यायालय एमपी एमएलए कोर्ट चाईबासा के न्यायाधीश ऋषि कुमार के न्यायालय ने आज राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं त्रिपुरा सिक्किम नागालैंड के प्रभारी कांग्रेस के वरीय नेता एवं पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार एवं फिरोज खान को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया गया। यह मुकदमा 27 अक्टूबर 2013 को आजाद नगर थाना में विशेष पदाधिकारी सुशील कुमार के द्वारा मुकदमा धारा 143, 323, 342, 353 भादवी के अंतर्गत दर्ज कराया गया था। इन लोगों के विरुद्ध आरोप था की नेशनल हाईवे 33 पारडीह चौक सड़क मरम्मत को लेकर धरना प्रदर्शन एवं राहगीर के वाहन का टायर पंचर कर आवागमन को अवरुद्ध कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप था। अभियोजन पक्ष से मात्र चार गवाह अपना बयान दर्ज कराए थे जबकि न्यायालय के समक्ष सूचक सुशील कुमार अनुसंधानकर्ता चंदर टूडू , थाना प्रभारी विद्या सिंह एवं लाल बहादुर सिंह अपना गवाह न्यायालय के समक्ष नहीं दिए। बचाव पक्ष से अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू, विमल कुमार, अधिवक्ता राहुल गोस्वामी, कृष्णा देव साहू, प्रणव कुमार दरीबा अधिवक्ता भी उपस्थित थे।



### छोटा गम्हरिया की पंचायत प्रतिनिधि अब नए परिधान में आएंगी नजर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड के छोटा गम्हरिया पंचायत की प्रतिनिधि अब नए परिधान में नजर आएंगी। इस पंचायत के पंचायत प्रतिनिधियों ने बैठक कर ड्रेस कोड लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत सभी मुखिया से लेकर वार्ड सदस्य तक सभी अब किसी भी बैठक या कार्यक्रमों में हरे रंग की साड़ी व अन्य परिधानों में शिरकत करेंगे। उप मुखिया रेणु देवी ने बताया कि हरा रंग हमारी हरी-भरी धरती का प्रतीक है। इसलिए इसी रंग के ड्रेस का चयन किया गया है। विदित है कि झारखंड का यह पहला पंचायत होगा जहां सभी पंचायत प्रतिनिधियों के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया है।

### ऑल इंडिया इंटर-स्टील प्लांट वॉलीबॉल चैंपियनशिप संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सलेम स्टील प्लांट की टीम ऑल इंडिया इंटर-स्टील प्लांट वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2023 की विजेता बनकर उभरी, जो 31 मार्च को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में संपन्न हुआ। टाटा स्टील की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। कर्नल अविनाश बालासाहेब मोगल समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे। मुकुल विनायक चौधरी, चीफ स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर, टाटा स्टील और टाटा स्टील खेल विभाग के अन्य अधिकारी भी पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान उपस्थित थे। इस वर्ष टूर्नामेंट में कुल 140 लोगों ने भाग लिया। जेएसडब्ल्यू बेल्लारी, टाटा स्टील, आरआईएनएल वाईजैग, एलॉय स्टील प्लांट, वीआईएसएल भद्रावती, बोकारो स्टील प्लांट, भिलाई स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, सलेम स्टील प्लांट, इस्को बर्नपुर और दुर्गापुर स्टील प्लांट जैसी 11 टीमों ने तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया, जो 29 मार्च से शुरू हुआ था। इस दौरान कुल 17 मैच खेले गए।



### करीम सिटी कॉलेज के स्पार्क ने किया पुस्तक 'मैं गली हूं' पर बुक टॉक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर (स्पार्क) द्वारा आज पुस्तक मैं गली हूँ पर बुक टॉक का आयोजन किया गया था। इस पुस्तक पर भाषण देने के लिए प्रसिद्ध पत्रकार विवेक पांडे, वरिष्ठ संपादक जी5 को आमंत्रित किया गया था। करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद रेयाज अतिथि वक्ता का स्वागत भाषण के लिए आमंत्रित थे। यह कार्यक्रम ऑनलाइन मोड में आयोजित किया गया था और स्वाति शर्मा इस कार्यक्रम की मेजबान थीं। अतिथि वक्ता दैनिक जागरण, अमर उजाला और हिंदुस्तान जैसे समाचार पत्रों और एबीपी न्यूज और यूसी ब्राउज़र सहित समाचार चैनलों के लिए काम कर रहे हैं। वे अपराध और राजनीतिक मामलों पर अपनी पत्रकारिता के लिए जाने जाते हैं। वक्ता ने लगभग 50 छात्रों को पुस्तक के बारे में जानकारी दी, जिसमें दुनिया को देखने पर एक पत्रकार का दृष्टिकोण शामिल है। वे आगे व्याख्या करते हैं कि पुस्तक न केवल किसी भी मानव की भावनाओं पर चर्चा करती है, बल्कि जंगलों और जानवरों के बारे में भी चर्चा करती है। कार्यक्रम के अंत में स्पार्क की मुख्य आयोजन सचिव अदिति सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।



## नियोजन नीति पर विरोध जताते हुए छात्रों ने किया पदयात्रा, सीएम के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** झारखंड स्टेट स्टुडेंट यूनियन सरायकेला खरसावां के बैनर तले सोमवार को नियोजन नीति को लेकर विरोध पदयात्रा किया गया। यह पदयात्रा सदर एसडीओ कार्यालय से समाहरणालय तक पहुंच एक सभा मे तब्दील हो गया। उसके पश्चात उपायुक्त कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। कहा गया है कि 60~40 के फार्मूले पर नया नियोजन नीति के स्थान पर खतियान आधारित व 90~10 के फार्मूले के आधार पर नियोजन नीति निर्धारित हो, ओबीसी आरक्षण 7 जिलों में शून्य को वापस लेते हुए बिहार के तर्ज पर झारखंड राज्य में राज्य स्तर पर जातीय जनगणना के बाद सभी वर्गों के लिए जिला स्तर पर नियोजन के लिए आरक्षण रोस्टर निर्धारित किया जाये, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान और प्राथमिक शिक्षण शिक्षा महाविद्यालय में सत्र 2023-25 में नामांकन लिया जाये। जिला मुख्यालय में आयोजित सभा में छात्र नेता देवेंद्र महतो,बसंत महतो,प्रकाश महतो, सूरज ,रोशन, शंकर, विष्णु, आदित्य, फूलचंद, राकेश रंजन, सूरज मंडल, अपर्णा महतो, एम पी सरदार, लक्ष्मण, भास्कर, राहुल, परदून, शशि, कुणाल, चेतन, इद्रजीत, सुशील, जगदीश, गणेश, मांगीलाल प्रवीण महतो, सलोनी, दीपक, सुषमा एवम पूरे जिले के विभिन्न क्षेत्र से आये छात्र छात्राएं उपस्थित थे।




## टैगोर एकेडमी स्कूल साकची में क्लास 8 फेल छात्रों को 9 में प्रमोट करने में हो रहा भेदभाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर अभिभावक संघ ने टैगोर एकेडमी स्कूल साकची प्रबंधन द्वारा क्लास 8 रिपीट कर रहे छात्रों में से चुन चुन कर बच्चों को अगली कक्षा 9 में प्रमोट किए जाने के विरुद्ध जांच की मांग करते हुए उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम को एक मांग पत्र सौंपा है। मंगरपत्र में सभी रिपीट कर रहे छात्रों को आरटीई अधिनियम के प्रावधान के तहत अगली कक्षा में प्रोमोट करने की मांग की गई है। आर टी ई अधिनियम 2009 कि धारा 16 के प्रावधान में किसी विधालय में प्रवेश प्राप्त बालक को किसी कक्षा में नहीं रोका जाएगा या विधालय में प्राथमिक शिक्षा पूरी किए जाने तक निष्कासित नहीं किया जाएगा, साथ ही इसी अधिनियम कि धारा 2 (च) के प्रावधान में प्रारंभिक शिक्षा से पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक की शिक्षा से अभिप्रेत है। इस मुद्दे पर जिला शिक्षा अधीक्षक के साथ त्रिपक्षीय वार्ता में क्लास 8 के बच्चों को उसी में रिपीट करने के आदेश दिए थे और बच्चे रिपीट भी कर रहे हैं। उन रिपीट कर बच्चों द्वारा संघ को जो सुचना उपलब्ध कराते हुए बताया है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा चुन चुन कर रिपीट कर रहे बच्चों में बच्चे को अगली कक्षा (9) प्रमोट किया जा रहा है, उन प्रमोट किए गए बच्चे में से एक बच्चे का नाम आयुष कुमार (एडीएम न. 217/13) है इस बच्चे कि सुचना भी रिपीट कर रहे बच्चों द्वारा संघ को उपलब्ध कराई गई है , इसके अलावा और कितने बच्चों को प्रमोट किया गया है इन सभी की जांच होनी चाहिए।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संपादकीय

# विदेशी हस्तक्षेप का एकसुर में विरोध हो

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी को मानहानि प्रकरण में सजा होने एवं संसद सदस्यता जाने के मामले में जिस तरह की प्रतिक्रियाएं जर्मनी एवं अमेरिका से आई हैं, उनके आधार पर कहा जा सकता है कि भारत के आंतरिक एवं लोकतांत्रिक मामलों में यूरोपीय देशों द्वारा हस्तक्षेप करने संबंधी राहुल गांधी के वक्तव्य का असर दिखना शुरू हो गया है। कांग्रेस के 'विदेशी दोस्त' अब भारत के आंतरिक, लोकतांत्रिक एवं न्यायायिक व्यवस्था पर टिप्पणी कर रहे हैं। जर्मनी के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा, "हमने भारत के विपक्षी नेता राहुल गांधी के खिलाफ फैसले और उसके बाद संसद सदस्यता खत्म किए जाने का संज्ञान लिया है। जहां तक हमारी जानकारी है, मिस्टर गांधी फैसले के खिलाफ अपील करने की स्थिति में हैं। जर्मनी उम्मीद करता है कि इस प्रकरण में न्यायिक स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के मानकों को लागू किया जाएगा"। जरा सोचिए कि इससे पहले दर्जनभर जनप्रतिनिधियों को सजा हुईं/दोषी साबित हुए और उनकी सदस्यता समाप्त हुईं, तब किसी अमेरिका, जर्मनी या यूरोपीय देश की ओर से चिंता जताई गई थी? अचानक से इस तरह की भारत विरोधी टिप्पणियों के आने के मायने क्या हैं? उल्लेखनीय है कि जब राहुल गांधी ने लंदन में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत में कथित तौर पर खत्म होते लोकतंत्र पर अमेरिका एवं यूरोप की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए उनकी प्रतिक्रियाओं को आमंत्रित किया, तब भारतीय जनता पार्टी सहित देश के प्रबुद्ध वर्ग ने इसका विरोध किया था। सबने हैरानी जताई थी कि देश की सबसे पुराने राजनीतिक दल का कोई नेता कैसे भारत के आतंरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को आमंत्रित कर सकता है। तब कांग्रेस पर यह भी प्रश्न उठाए गए थे कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार सरकार में आने से रोकने के लिए विदेशी हस्तक्षेप की साजिश रची जा रही है? राहुल गांधी के बयान के बाद से कांग्रेस बचाव की मुद्रा में आ गई थी? उसने सफाई देने की भरपूर कोशिश की थी कि कांग्रेस भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप की हामी नहीं है। हम अपने अंदरुनी मामले खुद ही अपने स्तर पर सुलझा लेंगे। परंतु जैसे ही जर्मनी के विदेश मंत्रालय एवं वहाँ की मीडिया ने राहुल गांधी प्रकरण में भारत विरोध टिप्पणी की, तब कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने उनका स्वागत करके, एक बार फिर भाजपा एवं प्रबुद्ध वर्ग की चिंताओं को गहरा दिया है कि कांग्रेस भारत के अंदरूनी मामलों में विदेशी हस्तक्षेप का आग्रह कर रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने ट्वीट करके जर्मनी एवं डायचे वेले के संपादक रिचर्ड वाल्कर का स्वागत किया है- "भारत में कैसे राहुल को प्रताड़ित कर लोकतंत्र से समझौता किया जा रहा है, यह बात संज्ञान में लेने के लिए जर्मनी के विदेश मंत्रालय का शुक्रिया"। अन्य नेताओं ने भी लगभग इसी स्वर में कहा है कि जब हम भारतीय नागरिकों के लिए आवाज उठा सकते हैं, तब विदेशी शक्तियां भारत के मामलों पर सवाल क्यों नहीं उठा सकती हैं? कांग्रेस की ओर से आई इस तरह की टिप्पणियों को देखकर यह क्यों नहीं माना चाहिए कि विदेश हस्तक्षेप को आमंत्रित करने के जो आरोप कांग्रेस पर लग रहे हैं, वे सत्य के नजदीक हैं? दिग्विजय सिंह कांग्रेस के कोई सामान्य नेता नहीं हैं, कांग्रेस की नीतियां तय करनेवाले नेताओं में उनका नाम शुमार है। जैसे राहुल गांधी के बयान के बाद कांग्रेस को सफाई देनी पड़ी थी, वैसी ही स्थिति अब बन गई है। होना तो यह चाहिए था कि कांग्रेस के सभी नेता एकसुर में जर्मनी के विदेश मंत्रालय की ओर से आई टिप्पणी का कड़ा विरोध करते, लेकिन हो उल्टा रहा है। कांग्रेस के नेता प्रसन्नता जाहिर कर रहे हैं। बहरहाल, भारत सरकार को जर्मनी की टिप्पणी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए बल्कि उचित मंच पर इसके लिए कड़ी आपत्ति जतानी चाहिए। विदेशी ताकतों द्वारा भारत की लोकतांत्रिक एवं न्यायायिक व्यवस्था पर टिप्पणी करने या किसी भी प्रकार से दखल देने का प्रयास करना, स्वीकार नहीं किया जा सकता।

जर्मनी उम्मीद करता है कि इस प्रकरण में न्यायिक स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के मानकों को लागू किया जाएगा"। जरा सोचिए कि इससे पहले दर्जनभर जनप्रतिनिधियों को सजा हुईं/दोषी साबित हुए और उनकी सदस्यता समाप्त हुईं, तब किसी अमेरिका, जर्मनी या यूरोपीय देश की ओर से चिंता जताई गई थी? अचानक से इस तरह की भारत विरोधी टिप्पणियों के आने के मायने क्या हैं? उल्लेखनीय है कि जब राहुल गांधी ने लंदन में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत में कथित तौर पर खत्म होते लोकतंत्र पर अमेरिका एवं यूरोप की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए उनकी प्रतिक्रियाओं को आमंत्रित किया, तब भारतीय जनता पार्टी सहित देश के प्रबुद्ध वर्ग ने इसका विरोध किया था। सबने हैरानी जताई थी कि देश की सबसे पुराने राजनीतिक दल का कोई नेता कैसे भारत के आतंरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को आमंत्रित कर सकता है। तब कांग्रेस पर यह भी प्रश्न उठाए गए थे कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार सरकार में आने से रोकने के लिए विदेशी हस्तक्षेप की साजिश रची जा रही है? राहुल गांधी के बयान के बाद से कांग्रेस बचाव की मुद्रा में आ गई थी? उसने सफाई देने की भरपूर कोशिश की थी कि कांग्रेस भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप की हामी नहीं है। हम अपने अंदरुनी मामले खुद ही अपने स्तर पर सुलझा लेंगे।

## राजनीतिक दलों के नेता एवं संप्रदायों के कतिपय स्वनामधन्य नेताओं में परस्पर होड़ लगी हुई

# नफरती सोच और घृणा भाषण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी सभी के लिए बड़ा संदेश है

ललित गर्ग

भारत की एकता और अखण्डता को बांटना अक्षम्य अपराध है। इसलिये इनदिनों देश के ताजा मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने 'हेट स्पीच' एवं नफरती बयानों–भाषणों पर तल्ख टिप्पणी की है। दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि नेता जिस दिन राजनीति में धर्म का इस्तेमाल छोड़ देंगे, नफरती भाषण भी बंद हो जाएंगे। भारत के लोग दूसरे समुदायों के लोगों का अपमान न करने, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सद्भावना कायम करने का संकल्प क्यों नहीं लेते? अदालत ने जवाहर लाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके भाषणों को लोग दूर-दूर से सुनने आत थे। वैसी नजीर अब कोई नेता क्यों पेश नहीं करना चाहता। अदालत ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि लोग समुदाय विशेष को लेकर ही नफरती भाषणों के खिलाफ चुनिंदा तरीके से मुकदमें क्यों दर्ज कराते हैं।

**राष्ट्रीय** एकता एवं सामाजिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले भाषणों की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। संकीर्णता एवं साम्प्रदायिकता का उन्माद एवं 'हेट स्पीच' के कारण न केवल विकास बाधित हो रहा है बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता भी खण्ड-खण्ड होने के कगार पर पहुंच गयी है। अब तो ऐसा भी महसूस होने लगा है कि देश की दंड व्यवस्था के तहत जहां 'हेट स्पीच' को नये सिरे से परिभाषित करने की आवश्यकता है वहीं इस समस्या से निपटने के लिए 'हेट स्पीच' को अलग अपराध की श्रेणी में रखने के लिए कानून में संशोधन का भी वक्त आ गया है? राजनेताओं एवं तथाकथित धर्मगुरुओं के नफरती, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ भाषणों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर कड़ी टिप्पणी की है। एक मामले पर दो दिनों तक चली सुनवाई में अदालत ने केंद्र सरकार से पूछा कि ऐसे नफरती भाषणों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई हुई है? हालांकि सर्वोच्च न्यायालय पहले भी अलग-अलग मामलों की सुनवाई करते हुए राजनेताओं और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों को सार्वजनिक मंचों से बोलते वक्त संयम बरतने की नसीहत दे चुका है, मगर इस प्रवृत्ति में कोई सुधार नजर नहीं आता। कई बार तो ऐसा महसूस होता है कि समाज एवं राष्ट्र में उन्माद, अराजकता एवं अशांति पैदा करने के लिए नफरती भाषण देने की विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एवं संप्रदायों के कतिपय स्वनामधन्य नेताओं में परस्पर होड़ लगी हुई। इस संबंध में धर्म संसदों में आपत्तिजनक भाषण, राजनीतिक सभाओं में घृणा एवं नफरती बोल एवं विभिन्न चैनलों पर बहस के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणियां के दौरान हेट स्पीच के मामलों ने गंभीर एवं जटिल स्थितियों को जन्म दिया है। इस तरह भारत की गौरवमय संस्कृति को धुंधलाना, 'वसुधैव कुटुम्बकम' एवं सर्वधर्म सद्भाव के मंत्रों को ध्वस्त करना, भारत की एकता और अखण्डता को बांटना अक्षम्य अपराध है। इसलिये इनदिनों देश के ताजा मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने 'हेट स्पीच' एवं नफरती बयानों-भाषणों पर तल्ख टिप्पणी की है। दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि नेता जिस दिन राजनीति में धर्म का इस्तेमाल छोड़ देंगे, नफरती भाषण भी बंद हो जाएंगे। भारत के लोग दूसरे समुदायों के लोगों का अपमान न करने, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सद्भावना कायम करने का संकल्प क्यों नहीं लेते? अदालत ने जवाहर लाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके भाषणों को लोग दूर-दूर से सुनने आत थे। वैसी नजीर अब कोई नेता क्यों पेश नहीं करना



चाहता। अदालत ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि लोग समुदाय विशेष को लेकर ही नफरती भाषणों के खिलाफ चुनिंदा तरीके से मुकदमें क्यों दर्ज कराते हैं। उनमें सभी समुदायों और पंथों के खिलाफ दिए गए नफरती भाषणों पर सख्ती क्यों नहीं दिखाई जाती। सर्वोच्च न्यायालय लंबे समय से ऐसे भाषणों, बयानों और तकरीरों के खिलाफ सख्त रहा है। बात केवल मुस्लिम कट्टरता एवं नफरती बयानों की ही नहीं है, करीब दो महीना पहले महाराष्ट्र में आयोजित सकल हिंदू समाज की रैली को लेकर भी न्यायालय ने निर्देश दिया था कि राज्य सरकार सुनिश्चित करे कि वहां कोई नफरती भाषण न होने पाए। उस रैली की वीडियो रिकार्डिंग का भी आदेश दिया था। जब जगह-जगह धर्म संसद करके समुदाय विशेष के खिलाफ नफरती और भड़काऊ भाषण दिए गए थे, तब भी अदालत ने सरकार को सख्त लहजे में इस पर काबू पाने को कहा था। मगर राजनीतिक दलों के प्रवक्ताओं और नेताओं को शायद ऐसी अदालती आदेशों-निर्देशों की कोई परवाह नहीं है। खुद सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात का उल्लेख किया है कि टीवी चैनलों पर आए दिन राजनीतिक दलों के प्रवक्ता सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले वक्तव्य देते रहते हैं। राजनेताओं से किसी भी ऐसे आचरण की अपेक्षा नहीं की जाती, जिससे सामाजिक ताने-बाने पर बुरा प्रभाव पड़ता है। मगर इस दौर की राजनीति का स्वरूप कुछ ऐसा बनता गया है कि दूसरे धर्मों, संप्रदायों, समुदायों के खिलाफ नफरती भाषण देकर अपना जनाधार बढ़ाने का प्रयास किया जाने लगा है। निश्चित ही यह विकृत एवं घृणित सोच वोट की राजनीति का हिस्सा बनती जा रही है। जाहिर है, उसमें भाषा की मर्यादा एवं शालीनता का भी ध्यान नहीं रखा जाता। स्थिति की गंभीरता का अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि अब तो राजनीतिक दलों के नेताओं के अलावा धार्मिक नेता भी अपने प्रवचनों में उत्तेजना और कटुता पैदा करने वाले शब्दों का ज्यादा इस्तेमाल करने लगे हैं। इस प्रवृत्ति पर अविलंब अंकुश लगाने की आवश्यकता है ताकि इस समस्या को नासूर बनने से पहले ही इस पर प्रभावी तरीके से नियंत्रण पाया जा सके। उम्मीद है कि विधि आयोग की रिपोर्ट पर केंद्र की ठोस कार्यवाही नहीं करने के बावजूद अब देश की शीर्ष अदालत हेट स्पीच के मुद्दे को लेकर जागरूक होते हुए उचित दिशा-निर्देश दे रही है। पूरे विश्व में आज जब हिंदुस्तान का डंका बज रहा है, तो देश के भीतर और देश के बाहर बैठी 'भारत विरोधी शक्तियां' एकजुट होकर साम्प्रदायिक सौहार्द एवं राष्ट्रीय एकता के ताने-बाने को क्षत-विक्षित करना चाहती है। ऐसी शक्तियां किसी भी तरह भारत से विकास का एक कालखंड छीन लेना चाहती हैं। भारत के लोगों में सहन करने की अद्भुत शक्ति रही है, लेकिन विदेशी ताकतें एवं देश की विरोधी शक्तियां उन्माद एवं नफरत के बीज बौने के तरह-तरह के षड़यंत्र रचते रहते हैं। सोचने की बात तो यह है कि साम्प्रदायिक भावनाओं एवं नफरती सोच को प्रश्रय देने वाले सम्प्रदाय एवं समुदाय खतरे से खाली नहीं हैं। उनका भविष्य कालिमापूर्ण है। तभी सर्वोच्च न्यायालय में इन मामलों की सुनवाई कर रही बेंच की अगुवाई कर रहे जस्टिस जोसेफ ने संयम, सहिष्णुता एवं सौहार्द की उपयोगिता को व्यक्त करते हुए कहा, 'सहिष्णुता क्या है? सहिष्णुता का सही अर्थ किसी को बर्दाश्त करना नहीं, बल्कि मतभेदों को स्वीकार करना है।' जरूरत है कि हमारे समाज में ऐसे मतभेदों को स्वीकारते हुए मनभेद को न पनपने दे। निश्चित ही राजनीतिक एवं साम्प्रदायिक स्वार्थों के चलते देश को जोड़ने की बजाय तोड़ने के प्रयास हो रहे हैं, जो अक्षम्य है। सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी से स्पष्ट है कि इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए सरकारों को संजीदगी दिखाने की जरूरत है। मगर विडंबना है कि ऐसे देश तोडक मामलों को रोकने की जरूरत नहीं समझी गई और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एवं धर्मगुरु विद्वेष पर भाषण देते रहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय की ताजा टिप्पणी को राजनीतिक दल एवं विभिन्न सम्प्रदायों के धर्मगुरु-धर्मनेता कितनी गंभीरता से लेंगे, यह कहना मुश्किल है। क्या भारत के लोग खुद ही संकल्प नहीं ले सकते कि वे दूसरे नागरिकों और समुदायों का अपमान नहीं करेंगे। आजादी के अमृत-काल में नफरत एवं उन्माद की आंधी को नियंत्रित करने के लिये विभिन्न धर्मों के बीच एकता, सौहार्द और समन्वय का उद्घोष करना होगा। तभी समूचा भारत नफरती सोच एवं हेट स्पीच के अशोभनीय-परिवेश से मुक्त होगा।

# प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ भारत की लड़ाई

प्लास्टिक की थैलियों की अनुमत मोटाई, वर्तमान में 50 माइक्रोन, होगी 30 सितंबर, 2021 से 75 माइक्रोन और 31 दिसंबर, 2022 से 120 माइक्रोन तक बढ़ाया गया। नीति स्तर पर, 2016 के नियमों के तहत पहले से उल्लिखित विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) की अवधारणा को बढ़ावा दिया जाना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य प्रदूषण निकायों के साथ, प्रतिबंध की निगरानी करेगा, उल्लंघनों की पहचान करेगा और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत पहले से निर्धारित दंड लगाएगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया है कि 22 राज्यों ने अतीत में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है, लेकिन इसका बहुत कम प्रभाव आर्द्रभूमि और जलमार्गों को चोक करने और महासागरों में ले जाकर माइक्रोप्लास्टिक में बदलने के संकट पर पड़ा है। अब तक, 22 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश प्लास्टिक प्रदूषण को मात देने की लड़ाई में शामिल हो गए हैं और कैरी बैग, कप, प्लेट, कटलरी, स्ट्रॉ और थर्मोकोल उत्पादों जैसे एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। भारत ने पिछले साल विश्व पर्यावरण दिवस पर घोषित अपने ₹बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन₹ संकल्प के लिए वैश्विक प्रशंसा भी हासिल की है, जिसके तहत उसने 2022 तक सिंगल-यूज प्लास्टिक को खत्म करने का संकल्प लिया है।

**भारत** ने हाल ही में नैरोबी में होने वाली पांचवीं संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा से एक महीने पहले प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए एक मसौदा प्रस्ताव जारी किया। कुछ अन्य देशों द्वारा प्रस्तुत मसौदों के विपरीत, भारत के ढांचे ने कानूनी रूप से बाध्यकारी होने के बजाय एक स्वैच्छिक दृष्टिकोण का प्रस्ताव दिया। 2019 में, केंद्र सरकार ने 2022 तक भारत को एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक से मुक्त करने के लिए, देश भर में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए एक बहु-मंत्रालयी योजना बनाई थी। वर्तमान में, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 देश में 50 माइक्रोन से कम मोटाई वाले कैरी बैग और प्लास्टिक शीट के निर्माण, आयात, स्टॉकिंग, वितरण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगाता है। पर्यावरण मंत्रालय ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम, 2021 को अधिसूचित किया है। ये नियम 2022 तक विशिष्ट एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं पर रोक लगाते हैं, जिनकी ₹कम उपयोगिता और उच्च कूड़ेदान क्षमता₹ है। प्लास्टिक की थैलियों की अनुमत मोटाई, वर्तमान में 50 माइक्रोन, होगी 30 सितंबर, 2021 से 75 माइक्रोन और 31 दिसंबर, 2022 से 120 माइक्रोन तक बढ़ाया गया। नीति स्तर पर, 2016 के नियमों के तहत पहले से उल्लिखित विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) की अवधारणा को बढ़ावा दिया जाना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य प्रदूषण निकायों के साथ, प्रतिबंध की निगरानी करेगा, उल्लंघनों की पहचान करेगा और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत पहले से निर्धारित दंड लगाएगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया है कि 22 राज्यों ने अतीत में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है, लेकिन इसका बहुत कम प्रभाव आर्द्रभूमि और जलमार्गों को चोक करने और महासागरों में ले जाकर माइक्रोप्लास्टिक में बदलने के संकट पर पड़ा है। अब तक, 22 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश प्लास्टिक प्रदूषण को मात देने की लड़ाई में शामिल हो गए हैं और कैरी बैग, कप, प्लेट, कटलरी, स्ट्रॉ और थर्मोकोल उत्पादों जैसे एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। भारत ने पिछले साल विश्व पर्यावरण दिवस पर घोषित अपने बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन संकल्प के लिए वैश्विक प्रशंसा भी हासिल की है, जिसके तहत उसने 2022 तक सिंगल-यूज प्लास्टिक को खत्म करने का संकल्प लिया है। राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर – उदाहरण के लिए, सभी पेट्रोकेमिकल उद्योगों को – प्रतिबंधित वस्तुओं में लगे उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति नहीं करने के निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदूषण नियंत्रण समितियां एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं में लगे उद्योगों के लिए वायु/जल अधिनियम के तहत जारी सहमति को संशोधित या रद्द कर देंगी। स्थानीय अधिकारियों को इस शर्त के साथ नए वाणिज्यिक लाइसेंस जारी करने का निर्देश दिया गया है कि उनके परिसर में एसयूपी आइटम नहीं बेचे जाएंगे, और मौजूदा वाणिज्यिक लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे यदि वे इन वस्तुओं को बेचते पाए गए। कम्पोस्टेबल प्लास्टिक के 200 निर्माताओं को एकमुश्त प्रमाणपत्र जारी किया है और बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक के लिए बीआईएस मानकों को पारित किया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत दंडित किया जा सकता है – जो 5 साल तक की कैद, या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना, या दोनों की अनुमति देता है। उल्लंघनकर्ताओं को पर्यावरण क्षति मुआवजे का भुगतान करने के लिए भी कहा जा सकता है। प्लास्टिक पर कानूनी रूप से बाध्यकारी वैश्विक संधि के गुण सभी देशों पर कानूनों का एक समान सेट लागू होता है जिससे प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए दुनिया भर में संचयी प्रयास को बढ़ावा मिलता है। भूमि, समुद्री आदि सभी प्रकार के प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए वैश्विक अभियान को मजबूत करता है। प्लास्टिक प्रदूषण से लड़ने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए एक वित्तीय तंत्र बनाने में मदद करता है। सभी देश संधि का पालन करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं क्योंकि प्लास्टिक का विकल्प अवहनीय या दुर्गम या अनुपलब्ध हो सकता है। सामान्य लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों के सिद्धांत के खिलाफ जाता है। उपभोक्ताओं के रूप में, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे घरों से निकलने वाले सभी प्लास्टिक कचरे को अलग किया जाए और खाद्य अपशिष्ट से दूषित न हो। प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन के लिए प्रभावी ज्ञान की आवश्यकता होती है, न केवल प्लास्टिक का उत्पादन करने वालों में बल्कि इसे संभालने वालों में भी। ब्रांड के मालिक और निर्माता को यह समझने की कोशिश करनी चाहिए कि पैकेजिंग का उद्देश्य पूरा होने के बाद एक प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्री का क्या अंजाम होगा। नागरिकों को व्यवहार में बदलाव लाना होगा और कूड़ा नहीं फैलाना होगा और अपशिष्ट पृथक्करण और अपशिष्ट प्रबंधन में मदद करनी होगी। चिन्हित एकल उपयोग प्लास्टिक वस्तुओं और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के डिजिटल समाधानों के विकल्प के विकास में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए, स्टार्ट-अप इंडिया पहल के तहत मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थानों और स्टार्ट-अप के छात्रों के लिए इंडिया प्लास्टिक चैलेंज- हैकथॉन 2021 का आयोजन किया गया है। कॉटन, खादी बैग और बायो-डिग्रेडेबल प्लास्टिक जैसे विकल्पों को बढ़ावा देकर पर्यावरण के अनुकूल और उद्देश्य के अनुकूल विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करें जो अधिक नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। समर्थन में कर छूट, अनुसंधान और विकास निधि, प्रौद्योगिकी ऊष्मायन, सार्वजनिक-निजी भागीदारी, और उन परियोजनाओं का समर्थन शामिल हो सकता है जो एकल-उपयोग की वस्तुओं को रीसायकल करते हैं और कचरे को एक संसाधन में बदल देते हैं जिसे फिर से उपयोग किया जा सकता है। विकल्प बनाने के लिए प्रयुक्त सामग्री के आयात पर करों को कम करना या समाप्त करना। उद्योग को कर छूट या अन्य शर्तों को लागू करके इसके संक्रमण का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करें। प्लास्टिक पैकेजिंग के आयातकों और वितरकों सहित सरकारों को प्लास्टिक उद्योग के प्रतिरोध का सामना करना पड़ेगा। उन्हें अनुकूल होने का समय दें।



## देश दुनीया से

# हर साल लाखों की जान क्यों ले रहा टीबी

**टीबी** एक ऐसी बीमारी है, जिसने 19वीं सदी में बड़ी संख्या में लोगों की जान ली। अजीब बात है कि आज भी यह संक्रामक बीमारी दुनिया में सबसे अधिक जानें ले रही है। फिर भी इस आपदा की ओर से लोगों ने आंखें बंद कर रखी हैं। 2030 तक के लिए तय किए गए सस्टेनेबल डिवेलपमेंट गोल्स में से ज्यादातर में हम पीछे चल रहे हैं, लेकिन टीबी के मामले में स्थिति कहीं बुरी है। कोरोना महामारी के दौरान जब दुनिया भर में लॉकडाउन लगा तो उससे यह मसला और गंभीर हुआ। इस दौरान कई लोगों में इस बीमारी की पहचान नहीं हो सकी और इसी वजह से उनका इलाज भी नहीं हो पाया। ऐसे में 2030 तक टीबी को लेकर जो लक्ष्य तय किए गए हैं, उसे हासिल करना मुश्किल लग रहा है। वहीं, दूसरे लक्ष्यों को लेकर अभी जो स्थिति है, उसे देखकर लग रहा है कि सभी लक्ष्यों को हासिल करने में 50 साल की देरी होगी। इसकी असल वजह यह है कि इसके तहत 169 प्राथमिकताएं तय की गई हैं, जो बहुत बड़ी संख्या है। इससे पोषण, शिक्षा और टीबी जैसी चुनिंदा समस्याओं और उनसे जुड़े लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो गया है। इन 169 प्राथमिकताओं में रीसाइक्लिंग, शहरी पार्क और पर्यावरणसम्मत जीवनशैली जैसी चीजें भी शामिल हैं, जबकि ये शिक्षा, टीबी और पोषण जितनी महत्वपूर्ण नहीं हैं। फिर भी टीबी को लेकर हाल में हुए एक शोध से उम्मीद जगी है। इस शोध के नतीजों को डॉक्टरों के बड़े वर्ग से भी मान्यता मिली है। अगर इन नतीजों पर अमल किया जाए तो टीबी पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। इस शोध का एक संदेश यह भी है कि 2030 तक के लिए डिवेलपमेंट गोल्स की अहम प्राथमिकताओं में इसे शुमार किया जाए। आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनिया में जितने भी लोग हैं, उनमें से 25 फीसदी में टीबी का बैक्टीरिया है। यहां तक कि यूरोप और अमेरिका जैसे अमीर देशों में भी हर 10वें शख्स में यह कीटाणु है। लेकिन जिन्हें अच्छा और पौष्टिक भोजन मिलता है, उनमें यह रोग का रूप धारण नहीं कर पाता। हर साल करीब 1 करोड़ लोगों को टीबी होती है। लेकिन संसाधनों की कमी के कारण 2021 में सिर्फ 60 लाख लोगों में ही इस मर्ज की पहचान हो पाई। यह बात इसलिए गंभीर है क्योंकि टीबी के जिन मरीजों का इलाज नहीं होता, उनमें से 50 फीसदी की मौत हो जाती है। और जिन लोगों की मौत नहीं होगी, वे इसे दूसरों में फैलाना जारी रखेंगे। अगर कोई इस रोग से पीड़ित है तो वह साल भर में औसतन 5 से 15 लोगों को संक्रमित कर सकता है। 2021 में जिन 60 लाख टीबी के मरीजों की पहचान हुई और जिनका इलाज चल रहा है, उसमें भी दिक्कतें आ रही हैं। इस मर्ज के इलाज के लिए 6 महीने तक दवाएं लेनी पड़ती हैं, लेकिन इनके कई साइड-इफेक्ट भी होते हैं। साथ ही, इन दवाओं से बुखार और वजन में कमी जैसे टीबी के मुख्य लक्षण कुछ ही हफ्तों में चले जाते हैं, इसलिए कई लोग बीच में ही इलाज बंद कर देते हैं। इससे न सिर्फ बीमारी के दूसरों में फैलने की आशंका बढ़ जाती है बल्कि यह डर भी रहता है कि टीबी के बैक्टीरिया कहीं दवाओं के प्रति प्रतिरोधी क्षमता न हासिल कर लें। ऐसी स्थिति में इलाज डेढ़ से दो साल तक लंबा खिंच जाता है और खर्च भी पहले से अधिक आता है। टीबी की रोकथाम के लिए हम इससे कहीं अधिक कर सकते हैं। पहले तो अधिक से अधिक लोगों की जांच होनी चाहिए और यह भी पक्का किया जाए कि मरीज दवा का पूरा कोर्स पूरा करें। कोपेनहेगन कंसेंसस की एक नई शोध से पता चला है कि इस काम के लिए और 5 अरब डॉलर सालाना की जरूरत पड़ेगी। 2018 में संयुक्त राष्ट्र ने 2022 तक इस मद में हर साल 6-7 अरब डॉलर खर्च करने का वादा किया था। अफसोस की बात यह है कि 2018 के बाद से इस खर्च में कमी आई है। टीबी के लिए 5 अरब डॉलर की अतिरिक्त मदद से 95 फीसदी लोगों में इस रोग का पता लगाया जा सकेगा। इसके साथ लोगों को 6 महीने तक दवा का कोर्स पूरा करने के लिए कुछ अतिरिक्त इंसेंटिव दिए जा सकते हैं।

2030 तक के लिए तय किए गए सस्टेनेबल डिवेलपमेंट गोल्स में से ज्यादातर में हम पीछे चल रहे हैं, लेकिन टीबी के मामले में स्थिति कहीं बुरी है। कोरोना महामारी के दौरान जब दुनिया भर में लॉकडाउन लगा तो उससे यह मसला और गंभीर हुआ। इस दौरान कई लोगों में इस बीमारी की पहचान नहीं हो सकी और इसी वजह से उनका इलाज भी नहीं हो पाया। ऐसे में 2030 तक टीबी को लेकर जो लक्ष्य तय किए गए हैं, उसे हासिल करना मुश्किल लग रहा है। वहीं, दूसरे लक्ष्यों को लेकर अभी जो स्थिति है, उसे देखकर लग रहा है कि सभी लक्ष्यों को हासिल करने में 50 साल की देरी होगी।

## कुछ अलग

# कौन हैं असली दोषी ?

**मई** 2008 के जयपुर सीरियल ब्लास्ट मामले में राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला न केवल चौंकाता है बल्कि कई अहम सवाल भी खड़े करता है। उन भीषण धमाकों में 71 लोगों की मौत हुई थी और 200 लोग घायल हुए थे। इस मामले में गिरफ्तार किए गए पांच लोगों में से चार को विशेष अदालत ने दिसंबर 2019 में फांसी की सजा सुनाई थी, जबकि एक शख्स को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। अब हाईकोर्ट ने इन चारों को बरी कर दिया है। उसके मुताबिक, इनके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पेश नहीं किए गए। पुलिस को लापरवाही का दोषी पाते हुए हाईकोर्ट ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू करने के निर्देश भी दिए हैं। उसकी इस बात से सहमति जताई जा सकती है कि किसी भी मामले में साक्ष्यों की परख कड़ाई से की जानी चाहिए। लेकिन सवाल यह है कि साक्ष्यों की परख का पैमाना क्या हो? हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस ने लापरवाही बरती और ठोस अकाट्य सबूत नहीं जुटाए। लेकिन फांसी की सजा सुनाने वाली विशेष अदालत का कहना था कि ऐसे मामलों में चश्मदीद गवाहों का मिलना मुश्किल होता है। इसलिए परिस्थितियों और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर फैसला दिया जा सकता है। तो सवाल तो उठता है कि ऐसे मामलों में परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर फैसला दिया जाना चाहिए या नहीं? दो भिन्न अदालतों के इतने अलग-अलग फैसले देख कर आम लोगों के मन में भी सवाल उठना लाजिमी है। यह कोई सामान्य बात तो नहीं कि जिन साक्ष्यों को एक अदालत ने फांसी जैसी सजा के लिए काफी माना, उन साक्ष्यों को दूसरी अदालत ने किसी भी सजा के लायक नहीं माना। उसने सबको बरी कर दिया। तो क्या पकड़े गए इन लोगों का सीरियल ब्लास्ट से कोई लेना-देना ही नहीं था? पुलिस ने निर्दोष लोगों को पकड़ लिया था? अगर ऐसा है तो फिर वे कौन लोग थे, जिन्होंने सीरियल ब्लास्ट को सचमुच अंजाम दिया था? क्या वे अब भी खुले घूम रहे हैं? हर हाल में पुलिस तंत्र और न्याय व्यवस्था को कड़े सवालों का सामना करना ही पड़ेगा। गौर करने की बात है कि यह कोई अकेला मामला नहीं है। बम धमाकों और आतंकी हमलों से जुड़े कई मामलों में पकड़े गए लोग ऊपरी अदालतों से छूटते रहे हैं। ऐसे में इस मामले को एक नजीर की तरह लेते हुए यह देखना जरूरी है कि आखिर गड़बड़ी कहां हो रही है? क्या पुलिस दोषियों को पकड़ने में आवश्यक सावधानी नहीं बरत रही या उनके खिलाफ सबूत जुटाने में लापरवाही हो रही है या फिर साक्ष्यों को परखने की प्रक्रिया में ही ऐसी कसौटियां अपनाई जा रही हैं, जो व्यावहारिक नहीं हैं? उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट में इन तमाम पहलुओं पर न सिर्फ बारीकी से विचार होगा बल्कि व्यावहारिक राह भी निकाली जाएगी।

## नागरिक बोध

# जनता जनार्दन ने बारी बारी यूपी में हर दल को सत्ता के गलियारों तक पहुंचाया

**देश** के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में हर दल को सत्ता के गलियारों तक पहुंचाने में जनता जनार्दन ने अहम भूमिका निभाई है। सबसे ज्यादा शासन कांग्रेस ने किया। समाजवादी, कांग्रेस,भाजपा और बहुजन समाज पार्टी ने बारी बारी सत्ता का सुख हासिल किया है। सत्ता के नशे में राज्य को अभावग्रस्त बना दिया। राज्य में चारो तरफ अराजकता व्याप्त थी। कानून का कोई शासन नही था। बहन बेटियो की इज्जत से खिलवाड़,भयग्रस्त जीवन ,भ्रष्टाचार, बेईमानी जुठ फरेब की राजनीति को जनता से पछाड़ फेंका है। योगी को सत्ता मिलने के बाद भयाक्रांत सत्ता लोलुप राजनेताओ को चैन नही है। गुण्डाराज और जंगलराज के लेबल से बाहर निकाल कर भाजपा ने कानून व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए जनता सरकार की सराहना करती थकती नही है। समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते सवालों के घेरे में जरूर रहते है। उनके कार्यकाल में गुंडाओ को सरंक्षण देने और अतीक अहमद जैसे माफियो को शरण देने पर सवाल के जवाब में सदन में हड़कंप मच गया था। बहुजन समाजवादी पार्टी की मुखिया मायावती को सूबे की सत्ता तक पहुंचाने का जनता ने सुनहरा मौका दिया था। दलित,मुस्लिम और पिछड़ा वर्ग को लुभाने और मतदाताओं को रिझाने में भरपूर कोशिश की गई। मायावती को दोनों विधानसभा में हार के बाद पुनः नए समीकरण के साथ मायावती ने निकाय चुनाव में कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए है। समाजवादी दो टर्म से सत्ता से बाहर है। जबकि मायावती डेढ़ दशक से सत्ता पर नही होने के कारण रास्ट्रीय पार्टी का दर्जा रहने और नही रहने पर आशंका जताई जा रही है। पार्टी के कम प्रतिशत वोट के कारण खराब परिस्थितिया पैदा हो चुकी है। योगी के विकासवाद ने उत्तरप्रदेश की राजनीतिक दलों की कामयाबी में सेंध लगा दी है। जिसके योगी और भाजपा हरदम विपक्ष के निशाने पर रहते है।

# जल नल योजना में अनियमितता लाभुकों में आक्रोश

## सड़क पर बह रहा है पानी आवागमन में परेशानी

### पहले दिन ही फटा पाइप, सड़क हुआ टापू में तब्दील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के कटिया गांव में नल जल योजना में भारी अनियमितता बरती गई है जिससे लोगों में आक्रोश है।

योजना के ट्रायल में हैं सड़क पर बिछाया गया पाइप फट गया जिससे पानी फावारा के तरह निकल रही हैं। पानी के लगातार रिशाव से सड़क कीचड़ में तब्दील है जिससे लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लाभुकों ने बताया की योजना के निर्माण में भारी लूट घसोट की गई है।

योजना में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है।बोरिंग की गहराई में चोरी की गई है। टावर के स्थापित करने में सीमेंट और छरी आदि का उपयोग भी घटिया स्तर का किया गया है। घरों तक पहुंचाया जाने वाले पाइप ट्रायल में ही फट जा रहे हैं।जो उसके घटिया होने का सबूत दे रहें हैं।ग्रामीणों ने आगे कहा कि लाभुकों से संवेदक ने आधार कार्ड ले लिया है।

किंतु कनेक्शन नहीं दिया है और संवेदक काम को आधा अधूरा छोड़कर फरार हो गया है। ग्रामीणों का यह भी आरोप था की योजना शुरू होने से लेकर आखिरी तक कोई भी इंजीनियर इसे देखने नहीं आए जिसके कारण संवेद है मनमानी कर योजना को जीर्ण श्रीन कर छोड़ दिया।

स्थानीय मुख्य अनीता देवी ने उपायुक्त से श्रम संज्ञान लेकर योजना को पूर्ण कराने की मांग की है ताकि सरकार के महत्वपूर्ण योजना का लाभ लाभुकों को मिल सके। इधर जाइए अविनाश कुमार ने बताया कि अभी ट्रायल चल रहा है अगर कोई त्रुटि होगी तो उसे सुधार कर योजना पूर्ण कराया जाएगा।

गौरतलब है कि लगभग पूरे प्रखंड से जल नल योजना में भारी अनियमितता की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही है किंतु विभाग इस पर कोई संज्ञान नहीं ले रहा है और पूछे जाने पर सिर्फ खानापूर्ति कर उसे छोड़ दिया जा रहा है जिससे संवेदक मालामाल हो रहे हैं और इसका खामियाजा लाभुकों को भुगतना पड़ रहा है।

# नगर थाना साहेबगंज में शांति समिति की बैठक आयोजित

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च

### उपायुक्त वं पुलिस अधीक्षक ने शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की जनता से की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहेबगंज :** उपायुक्त सह ज़िला दंडाधिकारी राम निवास यादव की अध्यक्षता में नगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी।बैठक में पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा समेत साइबर डीएसपी देवघर, पुलिस उपाधीक्षक जामताड़ा,पुलिस उपाधीक्षक पाकुर, एसडीपीओ बरहरवा शांति समिति के सदस्य बरकत अली खान, चंद्रेश्वर प्रसाद सिन्हा, नगर परिषद के अध्यक्ष श्रीनिवास यादव नगर परिषद के उपाध्यक्ष अनुमंडल पदाधिकारी सदर राहुल जी आनंद जी, नगर थाना प्रभारी धर्मपाल कुमार एवं गणमान्य उपस्थित हुए।बैठक के क्रम में उपायुक्त राम निवास यादव ने उपस्थित प्रबुद्ध जनों से कहा कि शहर में कोई गैर जिम्मेदाराना हरकत के मद्देनजर दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस क्रम में उन्होंने ज़िलेवसियों से अपील किया है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान ना दें साथ ही सौहार्द बिगाड़ने वाला कोई भी खबर, तस्वीर,पोस्ट आदि सोशल मीडिया के माध्यम से फॉरवर्ड ना करें। उन्होंने सभी से कहा कि आप सभी का सहयोग पूर्व से ही मिलता रहा है जिससे हर समुदाय के लोग पर्व त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाते आ रहे हैं अभी भी आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है इसलिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन आप सभी से सहयोग की अपेक्षा करता है।बैठक के दौरान शहर के गणमान्य एवं प्रबुद्ध लोगों ने अपने अपने सुझाव साधा किए जहां उन्होंने कई चिन्हित स्थानों पर डाइट की पूर्ण व्यवस्था करने कुछ संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने, जुलूस एवं प्रोसेशन आदि के समय बैरिकेडिंग की व्यवस्था करने, कई स्थानों पर जुलूस के समय सीसीटीवी कैमरा लगाकर निगरानी करने, खराब पड़े सीसीटीवी कैमरा को ठीक कराने आदि का आग्रह किया। वहीं उपायुक्त यादव ने सभी गणमान्य से कहा कि आपकी मांगों को जिला प्रशासन सुनिश्चित कराने का हर संभव प्रयास करेगा। वही उन्होंने सभी से आपसी भाईचारे को बनाए रखने एवं प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया।

जबकि पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा ने भी कहा की जिले में अमन-चैन बना रहे लोग आपसी भाईचारे के साथ पर्व त्योहार मनाएं एवं भविष्य में कभी ऐसी घटना सामने ना आए इसके लिए पुलिस प्रशासन जिला प्रशासन एवं आप सभी गणमान्य का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि हम सभी को इसके लिए आगे आना होगा एवं पर्व त्योहारों में जुलूस के दौरान स्वयं भी निगरानी करनी होगी तथा ऐसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर सूचना पुलिस को देनी पड़ेगी। इसके अलावा ऐसी स्थिति में हमें पूरी सतर्कता और समन्वय के साथ कार्य करने की जरूरत है एवं अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए हमें अफवाहों पर नत्थू ध्यान देना है नहीं ऐसी कोई पोस्ट तस्वीर आदि को साझा करना है। शांति समिति की बैठक के अलावे दोपहर में उपायुक्त रामनिवास यादव एवं पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा की नेतृत्व में नगर थाना के होते हुए भारतीय कॉलोनी, चौक बाजार, एलसी रोड आदि स्थानों तक फ्लैग मार्च निकाला गया जहां पुलिस बल के साथ उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी ने शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील भी की।

### भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय की अनुसेविका सामो खातून हुई सेवानिवृत्त

# उपायुक्त समेत अन्य वरीय पदाधिकारियों ने सम्मानित कर दी विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय की अनुसेविका सामो ख़ातून के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन आज समाहरणालय सभा कक्ष में किया गया।

इस समारोह में उपायुक्त अबु इमरान समेत उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, भूमि सुधार उप समाहर्ता गौरांग महतो समेत समाहरणालय के कार्यालय कर्मी सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर उपायुक्त ने सामो ख़ातून द्वारा उत्तरदायित्व की पूर्णता एवं कार्यों के सकुशल निर्वहन के लिए प्रशंसा करते हुए पुष्प गुच्छ एवं शॉल देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने सामो खातून के सुखद पारिवारिक जीवन एवं स्वस्थ दीर्घायु जीवन हेतु शुभकामनाएं दिया। वहीं उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता ने भी कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शॉल देकर सम्मानित कर शुभकामनाएं दिया। उक्त मौके पर उपस्थित कार्यालय कर्मियों ने भी उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दिया।

# आन्दोलन से काम नहीं बनी तो होगी आर पार की लड़ाई : दिलीप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** धरमपूर मोड़ स्थित महेंद्र प्रसाद की आवास में बैठक में उपस्थित पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के प्रदेश सचिव दिलीप नाथ साहू ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद वेश्य महासभा के जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद सुधीर साहू ,दिलीप साहू ने प्रेस वार्ता कर बताया कि लातेहार जिला सहित अन्य जिला में ओबीसी के आरक्षण जीरो होना ओबीसी के लिए बज्रपात के समान है।अगर इस पर सुधार नहीं किया गया तो सातों जिला में ओबीसी के लोग बड़ा आंदोलन करके बंद प्रदर्शन कर के अपनी मांगों को रखेंगे और अगर आंदोलन से भी काम नहीं बनी तो आर पार के लड़ाई होगी।इस पर किसी राजनीतिक पार्टी ने सहमति नहीं दी तो उस को हराने के काम करेंगे और जो सहम्मति देगा उसी को अपना समर्थन देंगे।

वहीं जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने बताएं कि ओबीसी अब जाग चुकी है। रोड से लेकर सदन तक अपना आवाज को बुलंद करेंगे, अपना मत का प्रयोग बड़ी सोच समझ कर करेंगे।

महेंद्र प्रसाद ने बताएं कि हमसे लोग वोट लेकर के राज करते हैं। मगर हमारी पीड़ा कोई नहीं समझ रहा है।अब हम रोड पर उतरेंगे अपना हक और अधिकार ले कर रहेंगे। वहीं मौके पर सुधीर साहू,शंभू प्रसाद, अरबिंद कुमार, विरेन्द्र प्रसाद, संजय प्रजापति, रामकुमार, सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## तेज आंधी तूफान में उजड़ा गरीब परिवार का आशियाना

**लातेहार( प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरयू प्रखंड अंतर्गत चोरहा पंचायत ,ग्राम मुरपा गांव में तेज आंधी पानी के कारण रामपियाल नायक का घर हुआ क्षतिग्रस्त। पीड़ित परिवार रामपियाल नायक ने बताया कि शनिवार के देर शाम तेज आंधी पानी आई और घर में लगे अल्बेस्टर को उड़ा ले गया। उन्होंने बताया कि तेज आंधी पानी के समय परिवार के सभी सदस्य घर के अंदर मौजूद थे, अचानक से आंधी तूफान चलने लगी और घर का अल्बेस्टर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया, उन्होंने बताया कि बड़ी अनहोनी घटना घटने से बाल बाल बच गए, परिवार का सभी सदस्य समय रहते ही घर से बाहर निकल गए जिससे लोग सुरक्षित है। रामपियाल नायक ने बताया कि घर का अल्बेस्टर उड़ जाने के कारण घर का अंदर पानी घुसने लगा और घर में रखे अन्य सामान बर्बाद हो गया। बताया जाता है कि आशियाना उजड़ने के बाद, परिवार का सभी सदस्य एक दूसरे के घर जाकर शरण लिया। वही पीड़ित परिवारों ने प्रखंड प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## शिशु विद्या मंदिर में हवन पूजन के साथ शुरू हुआ सत्र

**लातेहार( प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के बाजकुम स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लातेहार स्टेशन में आज दिनांक 03अप्रैल दिन सोमवार को प्रातः 8 बजे से विधिवत हवन, पूजन, हनुमान चालीसा पाठ एवं गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ विद्यालय में नया सत्र आरंभ हुआ। मार्च के अंतिम तिथि को परीक्षा परिणाम विवरण कर दिया गया।अगली कक्षा में प्रवेश पाने की खुशी में विधार्थी खुश होकर घर पहुंचे। स्कूलों में भी खुशनुमा माहौल रहा अप्रैल से स्कूल में नया शैक्षिक सत्र शुरू हो जाएगा।वहीं हवन पूजन के उपरांत विद्यालय में सह भोज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस सह भोज में लातेहार जिला के जिला संघचालक माननीय राजमणि प्रसाद, सह संघचालक अनिल ठाकुर , जिला कार्यवाह धर्मेंद्र जायसवाल, विद्यालय के सचिव विवेक कुमार गुप्ता, सह सचिव कृष्ण कांत दुबे , कोषाध्यक्ष भुवन भास्कर, एवं समाज के गणमान्य लोग, विद्यालय परिवार, समिति परिवार उपस्थित हुए।

## हवन पूजन के साथ नया सत्र आरंभ

**बोरियो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बोरियो में सोमवार के दिन नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हवन पूजन के साथ हुआ। बोरियो के दनवार मोहल्ले में स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पुरोहित मदन पांडे के द्वारा विद्यालय के आचार्य सरयू प्रसाद यादव को पूजन करवाया गया। इसके बाद सभी आचार्य, आचार्यो एवं भैया बहनों ने हवन में आहुतियाँ दीं।इस मौके पर विधालय समिति के सचिव श्री विपद भंजन रूज ने कहा कि विद्या भारती योजनानुसार झारखंड के सभी विद्यालयों में आज के दिन हवन-पूजन के साथ नए सत्र का आरंभ किया जाता है। इसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु हम ईश्वर की आराधना कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

उन्होंने भैया-बहनों को नए सत्र की शुभकामनाएं देते हुए उनसे उम्मीद की है कि वे अपनी सकारात्मक क्षमता का प्रदर्शन कर विद्यालय तथा परिवार को समाज में प्रतिष्ठित करेंगे। हवन पूजन कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के आचार्य मुकुल कुमार, राजेंद्र प्रसाद भगत, अवध बिहारी रजक, विष्णु रक्षित, गौतम दत्ता, श्रीकांत कुमार, आचार्या में अलका देवी, सुलेखा कुमारी एवं सुचित्रा कुमारी मौजूद थे।

# अखिल भारतीय दांगी समाज का ग्राम स्तरीय विस्तार, हुआ विभिन्न पदों का हुआ चुनाव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र सिंघानी गांव में अखिल भारतीय दांगी समाज का किया गया विस्तार इस बैठक को नारायण राम दांगी जी की अध्यक्षता में किया गया। और संचालन बासुदेव दांगी जी किए ,इस बैठक में हमारे अखिल भारतीय दांगी समाज के प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण कुमार दांगी, कोषा अध्यक्ष रामचंद्र दांगी जिला कार्यकारणी सदस्य बासुदेव दांगी ,सिंघानी पंचायत मुखिया राधिका देवी के पुस्थिति में किया गया। जिसमे दांगी समाज द्वारा कई उद्देश्यों पर किया गया चर्चा, जो समाज के लिए एक नई सोच एक नई किरण के साथ समाज को आगे लाने का लिया गया निर्णय जिसमे दांगी समाज के कई बुद्धिजीवियों का सबसे ज्यादा जोर शिक्षा को ले कर रहा और दांगी समाज के दबे कुचले गरीब भाई बहन अर्थ के अभाव में सही से शिक्षा नही ले पाते अर्थ के अभाव में बीमारी से मृत्यु हो जाती है ।अर्थ के अभाव में गरीब बेटी की शादी नही हो पाती है उन सभी पहुल्वो पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया कई दांगी समाज के भाई अभी भी हमारे समाज से बिछड़े है उन्हे भी जोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया गया इसके साथ बैठक में दांगी समाज के कई पदो के लिए सदस्य चुने गए जो की इस समाज को आगे सही दिशा दे सके जिस्मे

अध्यक्ष पद के लिए ,डोमन राम दांगी चुने गए।उपाध्यक्ष जागेश्वर राम दांगी,सचिव ओमप्रकाश दांगी , कोषा अध्यक्ष संजय दांगी ,मीडिया प्रभारी कैलाश दांगी, संरक्षक नारायणराम दांगी, नागेश्वर राम दांगी, हरिलाल दांगी, गुपेंद्र दांगी,तिलेश्वर दांगी, अनंत कुमार कुशवाहा चयनित हुवे, इस बैठक में ऐसे कई सैकडो दांगी जाति के सदस्य उपस्थित हुवे।अपने समाज को जोड़ने और एकजुट होने का महत्ता को जाना।

## शांतिपूर्ण तरीके से मैट्रिक की परीक्षा संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उधवा :** झारखंड अधिविद्य काउंसिल रांची द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा सोमवार को उधवा प्रखंड के तीन परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। जानकारी के अनुसार तीनों परीक्षा केन्द्रों में संस्कृत विषय की परीक्षा हुई। इस दौरान प्लस टू उच्च विद्यालय उधवा के केन्द्राधीक्षक अमीत कुमार मंडल ने बताया कि संस्कृत विषय की परीक्षा में कुल 319 में 309 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। वहीं प्लस टू उच्च विद्यालय राधानगर के केन्द्राधीक्षक रवि मिश्रा ने बताया कि कुल 191 में से 190 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। वहीं राजकीय मध्य विद्यालय उधवा के केंद्राधीक्षक रोशन भगत ने बताया कि कुल 232 में से 224 परीक्षार्थी उपस्थित रहें। जबकि 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। मौके पर एई सह दण्डाधिकारी विकास चौधरी, कुलदीप कुमार रजक, सकलदेव मंडल, ओमप्रकाश आर्य, अनिल प्रमाणिक, सफाउर रहमान, हबीबुर रहमान, नाईम अख्तर सहित अन्य मौजूद थे।

# द क्रिसेंट स्कूल में नामांकन शुरू

## लातेहार के द क्रिसेंट स्कूल में बच्चों के भविष्य सुधारने का है एक सुनहरा मौका





### द क्रिसेंट स्कूल में बच्चों का भविष्य सुधारने का है सुनहरा मौका

क्या आप भी चाहते हैं अपने बच्चों का भविष्य संवारना ? क्या आप भी चाहते हैं कि आपके बच्चों को कम खर्च में मिले अच्छी शिक्षा ? तो द क्रिसेंट स्कूल लाया है आपके बच्चों का भविष्य सुधारने का एक सुनहरा मौका। याहां आपके बच्चों को ना केवल मिलेगी शिक्षा, अपितु उन्हें मिलेगी कई सारी अन्य सुविधाएं, खेल, कम्प्यूटर का शिक्षा आदि। साथ ही बिच बिच में कई तरह के ऑफर भी दी जाती है।

**संजय प्रजापति@प्रभात मंत्र**

**लातेहार :** शहर स्थित रेलवे स्टेशन रोड में द क्रिसेंट स्कूल में सत्र 2023-24 के लिए नामांकन अप्रैल के अंत तक जारी रहेगा। इसकी जानकारी विद्यालय कि प्राचार्य सालेहा तरन्नुम? ने दी। मार्च के अंतिम तिथि को परीक्षा परिणाम का वितरण कर दिया गया। अगली कक्षा में प्रवेश पाने की खुशी में बच्चें खुश होकर घर पहुंचे। स्कूलों में भी खुशनुमा माहौल रहा। पहली अप्रैल से स्कूल में नया शैक्षिक सत्र शुरू हो जाएगा। ज्ञात हो कि द क्रिसेन्ट स्कूल सन् 2014 से रेलवे स्टेशन बाईपास रोड धोबी मुहल्ला में चल रहा है। जिसमें कक्षा प्रेप, नर्सरी, एल केजी, यूकेजी, तथा कक्षा एक से पाँच तक की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से होती है।स्वच्छ एवं सुन्दर, वातावरण में पुस्तकालय, कम्प्यूटर खेल कुद की सुविधा है। साथ ही विधालय के द्वारा कई तरह के ऑफर भी दी जाती है।बच्चें को उस लायक़ तैयार किया जाता है कि बड़े से बड़ों विधालय में नामांकन करा सकें। प्रत्येक वर्ष यहाँ के बच्चें पाँचवी पास कर के संतजेविर, डॉनवास्को, सरस्वती विद्या मंदिर, जैसे स्कूलों में जाते हैं। विद्यालय के निदेशक जुल्फेकार अहमद ने बताया कि आगामी सत्र से आवसीय की भी व्यवस्था कि जाएगी, जिसमें अंग्रेजी बोल चाल की, प्राथमिकता दी जाएगी।वहीं प्राचार्य सालेहा ने कहा कि लातेहार अती सुदूरवर्ती क्षेत्र है। जहां ग्रामीण इलाकों में दूर,दूर तक कोई अच्छा विधालय नहीं है। लोग शिक्षा के प्रति जागरूक तो जरूर हुए हैं। परंतु गांव में अच्छा विधालय का? नहीं होना एवं शहर में गरीबों की क्षमता से अधिक फीस का होना,गरीबों के? लिए बज्रपात के समान सावित? हो? रही है।जिसका नतीजा यह है, कि लोग आज अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं।यह सभी समस्याओं को मध्य नजर देखते हुए, मैं बहुत कम शुल्क रखी हुँ। और अगर जिलावासियों का सहयोग रहा तो आगे भी मेरी प्रयास रहेगी। कम फीस में बेहतर एवं उच्च शिक्षा दूँ। शिक्षक,शिक्षिका उपेन्द्र प्र. सिन्हा, पूजा कुमारी, निर्मला पुर्ती, श्रुति कुमारी, विकास कुजूर, सुनिता देवी,सुधा लकड़ा, रिया गुप्ता।

# साहेबगंज में सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश, अगले आदेश तक जिले भर में इंटरनेट सेवा ठप

## जिला प्रशासन ने आम जनों से की शांति बनाए रखने की अपील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहेबगंज :** साहेबगंज में सोमवार को आपसी सौहार्द बिगाड़ने की नाकाम कोशिश की गई। हालांकि जिला प्रशासन की तत्परता से स्थिति सामान्य है। अगले आदेश तक के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की अहले सुबह नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेल चौक के निकट लोगों ने बजरंगबली मंदिर में स्थापित बजरंगबली की मूर्ति को टूटा हुआ पाया। जिसकी जानकारी जिला प्रशासन को दी गई। उपायुक्त के निर्देश पर साहिबगंज एसडीओ राहुल जी आनंद जी, नगर थाना प्रभारी धर्मपाल कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। वहीं घटना की जानकारी वरीय पदाधिकारियों को दी गई। तथा तुरंत क्षतिग्रस्त मूर्ति को बनवाने का काम शुरू किया गया। सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। हालांकि क्षतिग्रस्त प्रतिमा को ठीक करा लिया गया है।

**पुलिस छावनी में तब्दील हुआ शहर, चौकसी बढ़ी**

घटना के बाद पूरा शहर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है पटेल चौक से स्टेशन चौक व आसपास क्षेत्र में कड़ी नजर रखी जा रही है। मौके पर नगर थाना प्रभारी धर्मपाल कुमार, जिड़वाबाड़ी ओपी थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद, पुलिस इंस्पेक्टर शशि भूषण चौधरी मुफस्सिल थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश सहित अन्य थे।

**डीआईजी पहुंचे साहिबगंज**

दुमका प्रक्षेत्र के डीआईजी सुदर्शन मंडल घटना की सूचना पर दिन के 11:00 बजे ही साहिबगंज पहुंच गए थे उन्होंने घटना की जानकारी ली तथा विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा पुलिस पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए

**स्कूलों में दी गई छुट्टी**

घटना के बाद जिला प्रशासन ने सभी स्कूल कॉलेज को अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिया। जानकारी के अनुसार साहिबगंज महाविद्यालय में कई कार्यक्रम को भी स्थगित करना पड़ा हालांकि राज्य भर में चल रहे मैट्रिक व इंटर की परीक्षा विधिवत हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### सेवा निवृत शिक्षकों की ग्रेच्युटी और लिव इनकैसमेंट रोका जाना दुर्भाग्यपूर्ण : चंदन सिंह

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विनोबा भावे विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था बिलकुल ध्वस्त हो गई है क्योंकि कुछ चुने हुए पदाधिकारीयो के हाथों में सिस्टम की बागडोर है। इनके द्वारा सेवा निवृत शिक्षकों को भी नहीं बक्सा जा रहा है।इन मामलों को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा छात्र संघ के विश्वविद्यालय अध्यक्ष चंदन सिंह ने कुलाधिपति सह राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है।इसी क्रम में विश्वविद्यालय से सेवा निवृत हुए शिक्षक महीनों से अपने वर्षों की कमाई के लिये विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के टेबल के समक्ष खड़े मिलेंगे। पत्र में चंदन सिंह ने कहा है कि विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले शिक्षक अपनी वर्षों की कमाई के लिए भटक रहे हैं।वहीं यहाँ के भ्रष्ट पदाधिकारीयों के द्वारा सेवा निवृत्त कर्मियों को सेवा विस्तार देकर या तो इनकी करनी पर पर्दा डाल रहे हैं या कमाई का ज़रिया बने हुए हैं। विश्वविद्यालय से पिछले वर्ष सेवा निवृत शिक्षक डीन डॉ.सजल मुखर्जी,निवृत डीन डॉ.अजय शर्मा और डॉ.पवन कुमार इनके कृत्यों से परेशान हो चुके हैं और सैंकड़ों बार विश्वविद्यालय के चक्कर काट रहे हैं।

### एडिसनल कलेक्टर से मिले जिप प्रतिनिधि

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकट्ठा अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारियों की कमी के चलते जाति,आय एवं आवसीय प्रमाणपत्रों में हो रही विलंब के कारण प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों विधार्थी सरकार के द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति से वंचित रह जायेंगे।इस समस्या को लेकर समाजसेवी व झारखण्ड नव निर्माण युवा सेना के संस्थापक व जिप प्रतिनिधि सी के पाण्डेय ने एडिसनल कलेक्टर राकेश रोशन से मुलाकात की।जिसपर तत्परता से संज्ञान लेते हुए।बरकट्ठा अंचलाधिकारी श्रीकान्त लाल माँझी को दूरभाष कर आदेश देते हुये कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुवे अतिशीघ्र जाति,आय एवं आवसीय प्रमाणपत्र निर्गत करें ताकि जरूरतमंद विद्यार्थी छात्रवृत्ति फॉर्म भर सके।साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही अंचल कार्यालय में कर्मचारियों की कमी को पूरा कर लिया जायेगा।इस अवसर पर विद्यार्थी विकास दास व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### महावीर जयंती पर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक दिवस मनाया गया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ के द्वारा भव्य रुप से विधि विधान से बड़े धूमधाम से भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, मनगढ़ डीसी रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा , डीडीसी नरेंद्र सिन्हा सामिल हुए। सर्वप्रथम श्रीजी का अभिषेक एवं शांति धारा किया गया जलाभिषेक जीवन मल जम्मू कुमार पाटनी, विद्या प्रकाश पदम चंद छाबड़ा, हरिचंद अजमेरा, योगेश सेठी को मिला शांतिधारा शांति धारा करने का सौभाग्य इंद्रमणि देवी चूरीवाल , ललित चूरीवाल ललित चूरीवाल राजेंद्र कुमार राजेश कुमार चूड़ीवाल को मिला। भगवान के माता-पिता बनने का सौभाग्य श्री विनय कुमार जैन एवम श्रीमती मिथलेश देवी जैन को मिला। भगवान महावीर विधान विधान में कलश स्थापना करने का सौभाग्य मती ममता गंगवाल, मीना पाटनी, सरोज पांडे, उषा सेठी एवं अरुणा जैन को मिला , सुबह 8ः00 बजे श्री दिगंबर जैन मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाला गया जोकि थाना चौक गोला रोड चट्टी बाजार लोहा टोला शिवाजी रोड सुभाष चौक होते हुए दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा। शोभा यात्रा का आकर्षक केंद्र झांकी थी जिसमें मानो श्रीजी साक्षात विराजमान है।शोभा यात्रा का विभिन्न समाजिक एवं धार्मिक संगठन के द्वारा स्वागत किया गया। महावीर विधान को कराने में सुभाष पाटनी एवं राजेश पंडित पंकज पंडित का अहम योगदान रहा।भगवान महावीर का दिव्य संदेश से आज पूरे शहर में नारा दिया गया। अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है अतः हमें %जियो और जीने दो% के संदेश पर कायम रहना चाहिए। महावीर स्वामी के पंचशील सिद्धांत इन्हें पंचशील सिद्धांत कहा जाता है। ये पांच सिद्धांत हैं- अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, सत्य और अपरिग्रह। 11ः00 बजे से बजे से मंदिर में महावीर भगवान का विधान किया गया, तत्पश्चात लिफ्ट का आधारशिला रखा गया।जैन महिला जागृति के द्वारा बच्चों का ड्राइंग कंपटीशन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाया गया मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन पाटनी, सचिव सचिव नागर मल जी गंगवाल, अरविन्द सेठी, नरेंद्र छाबरा , जीवन मल जैन,जंबू पाटनी, ललित चुरीवाल,राजु सेठी, नीरज सेठी, राजु पाटनी, अशोक सिटी, विवेक अजमेरा पदमचंद सिटी विनोद राव का अशोक काला राजीव जैन अशोक कुमार जैन संजय जैन मनोज काला राजेंद्र चूरीवाल सुशील चूरीवाल, देवेंद्र गंगवाल, राकेश पांडेय सुभाष पाटनी शांतिलाल जी सेठी, नितिन पाटनी, प्रदीप पाटनी अजय जैन अजय पाटनी, विकाश रापड़िया,अनिल रापड़िया , मनोज जैन निशांत सेठी ,बबलू सेठी महिला जागृति की अध्यक्षा अरुणा जैन खुशबू चूरीवाल मीना पाटनी पुष्पा अजमेरा उषा पाटनी अनीता कड़ीवाल डोली पाटनी ममता गंगवाल सुनीता पाटनी कुसुम पाटनी गिनिया सिटी सरिता छाबरा नीता सिटी सुधा जैन, सरला सेठी, उषा अजमेरा, नम्रता अजमेरा, संगीता जैन,ऋद्धि पाटनी, ललिता जैन, कविता जैन, बंटी जैन,मनीषा जैन, रीना जैन,उषा सेठी, जीवनमला गंगवाल, श्रीकांता गंगवाल,प्रेम काला, पुष्पा सेठी,निशा सेठी,शारदा अजमेरा, गुणमाला जैन, बबिता सेठी, राहुल जैन पाटनी आदि मौजूद थे।

# उपायुक्त ने किया गोला प्रखंड का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने गोला प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नावाडीह पंचायत में निर्माणाधीन मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र में अब तक हो चुके कार्यों एवं अंतिम चरण के कार्यों का जायजा लेने के क्रम में जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने एवं मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन शुरू करने के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला, अंचल अधिकारी गोला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।गौरतलब हो कि बच्चों को जीवन की शुरुआत से ही विकास की दिशा में आगे बढ़ने के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा डीएमएफटी के माध्यम से अलग-अलग प्रखंडों में कुल 14 नए मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। कार्य अंतिम चरण में है एवं जल्द ही महिलाओं व बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र उपलब्ध होगा। मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों में वर्तमान समय की जरूरतों के हिसाब से तमाम सुविधाएं होंगी।

## पतरातू में चला वाहन जांच अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** थाना के मुख्य गेट के समीप रामगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को संघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस क्रम में वाहन जांच रामगढ़ यातायात पुलिस एएसआई सीधेश्वर मुर्मू के नेतृत्व में आरक्षी रोहित राज रत्नम,सुधीर कुमार सिंह,हवलदार संजय राय व पतरातू पुलिस सशस्त्र बल ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों को जांच के दौरान पकड़ा। टीम द्वारा दो पहिया चार पहिया व अन्य छोटे वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में वैध कागजात तथा पंजीकरण प्रमाण, सीट बेल्ट,हेलमेट,ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस,प्रदूषण प्रमाण पत्र व वाहन संबंधित अन्य कागजातों की जांच की गई। कमी पाए जाने वाले वाहनों से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दंड शुल्क वसूला गया। जानकारी के अनुसार जांच की भनक लगते ही वाहन चालकों के बीच अफरा-तफरी मच गई और वाहन सवार वैकल्पिक मार्ग से छुप-छुपाते भागते नजर आए। इस दौरान बिना हेलमेट के वाहन का परिचालन कर रहे लोगों से यातायात नियमों का पालन करते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु हेलमेट का अवश्य इस्तेमाल का निर्देश दिया गया।

## जनसमस्याओं से सांसद व माण्डू विधायक को कराया अवगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत अलपिटो पंचायत के पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक ने अलपिटो पंचायत की समस्याओं से हज़ारीबाग साँसद जयंत सिन्हा एवं माण्डु विधायक जयप्रकाश भाई पटेल से मिलकर लिखित रूप में इसकी जानकारी दीं । इस बाबत जानकारी देते हुए पंसस घनश्याम पाठक ने बताया कि साँसद एवं विधायक से अपने पंचायत की पहली समस्या एन एच-100 से महज दो किलोमीटर दूर बसे हेठली बोदरा गाँव की सड़क जो दो तरफ से जोड़ती है। परन्तु यह सड़क काफी जर्जर है, जिसपर ध्यान दिया जाय ।इसी प्रकार जमुनिया नदी में पक्की मेढ़ होने से गाँव मे खेती एवं आमजनों को राहत मिलेगी । ज्ञात हो कि गाँव के दक्षिण में प्रकृति से सुशोभित, मुखर्जी पुल के पास प्राकृतिक शिवलिंग सिंघेश्वर धाम है, जहाँ धार्मिक कार्यक्रमों में काफी भीड़ होती है ।

## सिरु में भक्ति जागरण का अयोजन, धार्मिक गीतों पर झूमे ग्रामीण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** दुलमी के सिरु गाँव मे नवनिर्माण हनुमान मंदिर की पहली वर्षगांठ को लेकर पूर्व रामगढ़ जिप अध्यक्ष ब्रहमदेव महतो के माध्यम से भक्ति जागरण का आयोजन किया गया जिसमें राजू हलचल ग्रुप रामगढ़ व कोलकाता की कलाकारों द्वारा शानदार भजन कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत गायक पवन दांगी ने सरस्वती वंदना से की इसके बाद एक से बढ़कर एक झांकी व भक्ति गीत पेश किए गए।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रहमदेव महतो वं सिरु पंचायत मुखिया विणा देवी व दुलमी मुखिया रविन्द्र कुमार



उपस्थित हुए।इससे पूर्व कमिटी के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथियों व कलाकारों को भगवा गमछा देकर सम्मानित किया पूर्व जिप अध्यक्ष ने कहा की मंदिर बना है गिरिडीह के सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी व रामगढ़ विधायक श्रीमती सुनीता चौधरी के माध्यम से बना इन्ही लोगो की देन से आज हमलोग भगवान हनुमान जिनके मंदिर का पहली वर्षगांठ मनाया जा रहा है, आपलोग का सहयोग ऐसा ही बना रहा तो आनेवाला दूसरी वर्षगांठ में इससे भी भयानक झांकी व भक्ति जागरण का आयोजन किया जायेगा। मौके पर आजसू पार्टी के समाजसेवी रवि महतो, राहुल महतो,निरंजन महतो, कमिटी सदस्य जीवनाथ महतो,हरिनंदन महतो,नेवालाल महतो, दिलीप महतो,अनिल इग्नेश, संजीव राजा, संदीप महतो, बिकाश कुमार, चिरंजीवी कुमार, लव कुमार, दीपेन कुमार, गौतम कुमार, अक्षय कुमार, हरिराम महतो, खगेन्द्र कुमार, लक्ष्मीकांत महतो, सहित कई गण्यमान्य लोग व कमिटी के सदस्यगण उपस्थित थे।

## मछली लोड 12 चक्का वाहन व पानी टैंकर में जोरदार टक्कर, एक चालक घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** थाना क्षेत्र अंतर्गत करसो एनएच 33 सड़क पर पानी टैंकर और मछली लोड 12 चक्का वाहन संख्या एपी 07 टीएफ 7439 में जोरदार टक्कर हुई। हालंकि दोनों वाहन के चालक बाल बाल बच गए, चालक कि पैर में चोट आई। एलपी चालक ने बताया कि विजयवाड़ा से मछली लोडकर पटना जा रहे थे। इसी बीच अचानक वाहन के आगे एक कार आ गई, जिसे बचाने के क्रम में सड़क के डिवाइडर में लगी फूल में पानी पटाते टैंकर में जा टकराया। इस घटना में टैंकर चालक को मामूली से चोट आई। लेकिन आंध्रा प्रदेश विजयवाड़ा गांव गुंटूर के एलपी चालक पोटेश्वर राव 35 वर्षीय पुत्र नाग राजू को पैर में काफी चोट लग गई। जिसे



बरही थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल एलपी चालक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया। जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना स्थल पर पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार, प्रमुख मनोज रजक व ग्रामीण मौजूद थे।

## ब्रह्मकुमारी संस्था संचालन समिति ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** कटिया पंचायत मुखिया किशोर कुमार महतो के पीटीपीएस आवासीय कार्यालय में ब्रह्मकुमारी संस्था संचालन समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता किशोर कुमार महतो एवं संचालन प्रियनाथ मुखर्जी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 9 अप्रैल को होने वाले एकदिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाना है। इसके लिए संचालन टीम के बीच कार्यो का भी बंटवारा किया गया। साथ ही कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचे इसके लिए प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया गया।



यह कार्यक्रम श्रम कल्याण केंद्र पीटीपीएस में संपन्न किया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य मेडिटेशन से आम लोगों को उनके लाभ के बारे में जागरूक करना एवं विस्तृत जानकारी देना है। मौके पर बीके शिखा,डीके रोशनी,बीके मुन्नी,बीके रामदेव,बीके सेवाराम,संजय कुमार सिन्हा,प्रिय नाथ मुखर्जी बैजनाथ राय चंदन कुमार वीरेंद्र कुमार झा राहुल रंजन अमित कुमार सिंह नंदकिशोर महतो पूर्व मुखिया राजू कुमार गणेश ठाकुर आदित्य नारायण प्रसाद,कुमेल उरांव,प्रदीप महतो राज किशोर प्रसाद विनोद कुमार सिंह जितेंद्र कुमार पांडे विनोद कुमार रविंदर कुमार रणधीर कपूर गणेश करमाली इत्यादि उपस्थित थे ।

# महावीर जयंती की भव्य शोभायात्रा का यूथ विंग ने किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जैन समुदाय के द्वारा महावीर जयंती के पावन पर्व पर भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। जिसका सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा महेश सोनी चौक पर जैन समुदाय के जुलूस में शामिल तमाम महिलाएं,पुरुष एवं बच्चों के बीच जूस, बिस्कुट एवं पानी की बोतल का वितरण किया गया। जिसके पश्चात सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शोभायात्रा में शामिल महावीर स्वामी की तस्वीर का दीदार कर उनसे आशीर्वाद लिया। जैन समाज के बड़े पदाधिकारियों के द्वारा हजारीबाग यूथ विंग के समस्त सदस्यों का अभिनंदन किया गया।



शोभा यात्रा के दौरान जैन समुदाय के सभी सदस्य महावीर स्वामी की जय कारे लगाते हुए शोभा यात्रा का आनंद ले रहे थे। तो वही शोभायात्रा में महिलाएं लाल पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामा में शामिल हुए और शोभायात्रा का भरपूर आनंद ले रहे थे तो वहीं बच्चे भी शोभायात्रा में आनंदित होकर घूम रहे थे। कार्यक्रम को विशेष सफल बनाने में- हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष लखन खंडेलवाल, सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, विजय अग्रवाल, विकास तिवारी,सूरज दीक्षित सहित कई लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाया मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैन धर्म के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन ही उनका संदेश है। उनके सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अस्तेय आदि उपदेश एक खुली किताब की तरह है। जो सत्य परंतु आम आदमी को कठिन प्रतीत होते हैं। मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष लखन खंडेलवाल महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैन समाज द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष पर निकाला गया भव्य शोभायात्रा जिसका स्वागत व अभिनंदन करने का हम सभी यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सौभाग्य प्राप्त हुआ। महावीर स्वामी की कृपा से। हम सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों पर महावीर स्वामी का आशीर्वाद सदैव बना रहे।

## भाजपाइयों ने किया क्षेत्रिय संगठन महामंत्री का भव्य स्वागत

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के क्षेत्रिय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी का भव्य स्वागत रविवार को नवादा से लौटते समय डिस्ट्रिक्ट मोड़ चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा



किया गया।वही भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव के आवास पर कुछ समय के लिए रुके अशोक यादव ने शॉल ओढ़ाकर नागेंद्र त्रिपाठी का स्वागत किया।मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल,अनिल मिश्रा,दामोदर सिंह,रौशन कुमार,जीतन राम,अर्जुन साव,लब्बू गुप्ता,सुनील कुमार,गोलू ने उनका स्वागत अभिनंदन किया।

## झारखंड ईरा पत्रकार संगठन ने पंजाब प्रदेश अध्यक्ष के निधन पर किया शोक व्यक्त

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडियन रिपोर्टरस एसोसिएशन (ईरा) झारखंड प्रदेश ने सोमवार को ईरा के पंजाब प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय सुखमिंदर पाल सिंह के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया हैं। इस संबंध में ईरा प्रदेश झारखंड संगठन सचिव रविकांत बनर्जी ने कहां है कि ईरा पत्रकार परिवार के प्रदेश पंजाब अध्यक्ष सुखमिंदर पाल सिंह के अचानक हृदय गति रुकने की निधन खबर काफी दुखद हैं। इसकी क्षतिपूर्ति नहीं की जा सकती हैं। हम सभी इस दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ खड़े हैं। शोक व्यक्त करने वालों में ईरा जिलाध्यक्ष रामगढ़ विजय कुमार सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष तपन बनर्जी, उपाध्यक्ष गोपाल गिरि, सचिव बिजेन्द्र पासवान, राजकुमार शर्मा, मो. अयुब, शिवशंकर तिवारी, संजय पासवान, श्याम ठाकुर, केतू सिंह, सतीश तुरी, मो. शाहीद, सुरेन्द्र राम, दिनानाथ महतो समेत कई पत्रकार शामिल हैं।

## बड़कागांव रामनवमी जुलूस, झांकी को लेकर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** संघर्ष का दूसरा नाम योगेंद्र साव है। बड़कागांव अब कोयलांचल ही नहीं औद्योगिक क्षेत्र बन गया है। यदि क्षेत्र की जनता एक साथ मिलकर हक एवं अधिकार की लड़ाई नहीं लड़ेंगे तो यह क्षेत्र अब बर्बाद होने के कगार पर है। इसलिए क्षेत्र को सजाने एवं सवारने के लिए सभी की सहभागिता होनी चाहिए। उक्त बातें झारखंड के पूर्व मंत्री बड़कागांव के पूर्व विधायक योगेंद्र साव ने बड़कागांव में दसवीं जुलूस को लेकर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने आगे कहा कि बड़कागांव में सभी पर्व सभी समुदाय मिलकर आपसी सौहार्द वातावरण में मनाने का इतिहास है। रामनवमी पर्व शांति पूर्वक सफल



होने पर सभी बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि दूसरे को सम्मान देना सीखिए तभी आपको सम्मान मिलेगा। बड़कागांव का इतिहास रहा है कि सभी धर्म के सभी पर्व आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाते हैं।

उन्होंने रामनवमी पर्व सफलतापूर्वक शांति सौहार्द वातावरण में संपन्न होने पर महा समिति के अध्यक्ष बिंदेश्वर कुमार, सभी अखाड़ा के पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, क्षेत्र के सभी समुदाय के लोगों को बधाई दिया। पुरस्कार वितरण समारोह बड़कागांव रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बिंदेश्वर कुमार उर्फ बिंदु की अध्यक्षता में की गई जिसका संचालन पत्रकार संजय सागर एवं रितेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया।

## पर्व त्यौहार समाज को एक सूत्र में बांधे रखने का माध्यम है : सुनीता चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** नगर परिषद क्षेत्र मरार में सरहुल महोत्सव का अयोजन किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, विशिष्ठ अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, मनोज कुमार महतो, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, वार्ड पार्षद शंकर मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने संयुक्त फीता काटकर किया । इस मौके पर सुनीता चौधरी ने कहा की सरहुल हमारा प्राकृतिक पर्व है। हम अपने प्राकृतिक को बचाने के लिए आने वाले पीढ़ियों को जागरूक करना होगा।सरहुल आदिवासी समुदायों के एक साथ आने और अपने सामाजिक बंधनों को मजबूत



करने का एक अवसर मिलता है । हमारे पूर्वज प्राकृतिक के पूजक रहे थे और हम आने वाले पीढ़ियों को भी प्राकृतिक से जोड़कर रखने का काम करेंगेकार्यक्रम के अध्यक्ष

रामाशीष करमाली, डब्लू करमाली, उमेश बेदिया नन्द किशोर बेदिया,शुभाश राम करमाली, सुरेंद्र बेदिया, संजय सोरेन,सुजीत बेदिया, अजीत बेदिया, राजेश करमाली, महेंद्र रजवार, संजय रजवार राजेश मुंडा बबलू मुंडा, दिलीप सागर गोरी शंकर जी, दिनेश करमाली रोहित करमाली, खिरु करमाली, राजेंद्र रजवार, चमन रजवार,बालेश्वर करमाली महावीर करमाली, कुलदीप रजवार, श्यामसुंदर रजवार, छोटू रजवार, आशीष कुजुर, सोमना मुंडा एवं कमेटी के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे

## भाकपा माले जिला रामगढ़ कमेटी की बैठक संपन्न

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा माले जिला रामगढ़ कमेटी की बैठक सोमवार को पडरिया में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 22 अप्रैल को



भाकपा माले पार्टी का स्थापना सभी ब्रांचो में झंडोत्तोलन और आवाहन पत्र पाठ कर किया जाएगा। रोजगार के सवाल पर रामगढ़ शहर के सुभाष चौक में जनसुनवाई करने, झामत के बैनर तले ग्रामीण गरीब मनरेगा मजदूरों के सवाल पर देशव्यापी कार्यक्रम के तहत 27 अप्रैल 2023 को प्रखंड स्तर पर धरना प्रदर्शन करेगें। बैठक का संचालन भाकपा माले जिला कमेटी सचिव भुनेश्वर बेदिया ने किया। मौके पर भाकपा माले के देवकीनंदन बेदिया, नरेश बड़ाईक, लाली बेदिया, बिगेंद्र ठाकुर, नीता बेदिया, बिजेंद्र प्रसाद, करमा मांझी, अमल कुमार, जयनंदन गोप, महादेव मांझी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## आईडीबीआई बैंक ने एनईएसएल के साथ गठबंधन में ई-बैंक गारंटी सुविधा लॉन्च की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईडीबीआई बैंक ने नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज़ लिमिटेड (एनईएसएल) के साथ गठबंधन में ई-बैंक गारंटी (ट्र-ब्लन्न) सुविधा लॉन्च की है, जिसके बाद बैंक गारंटी जारी करने की पेपर पर आधारित प्रक्रिया ई-स्टांप और ई-सिग्नेचर की मदद से होने लगेगी। इसके साथ ही बैंक ने अपने ग्राहकों को डिजिटल और यूज़र-फ्रेंडली सेवाएं प्रदान करने के अपने प्रयास में एक और उपलब्धि हासिल कर ली है। यह आईडीबीआई बैंक के लिए व्यवसाय के परिवेश में एक परिवर्तनकारी बदलाव है, जिसमें बैंक गारंटी का उपयोग ऊँचे वॉल्यूम के लिए होता है, और यह नई पहल ज्यादा पारदर्शिता लाकर टर्न-अराउंड टाईम को दिनों से घटाकर मिनटों तक ले आएगी। ई-बीजी ई-स्टॉपिंग और ई-सिग्नेचर के साथ प्रोसेस किए जा सकते हैं और कुछ ही मिनटों में हितग्राही को सौंपे जा सकते हैं। सुरक्षित ट्रांसमिशन और विस्तृत पारदर्शिता के साथ हितग्राही के फिज़िबल बैंक गारंटी के सत्यापन में लगने वाले समय और ऊर्जा की बचत होती है।इन सेवाओं के बारे में राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, आईडीबीआई बैंक ने कहा,अपने ग्राहकों को डिजिटल प्रस्तुतियों द्वारा सुरक्षित और तीव्र बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना सदैव से बैंक के बड़े डिजिटल अभियानों का मुख्य केंद्र रहा है।

## अमेजन. इन पर 6 से 9 अप्रैल तक होम शॉपिंग स्प्री के साथ हो जाइए गर्मी के मौसम के लिए तैयार

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इस बार गर्मी के मौसम में अपने घर को एकदम नया लुक दीजिए और अमेजन. इन पर होम शॉपिंग स्प्री पावर्ड बाय प्रेस्टीज, के साथ घर पर इस सीजन को सुकून के साथ बिताइये। ग्राहक गर्मी के इस मौसम में होम एंड किचन अप्लायंसेस जैसे पानी की बोतलों और लंच बॉक्स, डीप फ्रीजर और कूलर, पंखे और कूलर, इनवर्टर, बेडशीट, कर्टेन लाइंस, वाटर डिस्पेंसर सहित विभिन्न प्रोडक्ट 6 से 9 अप्रैल 2023 तक रोमांचक डील्स और ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं।अमेजन. इन पर होम शॉपिंग स्प्री के दौरान, ग्राहक एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड पर 10त्न के इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं। प्राइम मेंबरशिप वाले ग्राहकों को 1000 रुपये के न्यूनतम लेनदेन पर 250 तक की छूट के साथ कूपन, कॉम्बो ऑफर, बाय मोर एंड सेव मोर ऑफर, रोमांचक डील और एक्सचेंज ऑफर जैसे कई अतिरिक्त लाभ मिलते हैं।

## नारायणपुर के मडरो गांव में लगाए गए जिओ टावर की बैटरी चोरी

**नारायणपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के मंडरो गांव में लगाए गए जिओ टावर की बैटरी रविवार देर शाम चोरी कर ली गई। घटना को लेकर जिओ टावर के टेक्नीशियन श्रीकांत कुमार दास नारायणपुर थाना को लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को दोपहर जब साइट डाउन हुआ तो जाकर देखा कि टावर में लगाए गए 2 बैटरी गायब है और ओडीसी का दरवाजा टूटा हुआ था। तार को भी काट ली गई थी उन्होंने बताया कि एक बैटरी की कीमत लगभग 85000 है। जिनकी जानकारी सोमवार लिखित आवेदन नारायणपुर थाना को दी है।

# वन मित्र और ग्रामीण वन समितिया पूरी जिम्मेदारी व सक्रियता के साथ काम करें : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** वनरोपण प्रक्षेत्र पदाधिकारी कार्यालय परिसर, बेड़ो में सोमवार को पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की की अध्यक्षता में बेड़ो और लापुंग प्रखंड के ग्रामीण, वन समितियां, वन मित्र व पदाधिकारीयों के साथ बैठक किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए बंधु तिर्की ने कहा है कि वन समितियां और वन मित्रों को वन विभाग का बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। सरकार वन क्षेत्र और जंगल की रक्षा के साथ ही हाथी व अन्य जंगली जानवरों से बचाव के लिए सरकार पूरी तरीके से जागरूक है। इसे जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने की जिम्मेदारी, पूरी तरीके से वन मित्रों एवं ग्रामीण वन समितियों के ऊपर ही है। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये. वहीं श्री तिर्की ने ग्रामीण वन समितियों द्वारा अपने दायित्वों को पूरा नहीं करने पर नाराजगी जतायी। उन्होने कहा कि कई ग्रामीण वन समितियों के बैंक खाते में बड़ी राशि जमा है, लेकिन उसका सदुपयोग नहीं हो पा रहा है। उन्होने आगे कहा कि अगले 21 अप्रैल तक प्रत्येक वन समिति अपनी बैठक कर अपनी समितियों का पुनर्गठन करें और उसे पूरी तरीके से सक्रिय करते हुए नियमित रुप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। 21 अप्रैल के बैठक के एक सप्ताह के अंदर हर हाल में सभी ग्रामीण वन समितियाँ अपने बैंक खाते को परिचालित करें और जिन वन समितियों का खाता नहीं है वह उसे अधिसूचित बैंक में खुलवा दें। ताकि 11 मई को होनेवाली सभी ग्रामीण वन समितियों एवं वनमित्रों की विस्तारित बैठक को सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सके। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बेड़ो व लापुंग के संपूर्ण वन प्रबंधन को पूरे झारखण्ड में आदर्श बनाने का उनका संकल्प है।



## शहीद रघुनाथ महतो की श्रध्दांजलि सभा का आयोजन कल

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखण्ड के लोटा किता, मे चुहाड़ विद्रोह के महानायक क्रांतीवीर शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस के उपलक्ष्य मे कल दोपहर दो बजे श्रध्दांजलि सभा का आयोजन किया गया है! इस सभा के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहेगें। विशिष्ट अतिथि के रूप मे गिरिडीह सांसद चन्द्र प्रकाश चोधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, गोमीया विधायक डॉ.लम्बोदर महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, ईचागढ़ विधानसभा के समाजसेवी हरेलाल महतो उपस्थित रहेगें। यह जानकारी आयोजन समिति ने दी है।

## एनएसयूआई लोहरदगा के प्रभारी बने मुशर्रफ हुसैन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनएसयूआई के प्रदेश संयोजक मुशर्रफ हुसैन को एनएसयूआई लोहरदगा का प्रभारी मनोनीत किया गया । एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव प्रशांत तिवारी व प्रदेश अध्यक्ष आमिर हासमी ने मुशर्रफ हुसैन के कार्यो को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी है। वह पिछले कई वर्षो से कांग्रेस छात्र नेता के रूप में कार्य कर रहे हैं पूर्व में रामगढ़ जिला संयोजक ,छात्र जोड़ो अभियान के रामगढ़ कॉलेज व मेडिकल कॉलेज के प्रभारी के रूप मेंउन्होंने अपना योगदान दिया और निस्वार्थ भाव से संगठन को आगे बढ़ाने का काम किया। मुशर्रफ हुसैन ने कहा कि पार्टी संगठन द्वारा जिम्मेदारी दी गई है ।

# जिला ग्रामीण कांग्रेस महासचिव बने मोहम्मद ओवैस आजाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश के वरिष्ठ नेता मोहम्मद ओवैस आजाद को जिला ग्रामीण कांग्रेस महासचिव बनाए जाने पर पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। पिछले दिन ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने नवगठित ग्रामीण कमेटी के घोषणा की जिसने मोहम्मद व आजाद सहित 26 लोगों को महासचिव बनाया गया है। महासचिव बनाए जाने पर ओवैस आजाद ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी जिस उम्मीद से मुझे जिम्मेदारी सौंपी है। उसे इमानदारी व निष्ठा पूर्वक निभाने का प्रयास करूंगा। प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसान सभी कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करूंगा। केन्द्र सरकार की तानाशाही व गलत नीतियों का विरोध में आवाद उठाते रहूंगा। मैं पार्टी के नीति सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने का काम करूंगा। महासचिव बनाए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सुबोध कांत सहाय, बंधु तिर्की, राकेश किरन महतो, शिव कुमार भगत, मोहसिन आलम, हाजि मोजिबुल रहमान ने मोहम्मद आजाद को बधाई दी है।

# सरहुल मिलन समारोह कल

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 3 अप्रैल दिन सोमवार को बीसा कडरूटोली सरना स्थल में दिलिप पाहन के अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमे आगामी 12 मई दिन बुधवार को भव्य सरहुल मिलन समारोह सह सास्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा 7 जिसमे एक कमेटी का गठन किया गया सर्वसमेती से बन्धन पाहन को अध्यक्ष चुना गया सचिव हर्षनाथ भोगता कोषाध्यक्ष देवनारायण बेदीआ मुख्य आयोजक सत्यदेव मुण्डा , संजय भोगता ( उपमुखिया) मुख्य संरक्षक मंजोती देवी मुखिया बीसा पंचायत, उमेश बड़ाईक ग्रामप्रधान ,मानेश्वर मुण्डा पंसस बीसा मुख्यअतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू होगे इस बैठक में उपस्थित थे द्वेदी पाहन रिदय पाहन श्यामसुन्दर पाहन बरतु भोगता मंगल भोगता रोहित बेदिया बनु बेदिया विजय मुण्डा रविशंकर बेदिया सोहन बेदिया मंजय भोगता मनोज मुण्डा वार्ड सदस्य विनोद पाहन आदि उपस्थित थे ।

### उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला (क्रीड़ा शाखा)

Email id- sportsgumla@gmail.com

**सूचना**

निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा प्राप्त निदेशानुसार एतद् द्वारा गुमला जिला के वैसे सभी खिलाड़ियों जिन्होने विगत दिनांक **10.06.2022** के बाद अन्तर्राष्ट्रीय/भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किये हो अथवा भागीदारी की हो तथा विभागीय संकल्प सं० 03 दिनाक 11.03.2023 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत् नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) प्राप्त करने की अहर्त्ता (Eligibility) धारित करते हो उनसे नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) हेतु विहित प्रपत्र में जिला खेल पदाधिकारी, गुमला के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है।

गुमला जिला के योग्य एवं अहर्त्ताधारी खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार/सम्मान राशि हेतु अपना आवेदन विहित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरकर अनिवार्य रूप से दिनाक **15.04.2023** तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय, गुमला में जमा कर सकते है।

जिला खेल पदाधिकारी, गुमला

PR 294452 District(23-24)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

**शुद्धि पत्र**

पत्रांक ........... कोडरमा/दिनांक ....../......./2023

निविदा सूचना सं0 – RDD/SD/KODERMA/16/2022-23 आमंत्रित किया गया है जिसमें क्रमांक 05 के i) में ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, कोडरमा/जिला नियंत्रण कक्ष कोडरमा के स्थान पर ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा/ एवं 05 के ii) में ग्रामीण विकास विशेष अंचल, हजारीबाग/जिला नियंत्रण कक्ष हजारीबाग के स्थान पर सिर्फ जिला नियंत्रण कक्ष हजारीबाग पढा एवं समझा जाय। जिसका पी0 आर0 सं0 – 293849 है। निविदा की सभी शर्त्ते पूर्वत् रहेगा।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

PR 294493 Rural Work Department(23-24)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन0आर0ई0पी0,खूँटी

**शुद्धि-पत्र**

पी.आर. सं.–290788 NREP(22–23)*D के द्वारा प्रकाशित इस कार्यालय के अतिअल्पकालिन ई. निविदा आमंत्रण सूचना का प्रसंग/तिथि अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है:–

ई. निविदा का प्रसंग:– NREP/KHUNTI/F2-9/2022-23 पढ़ा जाए।

| क | विवरण | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 10.04.2023 at 2PM |
| 2. | Last Date/Time for submission of Bids | 17.04.2023 at 5PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee, security and other documents. | Upto 18.04.2023 at 3PM |
| 4. | Date of opening of Technical Bid | 19.04.2023 at 1PM |

निविदा सूचना की शेष भाग एवं शर्त्ते पूर्ववत् रहेगें।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन०आर०ई०पी०,खूँटी

PR 294365 NREP(23-24)#D

### झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

नया समाहरणालय भवन, ए ब्लॉक, द्वितीय मंजिल, खूँटीटोली, सिमडेगा-835223.
फोन: 06525-225835 ई-मेल- ssasimdega@gmail.com फैक्स : 06525-225836

पत्रांक 302(समग्र) दिनांक 31.03.2023

**लघुकालीन पुनः निविदा आमंत्रण सूचना (सत्र 2023–24)**

सिमडेगा जिला में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिमडेगा के लिए पैकेज–1 खाद्य–अखाद्य सामग्री (राशन एवं अन्य वस्तुएँ), पैकेज–2 हरी सब्जी, मछली, चिकन, दूध, पनीर इत्यादि, पैकेज–3 पोशाक एवं अन्य वस्त्र एवं पैकेज–4 स्टेशनरी इत्यादि क्रय हेतु इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाताओं नेताजी सुभाश चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिमडेगा से दिनांक 05.04.2023 से दिनांक 18.04.2023 तक कार्यालय अवधि में निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग लिफाफे में दिनांक 19.04.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/हाथों–हाथ जमा करना सुनिश्चित करेंगे। विद्यालय स्तर पर क्रय समिति द्वारा दिनांक 20.04.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे, **स्थान:–** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में निविदा खोली जाएगी।

विश्वासभाजन,
जिला शिक्षा अधीक्षक सह
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा।

PR.NO.294359 Primary Education(22-23):D

### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।

ज्ञापांक ................. दिनांक .........................

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 08/2022–23 (2nd Call)**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डों में कुल 1374 चापाकल अधिष्ठापित है। चापाकल पर मे0 न0 नि0/वार्ड सं0 एवं चापाकल नम्बर निला रंग से एशियन पेन्ट किया जाना है। इच्छुक पेन्टर दिनांक 13.04.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में प्रति चापाकल का दर/कोटेशरन जमा कर सकते है। कोटेशन के साथ निविदा शूल्क मो0 1,000/- रू0 (जो वापस नहीं किया जाएगा) एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 5,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। कोटेशन के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, GST की प्रति साथ संलग्न करना होगा। कोटेशन दिनांक 13.04.2023 को 2.00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशनदाता/प्राधिकृत व्यक्ति कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है।

ह0/–
नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 294497 (Urban Development and Housing) 23-24 (D)

### DEPARTMENT OF HEALTH & FAMILY WELFARE,JHARKHAND

DISTRICT RURAL HEALTH SOCIETY GUMLA
Sadar Hospital Campus GUMLA
Phone No. 06524-223080 Email :- cs.gumla@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना**

गुमला जिला अंतर्गत सदर अस्पताल में Extension of Oxygen Pipe Line at Labour Room and ICU हेतु निविदा दिनांक 28.04.2023 के अपराह्न 02.00 बजे तक सिविल सर्जन कार्यालय, गुमला में आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि | 28.04.2023 के अपराह्न 02.00 बजे तक |
| निविदा समर्पित करने का स्थान एवं पता | सिविल सर्जन कार्यालय, सदर अस्पताल परिसर, गुमला झारखण्ड पिन न0 835207 |
| निविदा खुलने की तिथि | 29.04.2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे |
| निविदा खुलने का स्थान | सिविल सर्जन कार्यालय, गुमला। |

➤ नोट – निविदा से संबंधित शर्तें/निविदा शुल्क/अग्रधन की राशि आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी समाचार पत्रों पर निविदा प्रकाशन के उपरांत सिविल सर्जन कार्यालय गुमला के सूचना पट्ट पर एवं जिला गुमला के वेबसाइट **http://gumla.nic.in** पर देखी जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला

PR294347 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D

### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–रेवती कुमारी ,उम्र–20 वर्ष, रंग–गोरा उँचाई– 5फीट, 2ईंच, पहनावा–लाल रंग की साड़ी पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता रेवती कुमारी, पति–विकाश कुमार सिंह, सा0–करकरी, थाना–नरकोपी, जिला–राँची, जो दिनांक–01.03.2023 को घर से बिना बताए कहीं चली गईं जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में नरकोपी थाना सनहा संख्या–15/23 दिनांक–04.03.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, बेडो, राँची। –9431728777
थाना प्रभारी, नरकोपी, राँची। –9431706146

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 294419 Police(23-24).D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**शुद्धि–पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– DWSD/SVS/CLUSTER/MED-21/2022-23 (2nd Call) जो PR No. 293248 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, के SVS/CLUSTER-23 dk PWA Code के कंडिका–159¼XI½ के आलोक में तिथि निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| विवरण | प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 03.04.2023 / 05.00 P.M. | 08.04.2023 / 05.00 P.M. |
| अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की तिथि एवं समय | 05.04.2023 / 05.00 P.M. | 10.04.2023 / 05.00 P.M. |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 06.04.2023 / 04.00 P.M. | 11.04.2023 / 04.00 P.M. |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR.NO.294458 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

### असैनिक : शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची (जिला अस्पताल प्रबंधन, समिति, सदर अस्पताल, राँची।)

पुरूलिया रोड, राँची, पिन नं0 – 834001
E-mail ID – csofficeranchi@yahoo.com

पत्रांक : 1165 राँची, दिनांक 1.4.2023

**बन्दोबस्ती की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 23–24 ( कार्यादेश निर्गत की तिथि से ) 06 (छः) माह तक के लिए अधोहस्ताक्षरी के नियंत्रणाधीन सदर अस्पताल, राँची के परिसर में पड़ावों की बन्दोबस्ती खुली डाक के माध्यम से की जायेगी। कार्य संतोशजनक होने पर तीन माह का अविध विस्तार कया जा सकता है। बन्दोबस्ती अधिकतम बोली गयी डाक के आधार पर होगी। इस बन्दोबस्ती में निबंधित संस्था/समिति/प्रतिष्ठान एवं अच्छे आचरण वाले व्यक्ति भाग ले सकते है। निविदा दिनांक 17.4.2023 के अपराह्न 5.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। निविदा हाथो–हाथ या निबंधित डाक द्वारा कार्यालय में समर्पित कर सकतें है। निविदा से संबंधित शर्ते एवं अन्य की जानकारी कार्यालय के वेबसाईट **website www.sadarhospital.com** पर दिनांक 6.4.2022 से देखा जा सकता है। निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्वि पत्र www.sadarhospital.com पर ही देखा जा सकता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची

PR 294383 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D

### DEPARTMENT OF HEALTH & FAMILY WELFARE, JHARKHAND

DISTRICT RURAL HEALTH SOCIETY GUMLA
Sadar Hospital Campus GUMLA
Mobile No. 9430138701
Email :- cs.gumla@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अन्तर्गत, गुमला जिले के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जन औषधि केन्द्र के संचालन हेतु एजेन्सी का चयन निविदा के माध्यम से किया जाना है।

Request for Proposal Document (RFP) के शर्तों के अनुसार जन औषधि केन्द्र के संचालन हेतु पंजीकृत एजेन्सी से निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा की विस्तृत जानकारी https://gumla.nic.in पर उपलब्ध है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Establishment Of Pradhan Mantri Janaushad hi Kendra in District Hospital and CHCs in Gumla District |
| 2 | Date of Publication of Tender in Website | 03-04-2023 at 10.00 AM |
| 3 | Pre-Bid Conference at C.S. Office | 15-04-2023 at 12.00 Noon |
| 4 | Last date/time for receipt of bids | 23-04-2023 Up to 05.00 PM |
| 5 | Bid Opening Date | 27-04-2023 at 3.00 PM |
| 6 | EMD in Favoring **District Health Society, Gumla** **Payable at - Gumla** | Rs 35000.00 (Rs Thirty Five Thousand) Only for District Hospital and Rs 20000.00 (Rs Twenty Thousand) Only for Each CHC |
| 7 | Application Fee (Non Refundable) in Favoring **District Rural Health Society, Gumla** **Payable at - Gumla** | Rs 5000.00 (Rs Five Thousand) Only |
| 8 | Name & Address of Officer inviting Tender (Procurement Officer) | Civil Surgeon-Cum-Chief Medical Officer, Gumla |
| 9 | Contact No. of Procurement Officer | 9430138701/ 6202226037 |
| 10 | Submission of Hard Copy of EMD and Tender Fee (By Hand or Reg. Post) | 24-04 -2023 up to 05.00 PM |

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला।

PR 294349 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24 (D)

### DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, HAZARIBAGH

email id:- dlsahazaribag@gmail.com, Mobile No.:- 9939201624

**Notice inviting application for providing service of Sweepers/Safaikarmi from Reputed Outsourcing Empanelled Agency on Outsourcing Basis.**

**DATE:- 03.04.2023**

This is to inform that in pursuance to the directions contained in Letter No. 895 dated 18.03.2023 of Hon'ble Jharkhand State Legal Services Authority (JHALSA), Ranchi, the District Legal Services Authority, Hazaribagh invites applications for providing "Service of **three (03) Sweepers/Safaikarmi** on outsourcing Basis" on the terms and conditions mentioned below from reputed Outsourcing Empanelled Agencies which provide similar services to other Government Department.

**Terms & Conditions.**

1. The application should be addressed to the **Principal District Judge cum Chairman, District Legal Services Authority, Hazaribagh** in a sealed envelope clearly mentioning therein "**Application for Outsourcing Service Of SWEEPERS/ SAFAIKARMI**" and the same shall be submitted to the office of DLSA, Hazaribagh, through speed post or personally in the office of Secretary, DLSA **on or before 13th April, 2023 by 17:00 Hrs**.
2. The nature of services to be procured will purely on temporary basis. The human resource assigned to the above post will be the sole responsibility of the agency and in any condition or circumstances the human resources deployed for the services will not claim for their services to be permanent or demand directly to the department for extending facilities during their services.
3. The application should be accompanied by the following documents:-
   a) Self attested copies of Registration of firm/company, b) experience certificate issued by the other Government department, c) Self-Attested copy of PAN card of firm/company/individual, d) Self-attested copy of the ITR, e) An affidavit of non-Blacklisting on Non- Judicial Stamp Paper, f) Self-attested copy of Goods and Service Tax (GST) registration and GST Return, g) Self-attested copy of valid License order as per the contract Labour (R&A) Act 1970, h) Mobile Number & e-mail address & i) Self declaration & signature.
4. The shortlisted application shall be called for interview through e-mail/mobile number provided by them.
5. Applying for engagement does not create any right/assurance whatsoever and the undersigned reserves his right to accept or to reject any application.

For further details, please contact the office of the District Legal Services Authority, Civil Court, Hazaribagh. You may also contact the Secretary, District Legal Services Authority, Hazaribagh. (email id:- **dlsahazaribag@gmail.com,** Mobil No.:- **9939201624**).

sd/-
Principal District Judge-cum-Chairman,
DLSA, Hazaribagh

PR 294385 Law(23-24)#D

## प्रभात मंत्र का असर : प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने 24 घंटे में मांगा जबाब

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** दैनिक प्रभात मंत्र खबर का दिखा असर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने शिक्षक से 24 घंटे में जबाब में मांगते हुवे मानदेय पर लगाया रोक। मामला बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत चितमाडीह उत्क्रमित प्राथमिक विधालय तिवारी पहरी का है। मामला 31 मार्च का है उक्त दिन 12:30 बजे विधालय बंद पाया गया जब इस मामले को लेकर शिक्षक से संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। उक्त घटना को लेकर विधालय के इस लापरवाही को लेकर दैनिक प्रभात मंत्र में 1 अप्रेल को प्रकाशित किया था। अख़बार में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रखंड शिक्षा विभाग ने तत्काल संज्ञान में लेते हुवे सबंधित शिक्षक को पत्रांक के माध्यम से 24 घंटे में जबाब देने का निर्देश दिया वही तत्काल प्रभाव से मानदेय को स्थगित कर दिया गया है।

## जहर के सेवन से युवक की हालत गम्भीर

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम खरखरी में




सोमवार सुबह लगभग 8 बजे एक युवक ने आपसी विवाद को लेकर जहर खा लिया जिससे उसकी हालत गम्भीर हो गई। जिसकी पहचान ग्राम पंचायत खरखरी निवासी 35 वर्षीय सन्तोष राणा के रूप में हुई है । परिजनों ने बताया कि रविवार शाम को घर मे चापाकल बोरिंग करवाया था। सुबह किसी व्यक्ति ने बकाया पैसा मांगने घर आया तो राणा ने कहा पैसा खर्च हो गया बाद में दे देंगे। जिसके बाद व्यक्ति से कहासुनी हो गई और व्यक्ति ने गाली-गलौज करने लगा। इसी के टेंशन में आकर युवक ने चौक से जहर लाकर खा लिया और घर से बाहर पेड़ के नीचे सो गया। छटपटाते देख ग्रामीण ने परिजनों को सूचना दिया जिसके बाद उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी लाया जिसका उपचार डॉ ताज ने किया तथा गम्भीर हालत देखते हुए रेफर कर दिया।

## बैंक में लिंक नहीं रहने से ग्राहक परेशान खड़ा रहना पड़ता है घंटों लाईन में

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के भारतीय स्टेट बैंक जमुआ



शाखा के ग्राहक लिंक नहीं होने की वजह से पूरा दिन बैंक में बैठने को मजबूर है। इस शाखा में आये दिन लिंक नहीं होने की वजह से ग्राहकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार निकासी या जमा करने आये ग्राहक पूरा दिन इंतजार कर बिना काम कराये लौट जाते है। लिंक नहीं होने से एक तरफ बैंक में भारी भीड़ होता है वही बुजुर्गो और महिलाओ के लिए कोई सुविधा नहीं होने से परेशानी और बढ़ जाता है। कई बार स्कूली बच्चो को घंटो लाईन में खड़ा रहना पड़ता है वही बुजुर्ग लोग थक कर अपनी जगह पर ही बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते है। इस शाखा के ग्राहकों के परेशानी का कोई निदान शाखा प्रबंधक की और से अब तक नहीं किया गया है वही बार बार लिंक फेल एक बड़ी समस्या बनकर रह गया है।

## पूजा भव्य तरीके से हुआ संपन्न

**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री श्री चैती दुर्गा पुजा और रामनवमी



पुजा समिति मंझिलाडीह बगोदर के अध्यक्ष सह जिप सदस्य बगोदर दुर्गेश कुमार ने पुजा समिति के सभी पदाधिकारीयों एवं सदस्यगण और पुजा में बढ़ चढ़ कर सहयोग करनेवाले सभी दाता गण सभी युवा नौजवान,बुजुर्ग माताएं बहने,पुजा में आये सभी अतिथिगणों को व पुजा शुरू होने से लेकर माता की विदाई विसर्जन तक सहयोग करने के लिए सभी प्रशासनिक पदाधिकारी व आचार्य महोदय सभी पुजारीगण को साथ ही इस पूजा व आयोजित मेले में सभी तरह के सहयोग करने वाले सहयोगियों को सहृदय आभार व धन्यवाद दिया है उन्होंने बताया कि जब मुझे मेरे गांव के लोगो ने इतने बड़े पुजा व मेला का जिम्मेवारी मेरे कंधे पर अध्यक्ष के रूप में पिछले वर्ष 2022 में दिया था तब मेरे मन मे बहुत तरह का ख्याल आ रहा था परंतु माता रानी की कृपा व प्रभु श्री राम जी व संकट मोचन हनुमान जी की कृपा और आप सभी के सहयोग से भव्य तरीके से सौहार्दपूर्ण पूजा सम्पन्न हुआ था जिसके बाद दुबारा 2023 में भी ग्रामीणों द्वारा दुर्गेश कुमार अध्यक्ष चुने गये थे जिसके बाद सभी के सहयोग से यह पुजा सिर्फ सफल ही नही बल्कि ऐतिहासिक सफलता के साथ सम्पन्न हुआ।

## बोकारो स्टेशन से मिली नाबालिक लड़की को चाइल्ड लाइन को सौंपा

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आरपीएफ पोस्ट बोकारो के एएसआई परितोष कुमार झा द्वारा कांस्टेबल रोहितास सैनी और मेरी सहेली टीम महिला कांस्टेबल सुपर्णा विश्वास तथा महिला कांस्टेबल शिवानी के साथ बोकारो रेलवे स्टेशन की जांच के दौरान रात के लगभग 01.50 बजे एक नाबालिग लड़की देखी गई। यह लड़की बोकारो रेलवे स्टेशन के तुपकाडीह छोर की ओर प्लेटफार्म नंबर-02 पर संदिग्ध तरीके से लक्ष्यहीन होकर घूम रही थी। पूछने पर उसने अपना नाम गंजवा कुमारी, उम्र लगभग 14 वर्ष, पिता- नेतू करमाली, निवासी-खिजरा, पोस्ट- सिमपुर, थाना- कसमार, जिला- बोकारो (झारखंड) बताया। इसके अलावा, उसने यह भी खुलासा किया कि वह अपने माता-पिता को बताए बिना अपने घर से भाग गई थी। उसके पास कोई यात्रा टिकट या कोई यात्रा प्राधिकरण नहीं है।

## पटना-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का नंदगांव स्टेशन पर ठहराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के लिए दिनांक 06.04.2023 से गाड़ी संख्या 13201/13202 पटना-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-पटना एक्सप्रेस का नंदगांव स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर 06 माह के लिए ठहराव प्रदान किया जा रहा है । पटना से दिनांक 06.04.2023 से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 13201 पटना-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस 03.45 बजे नंदगांव स्टेषन पहुंचेगी तथा 03.46 बजे प्रस्थान करेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 13202 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-पटना एक्सप्रेस 19.34 बजे नांदगांव पहुंचेगी तथा 19.35 बजे प्रस्थान करेगी ।

# उग्र छात्रों ने विश्व विद्यालय में जड़ा ताला, किया सड़क जाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बीएड सेकेण्ड सेमेस्टर में फेल हुए सभी 75 प्रतिशत छात्रों ने सोमवार को धनबाद के पॉलिटेक्निक स्थित बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) में जमकर हंगामा किया। कुलपति द्वारा छात्रों से भेंट नहीं करने पर उग्र छात्रों ने विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। साथ ही बेकार बांध के पास धनबाद-पॉलिटेक्निक मुख्य सड़क को भी घंटों जाम रखा। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को समझा कर जाम हटवाया। छात्र कुलपति से मुलाकात करने की जिद पर अड़े थे।

छात्रों ने कहा कि यहाँ पढ़ने वाले छात्र छात्राओं ने दो लाख रुपए फीस जमा किया है। जिसमें सैकड़ों छात्र अपनी पढ़ाई का फीस जमा करने के लिए ट्यूसन पढ़ाते हैं। लेकिन उन सभी छात्रों को गलत तरीके से फेल कर दिया गया। इस संबंध में जब कुलपति से छात्रों ने मिलना चाहा तो उन्हें रोक दिया गया।

## नवजात बच्ची का शव कचड़े के डम्प में मिला

### लोगों ने दी पुलिस को सूचना



**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद में एक बार फिर मानवता शर्मसार हुई है।बेटी बचाव बेटी पढाव के लिये सरकार लोगो को जागरूक कर रही है।वही दूसरी ओर आज भी लोग बेटी को बोझ समझकर उसे फेक दे रहे है। सदर थाना क्षेत्र के रांगाटांड रेलवे कॉलोनी में कचरा डंप में एक नवजात बच्ची का शव पाया गया है। जिसके बाद वहां का स्थानीय लोगों जानकारी पाकर मौके पर जुट गए। स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी।पुलिस मौके पर पहुच जांच पड़ताल कर रही है।

## शराब के नशे में पत्नी को मार डाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले के गावां थाना क्षेत्र के जमडार पंचायत के तारापुर गांव में शराब के नशे में सनकी पति ने लाठी डंडे से पीट-पीट कर अपनी 40 वर्षीय पत्नी की हत्या कर दी.



घटना की सूचना पर पहुंची गांवा थाना पुलिस ने हत्यारे रामचंद्र तुरी को हिरासत में ले लिया. घटना रविवार 2 अप्रैल देर रात की है. पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया है. पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी हुई है. घटना के बाद से इलाके के लोग सकते में हैं. जानकारी के अनुसार रामचंद्र तुरी रविवार की देर रात पत्नी सावित्री देवी के साथ बंद कमरे में शराब पी रहा था. इसी बीच दोनों में कुछ विवाद हुआ और सनक में उसने अपनी पत्नी को पीटना शुरू कर दिया. उसने तब तक दम नहीं लिया, जब तक पत्नी बेदम नहीं हो गई. तारापुर के वार्ड सदस्य विनय कुमार साव ने बताया कि उन्हें सोमवार 3 अप्रैल की सुबह घटना की जानकारी मिली. उन्होंने बताया कि रामचंद्र तुरी अब तक 12 शादियां कर चुका है. सभी पत्नी के साथ वह मारपीट कर उन्हें छोड़ देता था. लेकिन इस बार उसने सारी हदें पार कर दी. मृतका सावित्री देवी के तीन बेटे और एक बेटी है।

## बाबा साहब अम्बेडकर किर्ति पुरस्कार से सम्मानित होंगे डा. सुरेश वर्मा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** एक कहावत है कि प्रतिभा कभी छिपाई जा सकती है, ऐसे हीं प्रतिभा के धनी हैं जमुआ प्रखंड के एक छोटे से गाव नईटाँड के डॉ. सुरेश प्रसाद वर्मा, जिन्हें भारत सरकार के द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर कीर्ति सम्मान 2023 से सम्मानित किया जाएगा, यह सम्मान उनको उनके सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यो में उल्लेखनीय उपलब्धियो के लिए प्रदान किया जा रहा है। इससे पहले भी जनपथ रोड, नई दिल्ली स्थित डॉ. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय हॉल में 25 जनवरी 2023 को डॉ. सुरेश वर्मा को कबीर सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। 25 दिसम्बर 2022 को नई दिल्ली के हिन्दी भवन में एससीएसटी आयोग के उपाध्यक्ष



अरुण हलदर (केन्द्रीय राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) के कर कमलों से डॉ. सुरेश प्रसाद वर्मा को 'भारत सेवा रत्न' से सम्मानित किया जा चुका है। ज्ञात हो कि सुरेश वर्मा जो पेशे से पुलिस अधिकारी है(एसी) और शिक्षा, संस्कृति, शांति के क्षेत्र में उन्होने उल्लेखनीय भूमिका निभाया है। उनके अथक प्रयासों के कारण ही गिरिडीह में एक विश्वविध्यालय की स्थापना होने जा रही है। उन्होंने गिरिडीह में पार्श्वनाथ महोत्सव की भी 2018 में स्थापित की है। वे एक विचारक, लेखक, कवि भी हैं। उनकी लिखी पुस्तक 'पत्तझड़' अमेज़न पर भी उपलब्ध है। ज्ञात हो कि 2018 में ही उनको लोक सेवा में उत्कृष्ट उपलब्धि हेतु 'मानद डॉक्टरेट' से बेंगलुरु में भी सम्मानित किया जा चुका है। यह कार्यक्रम सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान के बड़ी खाटू नगौर राजस्थान के महंत व केंद्र सरकार में टी बोर्ड के सदस्य रहे भारत भूषण महंत श्री डॉ. नानक दास जी महाराज के पहल से राजस्थान के नगौर जिला मुख्यालय से तीस किलोमीटर दूर तरनऊ में बाबा साहेब अंबेडकर के 132 वें जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। विश्व रत्न डॉक्टर अंबेडकर कीर्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सत साहेब श्री सी.आर. चौधरी जी पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार, अध्यक्षता कर रहे पंडित तिलक राज शर्मा मेमोरियल ट्रस्ट संयुक्त राष्ट्र संघ अमेरिका से श्री इंद्रजीत शर्मा जी अति विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. परिन सोमानी निदेशक, लंदन ऑर्गनाइजेशन ऑफ स्किल डेवलपमेंट लिमिटेड, लंदन, यूनाइटेड किंगडम, आचार्य विचार दास जी महराज, कबीर समाधि स्थली मगहर धाम, उत्तर प्रदेश, ज़िम्बाब्वे यूनिवर्सिटी के मानद कुलपति डॉ. सौरभ पांडेय साहब, राष्ट्र लेखक डॉ. अभिषेक कुमार, सहित महान हस्तीयो की पावन उपस्थिति में डॉ. अम्बेडकर स्मारक स्थल तरनाऊ, नागौर, राजस्थान में संपन्न होगा।

## छः वर्षीय अयान अली ने रखा पहला रोजा, लोगों ने दीं ढेरों दुआएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रहमतगंज निवासी अरशद अली के पुत्र अयान अली ने रमजान का पहला रोज़ा रखा। छः साल की उम्र मे पहला रोज़ा रखने पर घर वालों के साथ साथ मिलने जुलने वाले लोगों ने अयान अली को मुबारकबाद दी है। इस मौके पर लोगों ने अयान अली के हौसले की तारीफ करते हुए उसे ढेर सारी दुआएं दी और कहा की अल्लाह इस बच्चे के रोज़ा को कुबूल फरमाए। वहीं अयान ने बताया की घर वालों को देख कर उसके अंदर रोज़ा रखने का ज़ज़्बा पैदा हुआ और आज अल्लाह की रज़ा के लिये उसने रोज़ा रखा और देश व दुनिया की भलाई, अमन व शांति के लिये उसने दुआएं भी की।

## महुदा : लाठी खेल का आयोजन



### लड़कियों ने दिखाया एक से बढ़ कर एक करतब

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के भुरुंगिया गांव में लाठी खेल का आयोजन किया गया। लाठी खेल में महुदा थाना क्षेत्र के कुल 6 टीमो ने भाग लिया। जिसमे बजरंग अखाड़ा दल सेवाग्राम पारजोरिया,कांड्रा, रामपुर टुंडी, कुंभरी, भुरुँगिया सभी ने एक से बढ़कर एक लाठी औजार बेना और झांसी का प्रदर्शन किया इसमें विशेष आकर्षक के रूप में औघड़ ग्रुप रोहित राज सनातनी का का प्रदर्शन रहा।गांव के लड़कियों ने एक से एक करतब दिखाया। खेल का संचालन बिरजू रवानी ने किया।

## रिजल्ट में जानबूझकर असफल करने का छात्रों ने किया विरोध



**बाघमारा :** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के बी ईडी सेमेस्टर टू के एग्जाम में 60 प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राओं को फेल किए जाने के विरोध बीईडी अभ्यर्थियों ने धनबाद के पॉलिटेक्निक मोर के निकट सड़क जामकर विरोध किया। आंदोलन कर रहे छात्रों का दावा किया है कि उन्होंने एग्जाम का बेहतर प्रिपरेशन कर एग्जाम दिया था। लेकिन कुलपति के द्वारा किसी अनजाने विद्वेष को लेकर 60प्रतिशत से अधिक छात्र छात्राओं को असफल कर दिया गया है। उनका जो रिजल्ट आया है उसने किसी ने 7 किसी में 8 तो किसी सब्जेक्ट में 0 मार्क्स मिला है।

## बंद खदान से शव बरामद, हत्या की आशंका



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कोयलांचल में अवैध खदान के बंद मुहाने से एक युवक का शव बरामद हुआ है। सड़ी गली अवस्था में होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पा रही है। अलकडीहा ओपी क्षेत्र में अंडरग्राउंड माइंस के बंद मुहाने से युवक की लाश मिली है। इसके पीछे हत्या की आशंका जताई जा रही है। शव मिलने की खबर से आसपास के गांव में सनसनी है। युवक का शव बरामद होने की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उठवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अलकडीहा ओपी से महज आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित आटा चक्की मोड़ के पीछे अवैध खदान के बंद मुहाने से एक शव मिला है। पुलिस के मुताबिक उसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं अलकडीहा ओपी पुलिस का कहना है कि शव काफी सड़ गया, इसलिए इसकी पहचान करने में कठिनाई हो रही है। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। लेकिन शव की पहचान को लेकर स्थानीय लोगों के बीच ये चर्चा जरूर है कि खदान के मुहाने से पाया गया शव 30 वर्षीय अनांद वर्मा का है। वह तिसरा थाना क्षेत्र के ठाकुर मोड़ के पास रहता था। ठाकुर मोड़ के रहनेवाले महेश वर्मा का छोटा बेटा था और वह आपराधिक प्रवृत्ति का था। अलग अलग थानों में आनंद वर्मा के ऊपर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। तिसरा थाना की पुलिस पिछले दो महीने से बेसब्री के साथ उसकी तालाश कर रही थी। दो आपराधिक मामलों में उसके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी किया गया था।

## टेंपो पलटने से एक की मौत, विरोध में सड़क जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के समीप जीटी रोड पर सोमवार को एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे ऑटो सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य यात्री घायल हो गया। जानकारी के अनुसार उक्त ऑटो राजगंज के मदयाडीह से धनबाद जा रही थी। इसी दौरान ऑटो कल्याणपुर के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के बाद मौके पर चीखपुकार मच गई। मौके जूट ग्रामीणों ने तत्तकाल घायल व्यक्ति को इलाज के धनबाद भेजा। वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने मृत यात्री के शव को उठाने नही दिया।



ग्रामीण मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। साथ ही जीटी रोड पर स्थित घनी आबादी वाले क्षेत्रों में वाहनों की तेज रफ्तार पर रोक लगाने की मांग की। इसके बाद पुलिस के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और शव पुलिस को सौंपा।

## बरगंडा चौक का नाम बदलने का स्थानीय लोगों ने किया विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह शहर के बरगंडा चौक सह दरबान चौक में मैथिली समाज के कुछ लोगों के द्वारा जबरन उक्त चौक का नाम बदलते हुए विद्यापति चौक रखने के मनसा से बरगंडा चौक में विद्यापति चौक संबंधित एक बोर्ड लगाया जा रहा था। जिसका सभी स्थानीय लोगों ने पुरजोर विरोध किया और प्रशासन से बोर्ड हटाने की मांग की। जिसके बाद प्रशासन की उपस्थिति में उक्त बोर्ड को हटाया गया एवं मामले को शांत किया गया। विदित हो कि उक्त चौक का नाम कई वर्षो से मैथिली समाज के लोगों द्वारा परिवर्तित करने का प्रयास



किया जा रहा है। जबकि उक्त चौक पर मैथिली समाज के एक भी व्यक्ति नही रहते है। सभी भिन्न-भिन्न मोहल्ले से ताल्लुक रखते हैं। रविवार को उक्त मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने विश्वनाथ मंदिर के प्रांगण में एक बैठक की। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि उक्त चौक का नाम काफी पहले से ही बरगंडा चौक अथवा दरबान चौक के नाम से जाना जाता है। इसका नाम बदलना कहीं से भी उचित नहीं है और सभी बैठक में यह निर्णय लिए बरगंडा निवासी बरगंडा चौक का नामकरण बदलने को लेकर पुरजोर विरोध करेंगे और नगर निगम व जिला प्रशासन से कानून सम्मत कार्यवाही की मांग करेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से एक कमिटी का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, महासचिव कुंदन केसरी, सचिव कविराज, उपाध्यक्ष रोहित सिंह राजपूत, नंदन दारूका व सुनील साहब, सह सचिव अमित अग्रवाल व प्रभु मंडल के अलावे कार्यकारिणी समिति में रविराज, नीतीश कुमार, सुरेंद्र सिंह, उमेश, विकास, मुकेश, कुणाल, सदानंद साहू, गुड्डू सहित कई लोगों को शामिल किया गया।

## कांग्रेसियों ने पोस्ट कार्ड के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम भेजा संदेश




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त के विरोध में रणधीर वर्मा चौक पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धनबाद जिला अध्यक्ष संतोष सिंह के नेतृत्व में पोस्ट कार्ड के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम आम जनों का त्राहिमाम संदेश भेजने का काम किया। इसी को लेकर आज हाथों में पोस्टकार्ड लिये त्राहिमाम संदेश लिखकर प्रदर्शन किए गये। वक्ताओं का कहना है कि प्रधानमंत्री से अडानी के 20 हजार करोड़ के बारे में पूछने से राहुल गांधी का सदस्यता चली जाती है साथ ही बंगला भी खाली कराया जाता है। अब आप से ही पूछना चाहते हैं की क्या विपक्ष को खत्म करना चाहते हैं।

# राहुल की सांसद सदस्यता समाप्त करवाना लोकतंत्र के लिए घातक है : बंधु तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद की अध्यक्षता में कि गई। इस बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की एवं प्रदेश सचिव सह लोहरदगा विधानसभा के प्रभारी बेलस तिर्की जी आगामी 5 अप्रैल को जिलास्तरीय जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम की सफलता को लेकर कांग्रेसियों से विचार विमर्श करने हेतु विशेष रुप से उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए श्री बंधु तिर्की ने कहा कि आज देश संक्रमण काल से गुजर रहा है,केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए कांग्रेस के लोकप्रिय नेता आदरणीय राहुल गांधी की संसद सदस्यता को साजिश कि तहत रद्द करवा दिया है चुकी राहुल गांधी संसद से लेकर सड़क तक भराष्टाचारी उद्योगपतियों के खिलाफ मुखर होकर जनता की आवाज बुलंद करते रहे है जिस तरह से इस देश की जनता का पैसा को लूट कर बड़े बड़े उद्योगपति मोदी के संरक्षण में देश छोड़कर भाग गए जो लगभग गुजरात राज्य के रहने वाले थे,हाल ही में मोदी के उद्योगपति मित्र अडानी के द्वारा इस देश कि आम जनता का पैसा जो एलआईसी और एसबीआई में है उसे अपने निजी हित के लिए स्तेमाल किया और लगभग 20हजार करोड़ रुपया अवैध तरीके के सेल कंपनी में निवेश किया जिसका खुलासा हिडेनबर्ग रिपोर्ट में किया गया इसी बात को हमारे नेता राहुल गांधी ने मोदी से सवाल किया कि अडानी से आपका क्या रिश्ता है इस बात से घबरा कर मोदी सरकार ने अनान फानन में राहुल की सांसद सदस्यता को समाप्त करवाया है जो इस देश के लोकतंत्र के लिए घातक है इन्हीं बातों को लेकर कांग्रेस पार्टी के एक एक सिपाही केंद्र की भ्रष्ट और तानाशाह मोदी सरकार के खिलाफ संकल्प सत्याग्रह के माध्यम से लोकतंत्र और इस देश की संविधान की रक्षा करने का संकल्प के साथ संघर्ष करेंगे आगामी 5 अप्रैल को प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ,एवं तमाम प्रदेश के बड़े नेताओं का आगमन होगा जिसके लिए जिला के वरिष्ठ नेताओं सभी प्रखंड अध्यक्ष सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्षों को विशेष जिम्मेवारी सौंपी गई है।

# पीएम आवास निर्माण कार्य के अपूर्ण आवास लाभुको की सूची तैयार, शीघ्र होगी प्राथमिकी : बीडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो :** लोहरदगा प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र में पीएम आवास निर्माण कार्य के अपूर्ण लाभुको का सुचि तैयार कर लिया गया है,अब शीघ्र होगी प्राथमिकी। उक्त बातें प्रेस को बताते हुए कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र मे पीएम आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिये प्रखंड कार्यालय के तरफ से अनेको कार्यक्रम किये गये,जैसे पगड़ी बंधाई,अपूर्ण आवास के लाभुक के आवास मे प्रखंड कार्यालय अधिकारियो के द्वारा दीवार जोड़ाई,जैसे कई अनेको कार्यक्रम निर्माण कार्य को पुर्ण करने के



उद्देश्य से प्रखंड कार्यालय के द्वारा कार्यक्रम चलाये गये जिसमे कार्यक्रम से बहुत कुछ सफलता भी प्राप्त हुई,और कार्यक्रम से प्रभावित होकर अधिकतर लाभुको ने कार्य को पुर्ण भी किया।

परन्तु आवास निर्माण कार्य के कुछ अपूर्ण लाभुक जैसे गजनी-सुकरा उराँव,हनहट-अजित उराँव,सुषमा उराँव,राम उराँव,जोगा उराँव,बंधईन उराँव,चुनीलाल भगत,नरौली-सुनीता देवी,सढाबे-सतदेव महली,महेश लोहरा कैरो-बिनोद महली,अर्जुन लोहरा,रेशमी लक्ड़ा , रामेश्वरी देवी,सुकूल उराँव,इन्दुवा उराँव,देवेन्द्र उराँव ये सभी पीएम आवास निर्माण कार्य अपूर्ण किये गये लाभूको का नाम का सुचि है,कारवाई हेतु सारी प्रक्रियाएँ पूरी कर ली गई है ,इन सभी लोगो पर शीघ्र होगी प्राथमिकी ।

## केंद्र सरकार के खिलाफ सत्य बोलने पर राहुल गांधी को मिली सजा : आलोक साहू

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ आज कुडू प्रखंड के ग्राम सुकुमार,ओपा एवं सुंदरु गांव का दौरा कर वहां के कांग्रेसियों एवं ग्रामीणों से मिलकर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में दिनांक 5 अप्रैल को जिला स्तरीय जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम जो लोहरदगा समाहरणालय स्थित मैदान में रखा गया है उसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील किए। श्री साहू ने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर,कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम सहित प्रदेश स्तर के नेता, सांसद उपस्थित रहेंगे। श्री साहू ने कहा कि केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज दबाने का काम कर रही है। राहुल गांधी को केंद्र सरकार के खिलाफ सत्य बात बोलने की सजा मिली है। देश में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। राहुल गांधी लगातार केंद्र की गलत नीतियों, महंगाई, बेरोजगारी, देश की गिरती अर्थव्यवस्था ,किसान जैसे मुद्दे उठा रहे थे। यही वजह है कि 2019 के मामले पर आनन-फानन सजा सुना दी गई। कांग्रेस पार्टी इस फैसले के खिलाफ पूरे देश में जय भारत सत्याग्रह चलाकर जनता के बीच जा रही है। श्री साहू ने कहा कि राहुल गांधी ने अदानी द्वारा किया गया भ्रष्टाचार का मामला को उठाया। जब अदानी का मामला आम जनमानस के बीच पहुंचा तो मोदी सरकार घिरने लगी। भ्रष्टाचार की आंच जब मोदी सरकार के दामन पर लगी तो अपने दामन बचाने के लिए 24 घंटे के अंदर राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कर दी गई । राहुल गांधी पर किए गए कार्रवाई से पूरे देश के कांग्रेसी एवं जनता को आक्रोशित है। आने वाले चुनाव में जनता मोदी सरकार को सबक सिखाएगी। मौके पर लोहरदगा विधानसभा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष लाल विकास नाथ शाहदेव,कांग्रेसी नेता मनीष शर्मा,देवी भगत,दिनेश उरांव,तौहीद अंसारी,समूल अंसारी,गोविंद उरांव,बलदेव उरांव,बबलू उरांव,विष्णु उरांव,सुरेंद्र उरांव,राजेश उरांव,अनिल उरांव,रामजीत उराव, सुशील उरांव,बिकास उरांव,संजीत उरांव, अनीता उरांव,दीपक उरांव,शांति कुमारी, तारामणि उरांव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## कुएं में डूबने से हुई युवक की मौत

**सेन्हा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा भड़गांव ईंट भट्ठा के समीप कुएं में डूबने से युवक अचेत परिजनों ने आनन फानन में अस्पताल में कराया भर्ती चिकित्सकों ने जांचोपरांत किया मृत घोषित। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव ईंट भट्ठा के समीप कुएं पर नहाने के दौरान युवक का पैर फिसल गया जिससे वह कुएं में गिर गया। वहीं ग्रामीणों के सहयोग से अचेत अवस्था में युवक को निकाल कर सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित किया। मृत युवक की पहचान लोहरदगा थाना क्षेत्र अंतर्गत जुरिया सोवरन टोली निवासी स्वर्गीय पांडुवी उराँव के 40 वर्षीय पुत्र बसंत उराँव के रुप में किया गया। बताया जाता है कि बसंत उराँव राजमिस्त्री का काम करता था। जो 1 अप्रैल को अपने ससुराल भड़गांव आकर अपने ससुर का नवनिर्मित पीएम आवास में दरवाजा खिड़की लगाने का काम कर रहा था। इसी बीच अपने ससुर बासुदेव उराँव को बोल कर निकला कि दीवार को काट कर रखिए नाहा कर आते हैं। तो दरवाजा लगाएंगे। लेकिन काफी समय होने पर ससुर अपने कुएं पर जा कर देखा तो नही पाया उसी समय संदेह उतपन हुई तो कुएं में झांक कर देखा तो रस्सी एवं चप्पल कुएं में तैरता दिखा तो ग्रामीणों के मदद से खोज करते हुए कुएं से अचेत अवस्था में निकाल अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उसकी मौत डूबने से हो चुका था। चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषितकर दिया घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस पदाधिकारी स0आ0नि0 जमशेद खान शस्त्र बल के सहयोग से शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई है।

## अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बुलावे पर झारखण्ड के तीनों विधायक पहुचें दिल्ली

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा बुलावा पर झारखण्ड प्रदेश के तीनों विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी कोलेबिरा, राजेश कच्छप खिजरी एवं मोहम्मद इरफान अंसारी विधायक जामताड़ा दिल्ली पहुंचे। दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव आदरणीय श्री के सी वेणुगोपाल जी से मुलाकात हुई। तीनों विधायकों ने आदरणीय श्री वेणुगोपाल जी को पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया। तीनों विधायकों से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव से निलम्बन पर बात हुई। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि आपलोग कांग्रेस के भविष्य हो और आपलोगों का भविष्य उज्वल है। इसलिए मन लगाकर कांग्रेस का कार्य कीजिए।रही बात निलम्बन वापसी का तो बहुत ही जल्द समय निकालकर निलम्बन वापसी की घोषणा कर दी जाएगी। इसके लिए निश्चिंत हो कर रहिए। चूंकि झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी आदरणीय श्री अविनाश पाण्डेय सूरत आदरणीय श्री राहुल गांधी के साथ गै हुए हैं जिस कारण उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। किन्तु अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी संगठन महासचिव आदरणीय श्री वेणुगोपाल जी से सौहार्द पूर्ण माहौल में अच्छे ढंग से बातचीत हुई । तदुपरांत झारखण्ड राज्य से राज्यसभा सांसद आदरणीय श्री धीरज प्रसाद साहू से तीनों विधायकों की बात हुई और श्री साहू जी अपने साथ तीनों विधायकों को संसद भवन लेकर गए।

## पत्रकार की माता का आकस्मिक निधन

**कैरो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदग कैरो प्रखंड क्षेत्र के पत्रकार समीद अंसारी एवं सकील अंसारी की माता 65 वर्षिय खैरुन बीबी का मृत्यु सोमवार दोपहर में हो गया। खैरुन बीबी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। सोमवार को अचानक चक्कर आने से गिर गए वही आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहाँ डॉ ने ब्रेन हेमरेज होने की बात कहते हुए मृत घोषित कर दिया। वही कैरो क़ब्रिस्तान में जनाजे को मगरिब के बाद शुपुर्द ए खाक किया गया। वही जानकारी प्राप्त होते ही लोहरदगा के पूर्व विधायक सुखदेव भगत, नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत,ने शोकाकुल परिवार को घर आकर सांत्वना दिए। वही जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, मुखिया बिरेन्द्र महली,उपप्रमुख मधुलिका रानी,20 सुत्रि सद्स्य शरत कुमार विद्यार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता किशोर भगत,नजीर आलम खान,सुरजमोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन,कैलाश महतो,बजरंग उरांव,विवेक प्रजापति,अनीस अहमद खान,बुधुवा उरांव, प्रभु भगत,पत्रकार वसीम अंसारी, रवि प्रजापति,रामप्रसाद पाल,विनोद रविदास, संजय साहू,संभु सोनी,मृत्युंजय तिवारी,बाबुलाल उरांव,प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो,अंचल अधिकारी कमलेश उरांव,थाना परिवार एवं प्रबुद्ध लोगो ने शोक व्यक्त किया। एवं शोकाकुल परिवार को दुःख की घड़ी में ईश्वर से अपार शक्ति प्रदान कर पुण्य आत्मा की शांति की कामना की गई।

# जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन के बैनर तले हुई वनपालन समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सदर प्रखंड के गरजा पंचायत अंतर्गत जामादोहर राजस्व ग्राम में वनाधिकार कानून 2006 के तहत झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन के बैनर तले वनपालन समिति की बैठक सैहुन केरकेट्टा की अध्यक्षता में किया गया।इस बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन एवं ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर खुशीराम कुमार ने कहा कि अनूसूचित क्षेत्र अन्तर्गत आने वाला सभी प्रकार का गैरमजरूआ जमीन,सी एन टी एक्ट1908,पेसा कानून 1996,पंचायती राज अधिनियम 2001एवं वन अधिकार अधिनियम 2006 में पूर्वजों के दखलकारों को ग्रामसभा के अनुशंसा पर पट्टा देने का प्रावधान है।किन्तु पूर्व की सरकार अपने पूंजीपतियों को देने के उद्देश्य से लैंड बैंक बना कर सभी गैरमजरूआ



जमीन को उसमें डाल दिया।जो ग्रामसभा के अधिकार का हनन है। लेकिन दुर्भाग्य वर्तमान सरकार भी लैंड बैंकिंग को रद्द करने की पहल नहीं कर रही है।जल जंगल जमीन हमें विरासत में मिली है इसलिए हमें इनकी रक्षा करना होगा,साथ ही साथ जंगलों का सदुपयोग करते हुए जंगलों के खर पतवार से जैविक खाद बनाने की विधि को जानना होगा और जैविक खाद का उपयोग अपने खेत टांड में करना होगा। क्योंकि रासायनिक खादों के उपयोग करने के कारण हमें तरह तरह की बीमारियों से ग्रसित होना पड़ रहा है।धन्यवाद ज्ञापन जोन बारला ने किया। इस बैठक सिलास डुंगडुंग,अब्राहम टेटे, जुलयुस केरकेट्टा, जकेरियास डुंगडुंग, पवन कुल्लु, दुलार टेटे, एमानुएल डुंगडुंग, बसन्त कुल्लु, प्रेमदान डुंगडुंग,चार्लस बारला, अशोक डुंगडुंग, दिलीप केरकेट्टा, संजय बघवार, प्रदीप बा, रावेल डुंगडुंग, संजय एक्का कुसुम बघवार, आनंदित बा, रेणुका एक्का, जीवन्ति सोरेंग, बसंती डुंगडुंग,जोशना डुंगडुंग सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिला कांग्रेस कमिटी ने चलाया सत्याग्रह आंदोलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला कांग्रेस कमिटि के जिल अध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में आज सिमडेगा हेलेनपुर बस्ती में जय भारत सत्याग्रह आंदोलन चलाया गया । इस सत्याग्रह आंदोलन के माध्यम कांग्रेस आम जनता से सीधे जुड़ कर देश मे लोकतंत्र की रक्षा संकल्प ले रहा है । चुनाव आते ही ED-CBI जैसी एजेंसियों को भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए छोड़ देती है। प्रधानमंत्री जी के मित्र पर लाखों करोड़ के घोटाले के आरोप लगे हैं, उनपर ये एजेंसियां कार्रवाई क्यों नहीं कर रही हैं? भाजपा के भगोड़े मित्र देश का हजारों करोड़ लेकर उड़ गए, तब ये एजेंसियां कहां थीं? अगर कोई नेता भाजपा ज्वाइन कर ले तो जांच तुरंत बंद हो जाती है। मेघायल में जिस पार्टी को सबसे भ्रष्ट बता रहे थे, उसी के साथ सरकार बना ली और प्रधानमंत्री जी खुद आशीर्वाद देने पहुंचे। कर्नाटक में भाजपा विधायक



के घर से 8 करोड़ कैश मिला, उसे अगले ही दिन जमानत मिल गई। 40त्न कमीशन के लिए बदनाम कर्नाटक की भाजपा सरकार में किसके खिलाफ कार्रवाई हुई? उत्तराखंड और गुजरात जैसे भाजपा की सरकारों वाले राज्यों में भ्रष्टाचार के मामले सामने आये, किसके खिलाफ कार्रवाई हुई? देश की जनता यह अत्याचार देख रही है, समय आने पर जवाब देगी। अब ऐसा होगा क्या? ऐसे देश चलेगा क्या? आपके पास सत्ता है, पैसा है, उद्योगपतियों का साथ है, मीडिया पर जोर जबरदस्ती कर श्वष्ठ ,सीबीआई के डर दिखा कर कंट्रोल कर रखा आई । मोदी जी ये जो कौरवों की तरह आप चक्रव्यूह रच रहे हो कि अभिमन्यु को फंसा लोगे। सोचते हो अपने सेठों के साथ मिलकर चक्रव्यूह बना लोगे। अरे जब कौरवों का चक्रव्यूह टूट गया तो आपका भी तोड़ दिया जाएगा।मत भूलिए, भारत की जनता और कांग्रेस पार्टी आपके इस चक्रव्यूह को तोड़ डालेगी।

आज देश की जनता इस बात को देख रही है। देश का संपूर्ण विपक्ष इस बात को देख रहा है। देश के एक एक इंसान से, एक एक युवा और महिला से, एक एक किसान से, एक एक गरीब से, एक एक व्यापारी से मेरी प्रार्थना है - यह सत्य और सत्ता के बीच युद्ध है।

# बाल विकास परियोजना सभा भवन में पोषण पखवाड़ा का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा :** लोहरदगा भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित बाल विकास परियोजना सभा भवन में सोमवार को पोषण पखवाड़ा का समापन किया गया। इस दौरान भंडरा प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा पोषण संबंधित स्टॉल लगाकर पौष्टिक आहार की जानकारी दिया गया। मौके पर पर्यवेक्षिका नीलम मिंज ने कहा कि 22 मार्च से 31 मार्च तक पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। पोषण पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी सेविका अपने-अपने पोषक क्षेत्र में ग्रामीणों को पौष्टिक आहार को लेकर प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी के अभाव में लोग पौष्टिक आहर का सेवन नहीं करते।

जबकि हमारे घर के किचन गार्डन में ही पौष्टिक आहार होता है। उन्होंने हरी साग-सब्जी,तिरंगा खाना को लेकर ग्रामीणों को रोजाना के आहार में शामिल करने को लेकर प्रेरित करने की बात कही है। मौके पर भंडरा, सेमरा, मसमानो, भौंरो, बलसोता की आंगनबाड़ी सेविका मौजूद थी।

# आज पूरे देश में अराजकता का माहौल व्याप्त है : मोहन दुबे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को सेन्हा प्रखंड कांग्रेश कमेटी की एक आवश्यक बैठक अनिल उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रभारी मोहन दुबे एवं मुस्ताक अहमद उपस्थित हुए। इस बैठक में मुख्य रूप से आगामी 5 अप्रैल को आयोजित जिला स्तरीय भारत सत्याग्रह अभियान को लेकर आवश्यक विचार विमर्श की गई एवं कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक रूपरेखा तय की गई। प्रखंड प्रभारी मोहन दुबे ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की तानाशाही रवैया एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के



पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को झूठे मुकदमे में फंसा कर सजा दिलवाने का काम किया गया एवं आनन-फानन में उनकी संसदीय सदस्यता रद्द कर दी गई।

आज पूरे देश में अराजकता का माहौल व्याप्त है,लोकतंत्र की हत्या की जा रही है, अंग्रेजों के ईस्ट इंडिया कंपनी के तर्ज पर मोदी जी पूरे देश में अदानी और अंबानी के रूप में ईस्ट इंडिया कंपनी पार्ट टू के तहत पूरे देश की अर्थव्यवस्था को गुलामी की जंजीरों में जकड़ना चाह रहे हैं एलआईसी और एसबीआई में गरीबों के लगी हुई हजारों करोड़ रुपयों को अडानी को देने का काम मोदी सरकार कर रही है जिसका विरोध हमारे नेता श्री राहुल गांधी सड़क से लेकर सदन तक कर रहे हैं इससे घबराकर मोदी जी एक षड्यंत्र के तहत उन्हें फंसाने का काम किया है। केंद्र सरकार के इस तानाशाही रवैया के खिलाफ में प्रदेश कॉन्ग्रेस नेतृत्व के निर्देशानुसार भारत सत्याग्रह अभियान का कार्यक्रम आयोजित की गई है जो आगामी 5 अप्रैल को लोहरदगा के समाहरणालय मैदान में जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत एक विशाल सम्मेलन आयोजित की गई है। जिसमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री अविनाश पांडे,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर,विधायक दल के नेता आलमगीर आलम,इस क्षेत्र के लोकप्रिय नेता शह राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू,इस क्षेत्र के विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री सुखदेव भगत एवं प्रदेश के अन्य मंत्री एवं नेता गण शामिल होंगे।

# नाली में बने पुल के छतिग्रस्त होने से आम लोग परेशान, दुर्घटना की बढ़ी संभावना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहर के सबसे व्यस्तम मार्ग पवारगंज चौक के समीप स्थित मुख्य पथ से गोपी लेन जाने वाले रास्ते में पड़ने वाले इस नाली पर बने छतिग्रस्त पुल की सुधि लेने वाला कोई नहीं है। जिसके कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है अभी हाल ही में वहां पर एक बड़ी दुर्घटना से 2 लोगों की जान भी चली गई। वही एनएच सड़क निर्माण में लगे कंस्ट्रक्शन



कंपनी द्वारा भी लोगो की बात अनसुनी कर मनमर्जी कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में वहां के निवासियों ने बताया कि छतिग्रस्त पुल की वजह से पानी का बहाव भी ठीक से नहीं हो रहा है। जिसके कारण कई घरों में भी नाली का पानी प्रवेश कर रहा है वही इस जमे पानी से आ रहे दुर्गंध से आम लोग परेशान है एवं बहुत तरह की बीमारियां फैलने की संभावना है।लेकिन आम लोगो की इस समस्या से न तो नगर परिषद प्रशासन और न ही एनएच में सड़क सह नाली निर्माण कर रही कंपनी कोई ध्यान दे रही है। जिससे लोगो में रोष व्याप्त है।निखिल सर्राफ ने कहा कि नगर परिषद को सिर्फ आम लोगो से टैक्स चाहिए,आम लोगो के सुविधा को लेकर कोई कदम नही उठाती है।

# राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन करेंगे लातेहार हुटाप में अविराम अस्पताल का शिलान्यास : इंद्रजीत कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम ग्रामीण विकास स्वयं सेवी संस्थान के द्वारा आदिवासी,नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आजीविका,शिक्षा,जागरूकता,आदि क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है जिसके अंतर्गत लोहरदगा के टिको की लरका आंदोलन स्थली के समक्ष बीएड,डीएलएड,ओ टी,ड्रेसर,डी एम एल टी,पाठ्यक्रम और लातेहार के हुटाप में बी एस सी नर्सिंग,ए एन एम,और डी फार्मेसी जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है । हुटाप चंदवा ब्लॉक लातेहार जिले का पिछड़ा और नक्सल प्रभावित क्षेत्र है जहां अविराम शिक्षा के द्वारा परिवर्तन लाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। महामहिम राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन से आज 3 अप्रैल 2023 दिन सोमवार को अविराम सचिव इंद्रजीत कुमार ने मुलाकात कर उन्हें अविराम के कार्यो के विषय में बताया और भावी योजनाओं की जानकारी दी जिसमे अविराम के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन और अविराम अस्पताल का शिलान्यास महामहिम ने अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में किए जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की,और प्रसन्नता व्यक्त की कि ऐसे क्षेत्रों में जहां वास्तव में शिक्षा,स्वास्थ्य जैसी सेवाओं की आवश्यकता है अविराम पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है इसके लिए समस्त टीम और सचिव इंद्रजीत कुमार बधाई के पात्र है।

चंदवा में नियमित ही स्वास्थ्य सुविधा नहीं होने से ओझा गुनी या छोला छाप डॉक्टर से इलाज कराके और होने वाली मौतों की सुर्खियों से समाचार पत्र रंगे रहते है।

# डॉ. रामेश्वर उरांव ने मृतक के आश्रितों को आर्थिक सहयोग कर किया संवेदना व्यक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल एवं कार्यकरी जिला अध्यक्ष हाजी सकील अहमद ने मृतक के आश्रितों से किया मुलाकात कांग्रेस पार्टी हर संभव मदद करने का दिया दिलासा मौके पर निशित जायसवाल ने कहा की दिनांक 02/04/2023 को सदर प्रखंड के हेंसल कारी टोली निवासी भगत उम्र 45 वर्ष एवं उनके एकलौता पुत्र 7 वर्षीय हर्ष भगत का दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी जिसकी सूचना माननीय विधायक लोहरदगा सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को हुई इस पर लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव काफी दुख व्यक्त किए एवं मृतकों के आश्रितों के साथ संवेदना व्यक्त किए साथ ही उनके द्वारा मृतक के आश्रितों को विधायक प्रतिनिधि निशित जयसवाल के हाथों आर्थिक सहयोग किया गया।

# मोदी जी का सपना, हर क्षेत्र में महिला हो सशक्त : अर्जुन मुंडा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं का छह दिवसीय दिल्ली भ्रमण का कार्यक्रम का आज समापन हुआ आज सभी कार्यकर्ता राजधानी ट्रेन से झारखंड के लिए रवाना हुई। इससे पूर्व महिला मोर्चा के कार्यकर्ता राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिली एवं राष्ट्रपति भवन अमृत उद्धान भ्रमण भी किया इसके उपरांत केंद्रीय मंत्री के दिल्ली स्थित आवास में सभी महिला मोर्चा के



कार्यकर्ता केंद्रीय मंत्री के साथ भोजन किया एवं उनसे अपने बिचारो को साझा किया। जहां केंद्रीय मंत्री ने महिला कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि आप लोगों ने नेशनल शेड्यूल्ड ट्राइब्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट का सेमिनार में भाग लिया मथुरा एवं वृंदावन का भी भ्रमण किया राष्ट्रपति भवन का विवरण किया इनसे जो अनुभव मिली उस अनुभव को गांव में बांटे और किस तरह से महिला सशक्तिकरण हो इस दिशा में कार्य करें क्योंकि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का भी सपना है कि किस तरह से देश की हर महिला हर क्षेत्र में सशक्त होकर उभरे, महिला सशक्तिकरण के बिना देश को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने का सपना अधूरा है मौके पर महिलाओं ने भी अपने अपने विचारों को केंद्रीय मंत्री के साथ साझा किया कार्यक्रम के उपरांत केंद्रीय मंत्री ने अपने हाथों से सभी महिला कार्यकर्ताओं को उपहार देकर झारखंड के लिए रवाना किया।

## चलते चलते एक नजर

### सरकार के प्रयासों से उपभोक्ताओं के बच रहे सालाना 3500 करोड़ : स्वास्थ्य मंत्री

**नई दिल्ली** : स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवश्यक दवा की कीमतों में इजाफा के आरोप पर आज कहा कि दवा कंपनियों को कीमत बढ़ाने के कानूनी अधिकार होने के बावजूद केन्द्र के प्रयासों से उपभोक्ताओं को अंदाज़न सालाना 3500 करोड़ रुपये की बचत होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने श्रृंखलाबद्ध ट्वीट में कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार में बनाये गए डीपीसीओ 2013 के प्रावधान अनुसार हर साल थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के हिसाब से फ़ार्मा कंपनियां दवा के दाम बढ़ाती या घटाती हैं। इसके बावजूद सरकार ने नवम्बर, 2022 में आवश्यक दवाओं की सूची व दामों पर दोबारा विचार किया था। इसके बाद राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने अधिसूचित दवाओं की मान्य अधिकतम कीमत संशोधित करने का कार्य शुरू किया था। अब तक 870 आवश्यक दवाओं में से 651 की नई अधिकतम कीमत अधिसूचित की जा चुकी है। इससे उच्चतम कीमतों में औसतन 16.62 प्रतिशत की कमी हुई है। इसी के चलते उपभोक्ताओं को अंदाज़न सालाना 3500 करोड़ रुपये की बचत होगी।

### डीएमके, आप, टीएमसी सहित कई विपक्षी दलों ने की जातीय जनगणना की वकालत

**नई दिल्ली** : तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके प्रमुख एम के स्टालिन के नेतृत्व में गठित अखिल भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा में शामिल हुए कई विपक्षी दलों ने जातीय जनगणना करवाने की वकालत की है। सोमवार को महाराष्ट्र सदन में जुटे वाम दल, जदयू, आप, कांग्रेस पार्टी के नेता सहित कई दलों के नेताओं ने सरकार से जातीय आधार पर जनगणना करवाने की मांग रखी। इस सम्मेलन में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, टीएमसी के नेता डेरिक ओबेरॉयन, एनसीपी के नेता छगन भुजबल, फारुख अब्दुल्ला सहित कई नेताओं ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के साथ जुड़ कर जातीय जनगणना की मांग रखी। सम्मेलन में आप के नेता संजय सिंह ने कहा कि आजादी के 75 साल के बाद भी देश में सामाजिक लड़ाई जारी है। सरकार ने साल 2011 के बाद कोई जनगणना नहीं करवाई। देश में जाति आधारित जनगणना करवाई जानी चाहिए। केन्द्र सरकार इससे भाग रही है। आगामी आम चुनावों के मद्देनजर सम्मेलन को एक मोर्चे के रूप में देखे जाने के सवाल पर संजय सिंह ने कहा कि यह राजनीतिक मुद्दा नहीं है, देश में आज भी पिछड़ी जाति के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है, आजादी के 75 साल के बाद भी हाथरस कांड होता है, पिछड़ी जाति, दलित लोगों को आज भी कई तरह के अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। यहां सभी नेता सामाजिक न्याय के लिए एक जुट हो रहे हैं और अपनी बात को कह रहे हैं। वहीं, टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने भी जातीय आधार पर जनगणना करवाने की बात कही। एनसीपी नेता छगन भुजबल ने सभी विपक्षी दलों को इस मुद्दे पर एकजुट होने की मांग की। उन्होंने कहा कि नवीन पटनायक, जगन रेड्डी को भी इस मुहिम में सामाजिक न्याय मोर्चा के साथ आना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में पिछड़ी जाति के लोगों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण को हर हाल में बहाल करना चाहिए।

# बोरिंग कराना निशुल्क होगा : महापौर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : निगम कार्यालय में महापौर अरुणा शंकर से मिलकर बोरिंग करने वाली संस्थान के सदस्यों ने महापौर से अनुरोध किया की हमारा शहर का अधिकांश भाग ड्राइ जॉन है। जहां कई बोरिंग फेल हो जाते है। हम लोगों का आधा रुपया डूब जाता है। तथा बोरिंग कराने वालों को भी काफी आर्थिक नुकसान होता है। इसलिए रजिस्ट्रेशन शुल्क बोरिंग करने वालों से मात्र 10,000 लिया जाए। और बोरिंग कराने वालों का शुल्क माफ की जाए। जिस पर महापौर एवं उप महापौर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्यालय को निर्देशित किया। जितना रजिस्ट्रेशन शुल्क संस्था चाहती है। बोर्ड के प्रत्याशा में की जाए। साथ ही बोरिंग कराने वालों से कोई राशि ना ली जाए। महापौर ने कहा कि पूरे झारखंड में बोरिंग करने एवं कराने वालों से राशि ली जाती है। लेकिन हमारा निगम क्षेत्र ड्राई जॉन होने के चलते हमने निर्णय लिया है कि कोई राशि नहीं ली जाएगी।

**पानी पर राजनीति बर्दाश्त नहीं:महापौरः** महापौर अरुणा शंकर ने उपमहापौर मंगल सिंह तथा नगर आयुक्त के साथ सिंचाई कॉलोनी पानी टंकी का निरीक्षण करते हुए निगम कर्मी छोटेलाल को निर्देशित करते हुए कहां जहां-जहां पाइपलाइन से पानी रोका जा रहा तुरंत खोलें और जो लोग व्यवधान करेंगे बताएं प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी द्य महापौर ने कहा लोक पानी के साथ राजनीति ना करें उस पर सबों का हक है।

## राहुल पर भाजपा का तंज, खुद को ज्यादा बड़ा दिखाने से कुछ नहीं मिलेगा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को राहुल गांधी की कोर्ट में पेशी पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी को सरल सहज भाव से पिछड़े वर्ग के अपमान पर माफी मांगनी चाहिए। खुद को ज्यादा बड़ा दिखाने से कुछ नहीं मिलने वाला है।केन्द्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू और भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पार्टी पर एक परिवार को देश और कानून से ऊपर रखने का आरोप लगाया।किरण रिजिजू ने कहा कि पहली बार किसी कांग्रेस नेता को कोर्ट से सजा नहीं मिली है। इससे पहले भी पीवी नरसिम्ह राव जैसे नेता कोर्ट से सजा पा चुके हैं लेकिन राहुल गांधी के मुद्दे पर कांग्रेस अलग से व्यवहार कर रही है। राहुल गांधी को लेकर पार्टी ड्रामा कर रही है ताकि न्यायालय पर दवाब बनाया जा सके।उन्होंने कहा, ÷जब पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्ह राव को अदालत द्वारा दोषी ठहराया गया तो कांग्रेस चुप थी। पी चिदंबरम और डीके शिवकुमार को भी समर्थन नहीं मिला, जो जमानत पर बाहर हैं। केवल राहुल गांधी के लिए कांग्रेस नाटक कर रही है, क्योंकि वे एक परिवार को भारत और उसके कानूनों से ऊपर मानते हैं। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सहज सामान्य से न्यायिक प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी 'लश्कर-ए-जर्रार' लेकर पहुंचे। इसके पीछे राहुल गांधी की मंशा क्या थी, क्या वे अपने अहम का प्रदर्शन करना चाहते थे, क्या वे न्यायपालिका पर दवाब डालना चाहते थे, क्या वे जांच एजेंसियों को धमकाना चाहते थे।

## अल्पसंख्यकों की रक्षा जरूरी, पांच दिनों तक रामनवमी की शोभायात्रा क्यों : ममता



**एजेंसी**

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल में गत गुरुवार यानी रामनवमी के दिन से लगातार हो रही हिंसक झड़प की घटनाओं पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ी बात कही है। पश्चिम मेदिनीपुर के खेजूरी में सोमवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि रामनवमी की शोभायात्रा पांच दिनों तक क्यों होगी? उन्होंने हिंदू समुदाय का आह्वान करते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों की रक्षा जरूरी है। आगामी छह अप्रैल होने वाली हनुमान जयंती को लेकर प्रशासन को सतर्क रहने का निर्देश देते हुए ममता ने कहा कि हंगामें की साजिश रचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने सभी जिलों के अधिकारियों को इसके लिए सतर्क रहने को कहा। शोभायात्रा के आयोजन कर्ताओं को लेकर ममता ने कहा कि तुम लोग रैली निकालो कोई आपत्ति नहीं है। मैंने तो कभी रोका नहीं लेकिन बंदूक लेकर क्यों रैली निकालोगे? रिसड़ा में भी अशांति हुई है। इस तरह की घटना बार-बार क्यों हो रही है? ममता ने कहा, ÷रमजान महीना चल रहा है। हिंदू भाई-बहनों से मेरा अनुरोध है कि अल्पसंख्यकों के साथ खड़े रहें। उनकी रक्षा करें ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटे।÷ उन्होंने कहा जिन लोगों ने भी अशांति की है, उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। ममता ने कहा कि जिन्होंने गाड़ियां जलाई हैं और सरकारी संपत्ति को नष्ट किया है उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी।

# बंगाल में चल रहा है जंगलराज : भाजपा



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में रामनवमी के दिन हुई हिंसा के बाद भारतीय जनता पार्टी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमलावर हो गई है। पश्चिम बंगाल की भाजपा महासचिव लॉकेट चटर्जी ने ममता बनर्जी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बंगाल में जंगलराज चल रहा है, यहां हिन्दू-मुस्लिम को बांटा जा रहा है। मुस्लिम लोगों को खुश करने के लिए ममता बनर्जी ने सबको खुला छोड़ दिया है।

सिर्फ रामनवमी पर ही नहीं बल्कि दुर्गा विसर्जन, सरस्वती पूजा शोभायात्रा पर हमला होता है। उन्होंने कहा कि इस घटना की एनआईए द्वारा जांच होनी चाहिए। वोट बैंक की राजनीति के चलते पुलिस हिंदुओं को गिरफ्तार कर रही है। सोमवार को प्रेसवार्ता में मालदा से भाजपा सांसद खगेन मुर्मू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ-सबका विकास मंत्र के साथ काम कर रहे हैं और सभी वंचितों को (हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाइयों) को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे हैं लेकिन बंगाल में ममता बनर्जी इन योजनाओं को लागू नहीं होने दे रही हैं।

## जी20: ईडब्ल्यूजी के तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए रणनीतियों पर जोर देने का आह्वान



**एजेंसी**

**गुवाहाटीः** भारत के केंद्रीय श्रम और रोजगार और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने जी20 देशों से आह्वान किया कि वे वैश्विक कौशल अंतराल, गिग और प्लेटफार्म अर्थव्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा के सतत वित्तपोषण को रोजगार कार्य समूह (ईडब्ल्यूजी) के तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए रणनीतियों पर विचार-विमर्श करके उन्हें स्पष्ट करें। आज असम के गुवाहाटी में दूसरे रोजगार कार्य समूह (ईडब्ल्यूजी) की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने चालू वर्ष के फरवरी में जोधपुर में आयोजित पहली ईडब्ल्यूजी बैठक के दौरान हासिल की गई उल्लेखनीय प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि जी20 प्रतिनिधियों, भागीदारों और मेहमानों के सामूहिक प्रयासों ने ईडब्ल्यूजी के तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए एक ठोस नींव रखी है। इन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए पहली बैठक सभी के लिए बेहतर दुनिया बनाने की प्रतिबद्धता का एक वसीयतनामा है।

तेली ने कहा कि मंत्रिस्तरीय विज्ञप्ति तैयार होने के बाद संबंधित मंत्रालयों द्वारा अपने देशों में विचार-विमर्श को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जी20 देशों में इसके अंतिम कार्यान्वयन के माध्यम से वैश्विक अर्थव्यवस्था की भविष्य की दिशा को परिभाषित करने के लिए विज्ञप्ति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ठोस परिणामों की ओर बढ़ने के लिए सामूहिक और रचनात्मक संवाद की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जी20 देशों को इन चर्चाओं को अत्यंत सावधानी और जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए, विश्व स्तर पर सार्वजनिक नीति को इस तरह से डिजाइन करने की आवश्यकता है ताकि यह सबसे कमजोर, सबसे वंचित और गरीबों तक पहुंचे, ताकि उन्हें उचित समय सीमा के भीतर मुख्य धारा में लाया जा सके।

असम सरकार के पर्यावरण और वन, एक्ट ईस्ट पॉलिसी अफेयर्स और अल्पसंख्यकों के कल्याण मंत्री चंद्र मोहन पटवारी ने भी सभा को संबोधित किया। जी20 में जनभागीदारी के एक हिस्से के रूप में श्रम मुद्दों को संबोधित करने पर छात्रों द्वारा निबंधों के संकलन का भी इस कार्यक्रम में अनावरण किया गया।

बैठक के पहले दिन सस्टेनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप, डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप, एजुकेशन वर्किंग ग्रुप, जी20 एंटरप्रेन्योरशिप रिसर्च सेंटर और एल20, बी20 चेयर जैसे विभिन्न प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर केंद्रित सत्र शामिल थे।

सस्टेनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप ने पहली प्रस्तुति का नेतृत्व किया और जी20 फाइनेंस ट्रैक के साथ ईडब्ल्यूजी का सहयोग तीसरे प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्र यानी सामाजिक सुरक्षा के सतत वित्त से संबंधित है।

### इंदौर बावड़ी हादसाः जिला प्रशासन ने मंदिर समेत अन्य स्थानों पर चलाया बुलडोजर

**इंदौरः** रामनवमी के दिन बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर स्थित बावड़ी धंसने की घटना से सबक लेते हुए इंदौर नगर निगम और पुलिस ने सोमवार को मंदिर के अलावा तीन अन्य स्थानों पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है।

प्रशासनिक अफसरों के मुताबिक, बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर की बावड़ी को मलबे से भरा जाएगा। नगर निगम का अमला सुबह से ही बावड़ी हादसे वाले स्नेह नगर गार्डन और मंदिर, ढक्कन वाला कुआं, सुखलिया और गडरा खेड़ी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में जुटा हुआ है। गडरा खेड़ी में फुटपाथ के नीचे दबे हुए कुएं को नगर निगम ने अतिक्रमण मुक्त कराया। इसके ऊपर फुटपाथ बना था और खाटू श्याम मंदिर की दीवार बनी थी और टीनशेड का निर्माण कर दुकान बनी हुई थी।

# पौधा और कलश से होती है ब्रह्मांड की सुरक्षा : कौशल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिले के केतार प्रखंड के विख्यात मां चतुर्भुजी शक्ति पीठ मंदिर में कलश स्थापन के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ नेपाल के रुद्राक्ष, कर्नाटक के चंदन, हिमाचल के कपूर का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

वहीं उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्मगुरु ने पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। मंदिर परिसर में चैत माह में सदियों से एक माह का मेले लगते आ रहा है। उन्होंने कहा कि कलश और पौधा दोनों एक दूसरे का पूरक है इसलिए कलश यात्रा में या स्थापना में पौधों की स्थापना अत्यंत जरूरी होता है। क्योंकि कलश के जल से धरती पर के जीवन और पौधा से ब्रह्मांड के तमाम जीवन की सुरक्षा होती है। छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि इसके पहले भी उनके पूजनीय पिता के द्वारा गढ़वा के ब्रह्म स्थान मंदिर प्रांगण,केतार लोहिया समता उच्च विद्यालय, चतुर्भुजी मां के मंदिर प्रांगण और पांचाडुमर थाना परिसर में लगाए गए पौधे आज फल फूल दे रहे हैं। अपने पिताके द्वारा लगाए गए उन पौधों को देखकर आज परिवार के सभी सदस्य अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।छतरपुर के पंचायत डाली बाजार के मुखिया सह विपिएसए संस्था के प्रधान सचिव पूनम जायसवाल ने कहा कि बचपन से ही इस मंदिर में पूजा अर्चना करते आ रही हूं।देवी की बहुत बड़ी महिमा है।ससुराल से भी पूरे परिवार के साथ मां का आशीर्वाद लेने आती रहती हूं। मंदिर के पुजारी और मेला कमेटी के लोगों में बालमुकुंद पाठक, हेमंत पाठक, कामेश्वर वैद्य, रमेश दुबेदी, विनोद वैद, उदयशंकर बैद, सुदामा त्रिपाठी, शिव शंकर वैद्य ने कहा कि पर्यावरणविद के द्वारा इसके पहले लगाए गए पौधे फल फूल दे रहे हैं। मंदिर के पुजारी ने पर्यावरणविद से पुनः जुलाई में मन्दिर परिसर में पौधरोपण का निमंत्रण भी दिया है। कार्यक्रम के प्रमुख लोगों में यूनिक प्लाई के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल, गौतम कुमार , ओमप्रकाश सिंह , कोमल जायसवाल , अवध किशोर, शिल्पा जायसवाल, आराध्या जायसवाल, आशिका जायसवाल, मुसाफिरखाना भाई आद्रिका, अनुषा, संतोष, मालदेव समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अब भारतीय हज यात्रियों को मिलेगा कैशलेस यात्रा का तोहफा



**एजेंसी**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय ने भारत से हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को कैशलेस यात्रा का तोहफा देने का फैसला किया है। इसके लिए मंत्रालय ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ हाथ मिलाया है। इसके तहत हज यात्रियों को विदेशों में यूज होने वाले ट्रैवल कार्ड उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है। गौरतलब है कि एसबीआई ने हज यात्रियों को हज यात्रा पर जाने से पहले सभी इंबारकेशन प्वाइंट और देश के 100 बड़े शहरों में रुपये के बदले सऊदी अरब की करेंसी रियाल के अलावा डॉलर उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की है। एसबीआई ने मंत्रालय के साथ मिल कर हज यात्रियों का दुर्घटना बीमा करने की भी योजना बनाई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नियम के अनुसार विदेश यात्रा पर जाने वाले प्रत्येक यात्रियों को अपने साथ 10000 डॉलर ले जाने की अनुमति है। हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों पर भी यह नियम लागू है।

इससे पहले हज कमेटी ऑफ इंडिया के जरिए हज यात्रियों से आवेदन फार्म की प्रक्रिया पूरे होने के बाद किस्तों के माध्यम से यात्रियों से रुपये जमा कराये जाते थे। इसमें यात्रियों को यात्रा से पहले 2100 रियाल सऊदी अरब में यात्रा के दौरान खर्च करने के लिए दिया जाता था लेकिन इस बार अल्पसंख्यक मंत्रालय ने 2100 रियाल वापस देने की योजना पर रोक लगा दी है।

अब यात्रियों को सीधे तौर से रियाल या विदेशी मुद्रा की व्यवस्था खुद से करनी है। मंत्रालय का मानना है कि भारत से जाने वाले अधिकांश यात्री गरीब और कमजोर वर्ग से संबंध रखते हैं। इसलिए उन्हें अपने हिसाब से उनकी जितनी जरूरत है, उतना डॉलर या सऊदी रियाल ले जाने की छूट दी गई है। मंत्रालय का यह भी मानना है कि इससे ऐसे बहुत सारे यात्रियों को लाभ मिलेगा, जो कम खर्च में हज यात्रा पूरा करना चाहते हैं।

### तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे भूटान नरेश

**नई दिल्ली :** भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक सोमवार को तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। यहां विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने उनका स्वागत किया। कल मेहमान नेता का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी के साथ मिलने का कार्यक्रम है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर कहा, भूटान नरेश का भारत में हार्दिक स्वागत है, नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक थोड़ी देर पहले भारत पहुंचे। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की । विदेश मंत्री शाम को भूटान नरेश से ताज होटल में मिलने जायेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। उनके साथ विदेश और विदेश व्यापार मंत्री ल्योंपो डॉ. टांडी दोरजी और भूटान की शाही सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी हैं।

# वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय रेलवे ने हासिल की कई उपलब्धियां, रिकॉर्ड माल ढुलाई की



**एजेंसी**

**गुवाहाटीः** भारतीय रेलवे (आईआर) ने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान माल ढुलाई, विद्युतीकरण, नई लाइनें बिछाने, दोहरीकरण, आमान परिवर्तन, लोको उत्पादन और इसके साथ ही सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी के एकीकरण सहित विभिन्न श्रेणियों में शानदार उपलब्धियां हासिल कीं हैं।

पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने सोमवार को वित्त वर्ष 2022-23 में हासिल उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

माल ढुलाई और राजस्वः आईआर ने वित्त वर्ष 2021-22 के 1418 एमटी की तुलना में वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 1512 एमटी की माल ढुलाई की है, और इस तरह से माल ढुलाई में 6.63 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। यह किसी एक वित्त वर्ष में भारतीय रेलवे द्वारा की गई अब तक की सर्वाधिक माल ढुलाई है। भारतीय रेलवे ने 2021-22 के 1.91 लाख करोड़ रुपये की तुलना में वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 2.44 लाख करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया है जो कि 27.75 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। भारतीय रेलवे ने 'हंग्री फॉर कार्गो' के मूलमंत्र को अपनाते हुए 'कारोबार करने में आसानी' के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी दरों पर सेवा उपलब्धता को बेहतर करने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप पारंपरिक और गैर-पारंपरिक कमोडिटी दोनों से ही जुड़ा नया व्यवसाय रेलवे को प्राप्त हो रहा है।

व्यवसाय विकास इकाइयों के ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण एवं कार्यकलापों के साथ-साथ अत्यंत प्रभावकारी नीति निर्माण से रेलवे को यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने में काफी मदद मिली है।

रिकॉर्ड विद्युतीकरणः भारतीय रेलवे 'मिशन 100 प्रतिशत विद्युतीकरण' को पूरा करने के लिए बड़ी तेजी से प्रगति कर रहा है और इसकी बदौलत दुनिया में सबसे बड़ा हरित रेलवे नेटवर्क बन गया है। भारतीय रेलवे के इतिहास में 2022-23 के दौरान 6,542 आरकेएम का रिकॉर्ड विद्युतीकरण किया गया है। पिछला रिकॉर्ड विद्युतीकरण 2021-22 के दौरान 6,366 आरकेएम का किया गया था, और इस तरह से 2.76त्र की वृद्धि दर्ज की गई।

नई लाइनों (नई लाइनें बिछाने, दोहरीकरण, आमान परिवर्तन) के मामले में 2021-22 के 2909 किमी की तुलना में 2022-23 के दौरान 5243 किमी हासिल किया गया। इस प्रकार हर दिन औसतन 14.4 किमी लंबा ट्रैक बिछा दिया जाता है। यह अब तक की सर्वाधिक कमीशनिंग भी है।